RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 20
फरीदाबाद, मंगलवार, 23 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए   YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



नया हो या पुराना हर स्मार्टफोन के लिए जरूरी है ये मोबाइल एसेसरीज
पेज- 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 19,744 | ▼ | 1145 |
| निफ्टी | 14,675 | ▼ | 306 |
| सोना | 46,013 | ▲ | 278 /10 gm |
| चांदी | 68,587 | ▲ | 265 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 30.09°C
न्यूनतम 14.09°C

## क्विक न्यूज

### होटल में मृत मिले सांसद डेलकर, मिला सुसाइड नोट

**मुंबई।** दादरा और नगर हवेली से लोकसभा सदस्य मोहन डेलकर दक्षिण मुंबई के एक होटल में मृत पाए गए हैं। उनका शव मरीन ड्राइव पर होटल सी ग्रीन में मिला। पुलिस को उस कमरे से गुजराती में लिखा एक सुसाइड नोट भी मिला है। उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। डेलकर की उम्र 58 साल थी और वे निर्दलीय सांसद थे। वे 1989 में पहली बार सांसद बने थे। तब से अब तक वे 7 बार लोकसभा के लिए चुने जा चुके थे। उन्होंने 1989 से 2004 तक लगातार 6 बार लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। डेलकर के परिवार में पत्नी कलाबेन डेलकर, दो बच्चे अभिनव और दिविता हैं।

### 'अभी नए संसद भवन के निर्माण की जरूरत नहीं'

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि केंद्र सरकार ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीएलएडी) कोष योजना को निलंबित कर दिया है, लेकिन वह नए संसद भवन के निर्माण का काम आगे बढ़ा रही है, जिसकी कोविड-19 महामारी के दौरान अभी कोई जरूरत भी नहीं है। सुले ने ठाणे जिले के अम्बरनाथ कस्बे में आगामी निकाय चुनाव प्रचार के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सेंट्रल विस्टा परियोजना पर 800 करोड़ से 1000 करोड़ रुपये तक खर्च करने जा रही है।

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा होगा नाम

**लखनऊ।** यूपी विधान मंडल में सोमवार को पेश 2021-22 के बजट में अयोध्या में निर्माणाधीन हवाई अड्डे का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा अयोध्या रखने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बजट में 101 करोड़ की व्यवस्था की गई है। अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने की योजना है। पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी थी। इसके बाद से धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या के प्रति देश-दुनिया में आकर्षण बढ़ा है।

### शत प्रतिशत साक्षरता के लिए कार्यक्रम शुरू करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार 2030 तक शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रौढ़ शिक्षा की नई योजना नव भारत साक्षरता कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया, प्रौढ़ शिक्षा संबंधी यह केंद्र प्रायोजित नई योजना वर्ष 2021-26 के दौरान लागू की जाएगी।

आज का राशिफल 23 फरवरी
>> पढ़े पेज-10

### मध्यप्रदेश के बाद पुदुचेरी में कांग्रेस सरकार गिराई

# सीएम नारायणसामी ने फ्लोर टेस्ट से पहले ही सौंपा इस्तीफा

**एजेंसी। पुदुचेरी**

**केंद्र** शासित प्रदेश पुदुचेरी में कांग्रेस की अगुआई वाली सरकार आखिरकार गिर ही गई। सियासी उठापठक के बीच कुछ इस तरह के हालात बने कि सीएम वी नारायणसामी ने सोमवार को होने वाले फ्लोर टेस्ट से पहले रविवार को उपराज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने अपने विधायकों के साथ सदन से वॉकआउट कर दिया। कुछ देर बाद ही वे राजभवन पहुंचे और उपराज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया। विधानसभा के विशेष सत्र में नारायणसामी ने कहा, हमने द्रमुक और निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। इसके बाद हमने कई चुनाव देखे। सभी उपचुनावों में हमने जीत दर्ज की। एक बात साफ हो चुकी है कि पुदुचेरी के लोगों का हम पर भरोसा है।

नारायणसामी ने सरकार गिरने का ठीकरा केंद्र की मोदी सरकार पर फोड़ा। उन्होंने कहा कि पूर्व एलजी किरण बेदी और केंद्र सरकार ने विपक्ष के साथ मिलकर सरकार गिराने की कोशिश की। अगर हमारे विधायक हमारे साथ होते, तो सरकार पांच साल चलती। केंद्र से हमने फंड मांगा था, उसे न देकर सरकार ने पुदुचेरी के लोगों के साथ धोखा किया। सीएम ने यह आरोप भी लगाया कि पुदुचेरी पर हिंदी अपनाने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु और पुदुचेरी में हम दो भाषाओं को स्वीकार करते हैं, लेकिन भाजपा हम पर जबरन हिंदी थोपना चाहती है।

विधानसभा के विशेष सत्र में सीएम नारायणसामी ने केंद्र की मोदी सरकार को कोसा। बाद में मीडिया से कहा कि स्पीकर ने नॉमिनेटेड विधायकों को वोटिंग का अधिकार देकर हमारी सरकार गिरा दी। यह लोकतंत्र की हत्या है। नारायणसामी सरकार का संकट 25 जनवरी को शुरू हुआ था। उस दिन पीडब्ल्यूडी मंत्री नमस्सिवयम और थीप्पाइंजन ने विधायक पद से इस्तीफा दिया था। तीन दिन बाद ही 28 जनवरी को उन्होंने दिल्ली पहुंचकर भाजपा का दामन थाम लिया। इसके 21 दिन बाद 15 फरवरी को मल्लादी कृष्णा राव ने भी विधायकी छोड़ दी। 15 फरवरी को ही पार्टी के सीनियर लीडर राहुल गांधी हालात संभालने पुदुचेरी पहुंचे, लेकिन बात नहीं बनी। उल्टा, अगले ही दिन 16 फरवरी को विधायक जॉन कुमार का भी इस्तीफा हो गया। कांग्रेस के एक विधायक धनवेलु को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण पिछले साल जुलाई में ही अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

### राजस्थान में कुर्सी बचाने को जीतोड़ परिश्रम कर रहे गहलोत | देश में कांग्रेस अब राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में



#### आगे ये चार स्थितियां हो सकती हैं

- उपराज्यपाल सुंदरराजन, नारायणसामी को चुनाव तक केयरटेकर के तौर पर मुख्यमंत्री पद संभालने को कह सकती हैं।
- वे रंगास्वामी की अगुआई वाले विपक्ष को सरकार बनाने के लिए बुला सकती हैं।
- वे केंद्र से विधानसभा चुनाव तक राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश कर सकती हैं। ऐसा रंगास्वामी को बहुमत साबित करने के लिए बुलाने से पहले या उसके बाद भी किया जा सकता है।
- नारायणसामी भी राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए उपराज्यपाल से सिफारिश कर सकते हैं। हालांकि, उनकी सरकार बहुमत खो चुकी है, ऐसे में अब उपराज्यपाल उनकी सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं हैं।

#### कुछ दिन पहले ही बेदी को हटाया गया था एलजी पद से

16 फरवरी को कांग्रेस के चौथे विधायक का इस्तीफा होते ही केंद्र की मोदी सरकार एक्शन में आई और आनन-फानन में किरण बेदी को उपराज्यपाल पद से हटा दिया गया। उनकी जगह तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को प्रभार सौंपा गया। सुंदरराजन ने सरकार से 22 फरवरी को बहुमत साबित करने का निर्देश दिया। 22 फरवरी (सोमवार) को फ्लोर टेस्ट होना था। इससे एक दिन पहले ही कांग्रेस के एक और विधायक लक्ष्मीनारायणन और इसके बाद सहयोगी दल डीएमके के वेंकटेशन ने भी विधायकी छोड़ दी। इसके साथ ही नारायणसामी सरकार अल्पमत में आ गई और उसका सरकार बचा पाना मुश्किल हो गया।

#### 11 महीने में कांग्रेस के हाथ से दूसरा राज्य फिसला

2020 की शुरुआत में कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, पुदुचेरी और महाराष्ट्र में सत्ता में थी। पिछले साल उसके हाथ से सबसे पहले मध्यप्रदेश निकला, जब ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक विधायकों ने कमलनाथ से बगावत कर दी। मार्च 2020 में कमलनाथ को इस्तीफा देना पड़ा। अब कांग्रेस को दूसरा झटका पुदुचेरी में मिला है। अब कांग्रेस की सरकार राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में है। महाराष्ट्र में वह शिवसेना-एनसीपी के साथ गठबंधन में है। राजस्थान, पंजाब और छत्तीसगढ़ में वह अकेले दम पर सरकार चला रही है। इनमें भी राजस्थान का मामला नाजुक है, जहां जुलाई-अगस्त 2020 में डिप्टी सीएम रहे सचिन पायलट सीएम अशोक गहलोत से बगावत कर चुके हैं। गहलोत एक बार फ्लोर टेस्ट पास कर चुके हैं, लेकिन दोबारा बगावत होने की स्थिति में उन्हें फिर बहुमत साबित करना होगा।

### चुनाव से पहले पीछे लगी सीबीआई

# सीबीआई और ईडी ही भाजपा के सहयोगी : रॉय

**एजेंसी। कोलकाता**



सौगत रॉय, तृणमूल सांसद

#### कोयला घोटाले में अभिषेक की साली से सीबीआई ने की पूछताछ

#### आज बनर्जी की पत्नी रुजिरा से होगी पूछताछ

**कोयला** घोटाले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का परिवार घिरता नजर आ रहा है। सोमवार को ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी की साली मेनका गंभीर से सीबीआई ने तीन घंटे तक पूछताछ की। सीबीआई ने कोयला घोटाले और पैसों के हेर-फेर को लेकर कई सवाल किए। अब मंगलवार को अभिषेक की पत्नी रुजिरा बनर्जी से भी पूछताछ होगी। रुजिरा को सीबीआई ने सोमवार को ही बुलाया था, लेकिन उन्होंने पत्र लिखकर एक दिन का वक्त मांगा था। मंगलवार सुबह 10 से शाम 3 बजे तक रुजिरा से उनके घर पर पूछताछ करेगी।

अभिषेक ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि रविवार दोपहर दो बजे सीबीआई ने मेरी पत्नी के नाम का नोटिस दिया। हमें कानून पर पूरा भरोसा है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि इस तरह से वे हमें डराने में कामयाब हो जाएंगे, तो यह उनकी बहुत बड़ी भूल है। हम उनमें से नहीं, जिन्हें झुकाया जा सके। इस बीच, तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने कहा कि भाजपा के साथ कोई सहयोगी नहीं है। सीबीआई और ईडी ही उनके सहयोगी हैं। अपने इन्हीं सहयोगियों की मदद से वे अन्य पार्टियों को धमकाते हैं और तृणमूल पर दबाव बनाते हैं। हमारे नेताओं को जो भी नोटिस दिया गया है, उसका कानूनी तरीके से मुकाबला करेंगे।

### याचिका पर सोनिया और राहुल से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और सांसद राहुल गांधी से जवाब मांगा है। भाजपा सांसद स्वामी ने नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।



नेशनल हेराल्ड केस

निचली अदालत ने उनकी याचिका में पेश किए गए प्रमुख साक्ष्यों के आधार पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी एवं अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाए जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने सोनिया और राहुल गांधी, एआईसीसी महासचिव ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और 'यंग इंडिया' (वायआई) से 12 अप्रैल तक स्वामी की याचिका पर जवाब देने को कहा।

### हुगली में रेलवे के प्रोग्राम से ममता का किनारा

# प्रधानमंत्री बोले, बंगाल अब पोरिबर्तन का मन बना चुका



**एजेंसी। कोलकाता**

#### मार्च के पहले हफ्ते में कभी भी चुनाव की घोषणा हो जाएगी: मोदी

#### प्रधानमंत्री का दो मार्च तक 5 चुनावी राज्यों का सरकारी दौरा है फिक्स

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी सोमवार को महीने में तीसरी बार पश्चिम बंगाल पहुंचे। हुगली में उन्होंने कहा कि अब पश्चिम बंगाल पोरिबर्तन (बदलाव) का मन बना चुका है। टीएमसी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष की बात करने वाले बंगाल के विकास के आगे दीवार बनकर खड़े हो गए हैं। इधर, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम से दूर ही रहीं।

मोदी ने कहा, आप लोगों की यह उमंग, ऊर्जा कोलकाता से दिल्ली तक बहुत बड़ा संदेश दे रही है। अब पश्चिम बंगाल पोरिबर्तन (बदलाव) का मन बना चुका है। आज इस वीर धरा से पश्चिम बंगाल अपने विकास के संकल्प को सिद्ध करने के लिए बड़ा कदम उठा रहा है। हुगली की पश्चिम बंगाल की रेल और मेट्रो कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट के शिलान्यास और लोकार्पण के लिए, बंगाल के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत बधाई देता हूं।

इधर, असम में पीएम मोदी ने कहा कि मार्च के पहले हफ्ते में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। हालांकि, अब तक चुनाव तारीखों की घोषणा चुनाव आयोग ही करता आया है। ऐसे में मोदी के इस अनुमान ने सियासी चर्चाओं को हवा दे दी। प्रधानमंत्री ने असम में अपने भाषण में कहा, 'मैं जानता हूं कि अब आप चुनाव का इंतजार कर रहे होंगे। पिछली बार जब चुनाव घोषित हुआ था, तो शायद 4 मार्च को इसका ऐलान हुआ था।

प्रधानमंत्री मोदी का 2 मार्च तक 5 चुनावी राज्यों का सरकारी दौरा फिक्स है। इस दौरान वे कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे या आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल, 28 फरवरी को पश्चिम बंगाल, 1 मार्च को तमिलनाडु और 2 मार्च को असम का दौरा करेंगे। वहीं, 7 मार्च को वे कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में भाजपा की जनसभा में शामिल होंगे। इसी दिन पश्चिम बंगाल में पार्टी की पांचों परिवर्तन यात्राओं का समापन होगा। पश्चिम बंगाल (294 सीटें), असम (126 सीटें), केरल (140 सीटें), तमिलनाडु (232 सीटें) और पुदुचेरी (30 सीटें) में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में जहां भाजपा सत्ता में वापसी की कोशिशों में जुटी है। वहीं, पश्चिम बंगाल में उसके सामने पिछले 10 साल से सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस है। तमिलनाडु और केरल में भी भाजपा एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है।

# ढाई साल बाद कवि वरवर राव को जमानत मिली

**एजेंसी। मुंबई**

**भीमा** कोरेगांव हिंसा मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने कवि-कार्यकर्ता वरवर राव (81) को बेल दे दी। राव को उनकी खराब सेहत की वजह से जमानत दी गई है। साथ ही कोर्ट ने शर्त रखी है कि राव को अगले 6 महीने तक मुंबई एनआईए के अधिकार क्षेत्र में ही रहना होगा और जांच के लिए बुलाने पर उपलब्ध होना होगा। अदालत ने उन्हें 50,000 रुपये का पर्सनल बॉन्ड भरने के लिए कहा है।

भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में राव अगस्त 2018 में पहली बार गिरफ्तार किए गए थे। वरवर नवी मुंबई की तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में थे। कुछ दिन पहले तबीयत खराब होने के बाद उन्हें मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। इसके बाद उनकी ओर से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत याचिका दायर की गई थी।



भीमा कोरेगांव हिंसा

#### नवी मुंबई की तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में थे वरवर

● विस्तृत खबर पेज-09

### कश्मीर को दहलाने की आतंकी साजिश नाकाम

# नौगाम में रेलवे क्रॉसिंग के पास आईईडी बरामद

**एजेंसी। जम्मू**

**कश्मीर** के नौगाम में रेलवे क्रॉसिंग के पास आईईडी बरामद हुई है। साथ ही भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। आईईडी को निष्क्रिय करने के लिए निरोधक दस्ते की मदद ली गई। एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर के पंथा चौक-नौगाम मार्ग पर सोमवार को विस्फोटक मिलने के बाद यातायात रोक दिया गया था। यह विस्फोटक ठीक उस समय पाया गया है, जब ट्रेन सेवाओं को लंबे समय के बाद कश्मीर में शुरू किया जाना है।

अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ की आरओपी (रोड ओपनिंग पार्टी) और पुलिस ने नौगाम रेलवे स्टेशन से मुश्किल से सौ मीटर की दूरी पर एक संदिग्ध वस्तु देखी, जिसकी जांच के लिए दस्ते को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि लोगों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए तुरंत ही पंथा चौक-नौगाम सड़क मार्ग पर यातायात रोक दिया। हाल ही में कश्मीर जोन के आईजी ने आतंकियों की बारूदी साजिश के बारे में जानकारी दी थी। आईजी ने बताया कि आतंकियों ने रणनीति बदल दी है। अब आईईडी का अधिक उपयोग करना शुरू कर दिया है। इस बदली हुई रणनीति से निपटने के लिए पुलिस तैयार है।



# एसयूवी सवार युवक को मारी 21 गोलियां, मौत

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



**बसई** गांव के रहने वाले 21 वर्षीय मनीष पुत्र बुधराम की सोमवार को महेंद्रा एसयूवी गाड़ी में सवार बदमाशों ने हत्या कर दी। हमलावरों ने उसे एक के बाद करीब 28 गोलियां मारी। युवक की गाड़ी में ही मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। हमलावर इतने बेखौफ थे कि वे गाड़ी के चारों तरफ घूम घूमकर गोलियां बरसाते रहे। घटना को गैंगवार से जोड़कर देखा जा रहा है।

● विस्तृत खबर पेज-04

### कुरुक्षेत्र में टिकैत ग्रुप के किसान नेता जसतेज संधू पर फायरिंग

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत ग्रुप) के प्रदेश महासचिव जसतेज सिंह संधू पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। संधू पर सोमवार सुबह बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। जसतेज पूर्व कृषि मंत्री जसविंदर सिंह संधू के बेटे हैं और किसान आंदोलन में जाने के लिए निकले थे। लेकिन इस हमले में जसतेज बाल-बाल बच गए। वारदात पुलिस चौकी कुछ ही दूरी पर अंजाम दी गई।

### किसान आंदोलन: लाल किले के गुंबद पर चढ़ने वाला जसप्रीत गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड के दौरान लालकिले पर हुई हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को जसप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। उस पर हिंसा के दौरान लाल किले के गुंबद पर चढ़ने का आरोप है। इस दौरान उसने स्टील की रॉड उठा रखी थी।

**मुजफ्फरनगर में भिड़े किसान और भाजपा कार्यकर्ता:** जिले में भाजपा कार्यकर्ता और किसानों के बीच झड़प हो गई है। राष्ट्रीय लोकदल के उपाध्यक्ष जयंत चौधरी ने इस घटना की तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने कहा कि कई किसानों को चोट आई हैं। सरकार किसानों की पक्ष की बात न करे, लेकिन उनकी इज्जत तो करे।

# टीजीटी के एक हजार से अधिक पदों की भर्ती प्रक्रिया रद्द

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**हरियाणा** में बेलगाम बेरोजगारी की चर्चा के बीच मौजूदा गठबंधन सरकार ने करीब छह साल पूर्व शुरू की गई 1035 इंग्लिश ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर की भर्ती की प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने वर्ष 2015 में विज्ञापित पीजीटी संस्कृत के 626 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पहले ही रद्द कर 534 पदों के लिए नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। अब टीजीटी इंग्लिश के पदों पर भर्ती नए सिरे से निकली जाएगी।

हरियाणा कर्मचारी आयोग ने वर्ष 2015 में टीजीटी इंग्लिश की भर्ती के लिए मेवात काडर के 341 और शेष हरियाणा काडर के 694 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। बाद में, शैक्षणिक योग्यता संबंधी नियमों को लेकर इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। इसके बाद से यह भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई थी। नए नियमों के अनुसार साक्षात्कार के अंक समाप्त कर सामाजिक-आर्थिक आधार पर अतरिक्त अंक दिए जाते हैं। भर्ती प्रक्रिया पर नए विवाद से बचने के लिए आयोग ने पिछले साल 20 मार्च को महाधिवक्ता से राय मांगी तो महाधिवक्ता ने भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर नए आवेदन मांगने की राय दी। इस पर आयोग सचिव ने मई में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया रद्द कर पुनः पद विज्ञापित करने की अनुमति मांगी। प्रदेश सरकार की मंजूरी के बाद सोमवार को कर्मचारी चयन आयोग ने भर्ती रद्द करने की घोषणा कर दी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने एक और भर्ती रद्द होने पर गठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के तुगलकी फरमानों से युवाओं पर संकट छाया है। टीजीटी अंग्रेजी के 1035 पदों की भर्ती रद्द करने से प्रदेश सरकार का युवा विरोधी चेहरा फिर बेनकाब हो गया है।

#### इन पदों पर अब नए सिरे से निकाली जाएगी भर्ती

### हरियाणा में 'गांवों की सरकार' का आज कार्यकाल पूरा

#### कल से बीडीपीओ और डीडीपीओ होंगे प्रशासक

हरियाणा में 'गांवों की सरकार' का कार्यकाल मंगलवार को पूरा होने जा रहा है। जब तक दोबारा चुनाव नहीं होते तब तक प्रदेश सरकार प्रशासकों के माध्यम से गावों में कामकाज का संचालन करवाएगी। माना जा रहा है कि बुधवार को सरकार प्रशासकों की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर देगी। कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही सरपंचों की वित्तीय पावर खत्म हो जाएगी और वह किसी भी चेक पर साइन नहीं कर सकेंगे। अगले पंचायती राज के चुनाव नहीं होने तक सरपंच केवल रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसे सर्टिफिकेट पर साइन करने तक समिति रह जाएंगे। हरियाणा सरकार पहले ही मंगलवार तक सभी पंचायत प्रतिनिधियों को अपना-अपना रिकार्ड व अन्य लेखा-जोखा बीडीपीओ कार्यालय में जमा करवाने के निर्देश जारी कर चुकी है। वर्ष 2015 में जुलाई माह में पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो गया था।

-राइट विजन-

## कोरोना से डरने की बजाए सरकार की गाइडलाइंस का पालन करना जरूरी : डॉ. मिनोती

*वर्तमान स्थिति में हमें कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है। कोरोना हो भी जाए तो घबराने की बजाए बिना देरी किए डॉक्टर की सलाह पर इलाज शुरू करना चाहिए। जब तक वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक हमें एहतियात बरतते हुए जरूरी काम करने होंगे। सरकार की गाइडलाइंस के मुताबिक मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना लेना चाहिए। इन नियमों का पालन कर हम कोरोना से जीत सकते हैं। यह कहना है हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की सेवानिवृत्त वरिष्ठ गायनोलॉजिस्ट डॉ. मिनोती चक्रवर्ती का। डॉ. मिनोती लंबे समय तक जरूरतमंदों का निःशुल्क इलाज करती रही हैं।* ***पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. मिनोती चक्रवर्ती की बातचीत के अंश :-***



**जीवन परिचय**

**नाम** : डॉ. मिनोती चक्रवर्ती
**जन्मदिन** : 7 मई 1932
**पिता** : नरेश चंद्र
**माता** : प्रभामई देवी
**पति** : डॉ. अमीलेंदू चक्रवर्ती
**परिवार** : बेटा ओतीनू चक्रवर्ती (आईएएस अधिकारी)
**स्कूल** : हाई सैकेंड्री - गोवर्नमेंट स्कूल, पटना
**उच्चशिक्षा** : एमबीबीएस, पीजी इन गायनोलॉजी

● **सवाल : आपने डॉक्टर का पेशा किसकी प्रेरणा से अपनाया।**

**जवाब :** बीमार और जरूरतमंदों की सेवा करने के इरादे से मुझे शुरू से ही डॉक्टर बनने का काफी शौक था।

● **सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेती थीं।**

**जवाब :** स्कूल और कॉलेज के दौरान होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में मैं नियमित रूप से हिस्सा लेती थी।

● **सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** मैंने तत्कालीन पंजाब सरकार का स्वास्थ्य विभाग ज्वॉइंन किया था। नवंबर 1966 में अलग हरियाणा राज्य का गठन होने पर मैं हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में आ गई।

● **सवाल : आप यहां कहां-कहां तैनात रहीं।**

**जवाब :** चंडीगढ़ की कई डिस्पेंसरियों के अलावा मैंने सिविल अस्पताल में काम किया। काफी समय तक मैंने अम्बाला और अन्य कई जिलों में सेवाएं दी। वर्ष 1986 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी।

● **सवाल : क्या आपने गंभीर हालत में आई गंभीर गर्भवतियों की जान भी बचाई।**

**जवाब :** वैसे तो डिलिवरी के दौरान मैंने अनेक गर्भवती महिलाओं की जान बचाई है। कई मामलों में गर्भ में बच्चे की मौत के बाद जच्चा की जान बचाई थी।

● **सवाल : वर्तमान में महिलाओं की सीजेरियन डिलिवरी ज्यादा हो क्यों हो रही हैं।**

**जवाब :** बदलती जीवनशैली और खानपान की वजह से आजकल महिलाओं की सहन शक्ति काफी कम हो गई है। थोड़ा दर्द होने पर ही वे डाक्टर पर ऑपरेशन करने का दबाव बनाती हैं। सिजेरियन डिलिवरी से बचने के लिए गर्भवती को नियमित डॉक्टरी जांच करानी चाहिए।

● **सवाल : आपका यहां कब आना हुआ और यहां आप किस तरह के कामों में व्यस्त रहीं।**

**जवाब :** सेवानिवृत्ति के बाद मैंने व पति ने फरीदाबाद में मकान बना लिया था। यहां आने के बाद मैंने समाजसेवा के कार्यों में रूचि लेनी शुरू कर दी। मैं यहां प्रयास संस्था की डिस्पेंसरी में निःशुल्क सेवाएं देने लगी। कोविड शुरू होने से पहले तक मैंने सेवाएं दी हैं।

● **सवाल : आप अन्य किस तरह के समाजसेवा के कार्य करती हैं।**

**जवाब :** मैं कालीबाड़ी मंदिर के साथ लंबे समय से जुड़ी हुई हूं। मंदिर में लगने वाले स्वास्थ्य जांच शिविरों और अन्य सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपना हर सम्भव योगदान देती हूं।

● **सवाल : लॉकडाउन में आपने जरूरतमंदों की आपने कैसे मदद की।**

**जवाब :** उम्र ज्यादा होने की वजह से मैं घर से खुद तो नहीं निकल पाई, लेकिन भोजन वितरण के काम में जुटी कालीबाड़ी मंदिर और अन्य संस्थाओं को आर्थिक सहयोग दिया था।

● **सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** हम मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना कर कोरोना वायरस को हरा सकते हैं।

● **सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को क्या संदेश देना चाहती हैं।**

**जवाब :** अपनी नहीं तो दूसरों की सुरक्षा के लिए सभी को नियमों का पालन करना चाहिए।

● **सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** लॉकडाउन सही समय पर हुआ था। इसलिए हमारे देश की स्थिति दुनिया के अन्य देशों से काफी बेहतर हैं।

### शहर का तापमान

● अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
● न्यूनतम 15.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

▸ बीके अस्पताल में कोरोना जांच व ओपीडी और टीकाकरण : सुबह 9 बजे
▸ सेक्टर-16 में श्रीमद भगवत कथा का आयोजन: दोपहर दो बजे
▸ रविंद्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच का आयोजन : सुबह 9 बजे
▸ वैष्णो देवी मंदिर में माता की आरती : सुबह 6 बजे

### निवेश गुरु

**यूनाइटेड** स्पिरट्सि वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में मजबूत नतीजे दर्ज करने में कामयाब रही। हालांकि, रिकवरी बाजार की उम्मीद जितनी नहीं थी। परिचालन संबंधी चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने तिमाही आधार पर वॉल्यूम में 7 फीसदी और रेवेन्यू में 16 फीसदी बढ़त हासिल की। यह तिमाही रेवेन्यू के मामले में करीब पिछले साल के स्तर जितना पहुंच गई। वैसे तो बार, पब, क्लब इत्यादि जैसे इसके करीब 85 फीसदी से ज्यादा ट्रेड चैनल अब ऑपरेशनल हो गए हैं। लेकिन, ये अपनी क्षमता से कम पर चल रहे हैं। कोविड-19 से जुड़े नियमों के कारण बड़े की जगह छोटे आयोजन हो रहे हैं। दूसरी तरफ, होम डिलीवरी रफ्तार पकड़ रही है। तीसरी तिमाही में यूनाइटेड स्पिरट्सि का नेट प्रॉफिट भी 79 फीसदी बढ़ा है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### निधि समर्पण अभियान समाप्ति की ओर



**फरीदाबाद।** अयोध्या में बन रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के निमित पूरे देश में निधि समर्पण अभियान चलाया जा रहा है। फरीदाबाद में माधव नगर के स्वयंसेवक व स्वदेशी जागरण मंच व आरएसएस ने सारन गांव, जनता कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, पर्वतीय कॉलोनी, में निधि समर्पण अभियान के तहत 1600 परिवारों से सम्पर्क किया। लोगों ने भी राम मंदिर निर्माण के लिए दिल खोलकर दान किया। अब निधि समर्पण अभियान समाप्ति की ओर है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक नगर संघचालक सुरेश शास्त्री, नगर कार्यवाह अखिलेश, सह नगर कार्यवाह मोहन, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक दुर्गेश कश्यप, सह जिला संयोजक धर्मवीर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्विक न्यूज

#### ब्राह्मण संस्कार मंच की बैठक

**फरीदाबाद।** ब्राह्मण संस्कार मंच की एक बैठक सेक्टर-3 कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पंडित रमेश भारद्वाज ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करना व समाज के कई समाजिक मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर रमेश भारद्वाज ने कहा कि आगामी महीने में मंच की ओर से एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए जल्द ही मंच के सदस्यों को आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बैठक में शेखर भारद्वाज, राधेलाल दीक्षित, मुकेश पाठक, संजीव भारद्वाज सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर उड़ रही हैं एनजीटी के आदेशों की धज्जियां

## हाइवे के निर्माण के बाद आज तक विकसित नहीं की गई ग्रीनबेल्ट

**राजेश दास। फरीदाबाद**

सिटी इश्यू



**दिल्ली**-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर दो का निर्माण कार्य पूरा हुए करीब चार साल से ज्यादा समय गुजर चुका है, लेकिन एनएचएआई ने हाइवे के दोनों तरफ की ग्रीनबेल्ट को आज तक विकसित करने की जरूरत महसूस नहीं की।

हाइवे और मेट्रो रेलवे लाइन के निर्माण से पहले दोनों तरफ ठीक-ठाक ग्रीनबेल्ट मौजूद थी, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान यह ग्रीनबेल्ट उजाड़ दी गई। जबकि शहर में पेड़ों के अभाव और अन्य कई कारणों से प्रदूषण का स्तर आए दिन बढ़ जाता है। जिसे ध्यान में रखते हुए एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रब्यूनल) ने शहर की तमाम ग्रीनबेल्टों से अवैध कब्जा हटवाने के बाद उन्हें फिर से हरा भरा करने के आदेश पहले ही दिये हुए हैं। एनएचएआई को एनजीटी के आदेशों की भी परवाह नहीं है। एनएचएआई ने ग्रीनबेल्टों को उजाड़ने के बाद उन्हें विकसित करने का प्रयास आज तक नहीं किया।

इस लापरवाही की वजह से हाइवे के दोनों तरफ ग्रीनबेल्टों पर लोगों ने कब्जे किए हुए हैं। कई शोरूम और व्यवसायिक संस्थानों ने हाइवे की ग्रीनबेल्ट और सर्विस रोड को पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं कई जगह शराब के ठेके तक खुल गए हैं।

### ग्रीनबेल्ट कब्जों का शिकार

**हाइवे** की ग्रीनबेल्टों पर लगातार अवैध कब्जे हो रहे हैं। कई जगह तो लोगों ने सर्विस रोड पर भी कब्जा किया हुआ है। एनएचएआई की तरफ ध्यान न दिए जाने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ स्थित ग्रीनबेल्टों पर लोगों ने अवैध तरीके से कब्जे कर लिये हैं। एनएचएआई के अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ स्थित कारखानों द्वारा ग्रीनबेल्ट विकसित करने के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ दर्जनों की संख्या में कारखाने चल रहे हैं, लेकिन इनमें से चंद कारखानों को छोड़ कर किसी ने भी अपने संस्थान के सामने ग्रीनबेल्ट विकसित करने का प्रयास नहीं किया। ग्रीनबेल्ट न होने की वजह से लोगों ने इन स्थानों पर अवैध पार्किंग बनाई हुई है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ ग्रीनबेल्ट पर एक दर्जन से ज्यादा शराब के ठेके खुले हुए हैं। ग्रीनबेल्ट पर ठेकों को खोलने की अनुमति किसने दी, इस बारे में किसी को पता नहीं हैं। अन्य कई स्थानों पर लोग ग्रीनबेल्ट का इस्तेमाल कबाड़ा रखने और ट्रकों को खड़ा करने के लिए भी कर रहे हैं।

### दोनों तरफ गंदगी के ढेर

**एक** तरफ स्मार्ट सिटी के तहत हाइवे के सौंद्रयीकरण के नाम पर फ्लाईओवर के पिलरों को सुंदर बनाने का दावा किया जा रहा है। वहीं हाइवे के दोनों तरफ गंदगी भरा माहौल बना हुआ है। दिल्ली से मथुरा-आगरा जाने के लिए देश-विदेशी पर्यटक हाइवे का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन एनएचएआई की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ ग्रीनबेल्ट विकसित कर सौंद्रयीकरण का कोई प्रयास नहीं किया गया। बदरपुर सीमा से बल्लभगढ़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ कूड़े और गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर झाड़ियां उगी होने की वजह से चारों तरफ गंदगी भरा माहौल बना रहता है। एनएचएआई अथवा अन्य संबंधित विभागों की तरफ ग्रीनबेल्ट विकसित करना तो दूर इस गंदगी की सफाई तक कराने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ निर्माण कार्य के दौरान कच्ची मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। ग्रीनबेल्ट न होने की वजह से हवा चलने पर यह धूल उड़ कर शहर में प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने का काम करती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।



### शहर का आइना हाइवे



**समाजसेवी** जगजीत कौन पन्नू का कहना है कि हाइवे शहर का आइना माना जाता है। रोज मथुरा और आगरा जाने वाले दर्जनों देश-विदेशी पर्यटक हाइवे से गुजरते हैं, लेकिन संबंधित विभागों की लापरवाही से हाइवे की ग्रीनबेल्ट तो उजड़ ही चुकी है। साथ दोनों तरफ गंदगी को देखकर हाइवे से गुजरने वाले लोग शहर की स्थिति का अंदाजा भी लगा लेते होंगे।

### प्रदूषण की भी चिंता नहीं

**दिल्ली** और एनसीआर के शहरों में लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए एनजीटी लगातार गंभीरता दिखा रहा है। कुछ समय पहले एनजीटी ने शहर के तमाम ग्रीनबेल्टों से अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिए थे। यह आदेश हाइवे पर लागू होता है, लेकिन नगर निगम और एनएचएआई इस मामले में जरा भी गंभीर नहीं है। नगर निगम ने दिखावे के लिए कुछ स्थानों पर ग्रीनबेल्टों से कब्जे हटवा कर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया था। जबकि शहर में ऐसे सैकड़ों स्थान हैं, जहां अभी भी ग्रीनबेल्टों पर अवैध कब्जे बरकरार है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग भी अछूता नहीं हैं। यदि संबंधित विभाग ग्रीनबेल्टों को विकसित करने में गंभीरता दिखाए तो शहर में प्रदूषण का स्तर काफी हद तक कम किया जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर के अंदरूनी हिस्सों में मौजूद ग्रीनबेल्टों से अवैध कब्जे हटा कर उन्हें हरा भरा कर दिये जाने से एक तरफ जहां प्रदूषण का स्तर कम किया जा सकता हैं, वहीं दूसरी तरफ से इससे शहर की सुंदरता को भी बढ़ाया जा सकता है, लेकिन संबंधित विभागों को बढ़ते प्रदूषण की चिंता नहीं है।

# जटिल सर्जरी कर युवक का हाथ कटने से बचाया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**सेक्टर**-16 स्थित क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल के कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी, आर्थोपेडिक एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों की टीम ने मथुरा के 21 वर्षीय रवि अग्रवाल की जटिल सर्जरी कर उसका हाथ कटने से बचा लिया। दरअसल युवक का मथुरा में एक्सीडेंट हुआ जिसमें मिनी बस का एक पहिया उसके दायें हाथ पर साइड से चढ़ता हुआ निकल गया। एक्सीडेंट के बाद मरीज को मथुरा के हॉस्पिटल में दिखाया, जहां मरीज के बहते खून को पट्टी की मदद से बंद कर हाथ पर कच्चा प्लास्टर किया गया। चोट की गंभीरता देखते हुए क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल में संपर्क किया।

अस्पताल के कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. नीरव बंसल ने बताया कि एक्सीडेंट के करीब 10-12 घंटे बाद युवक को क्यूआरजी हेल्थ सिटी में लाया गया जबकि ऐसी स्थिति में हाथ बचाने के लिए छह-सात घंटे का समय होता है। उस समय युवक के दायें हाथ में आगे की तरफ कोहनी के ठीक ऊपर और नीचे वाले स्थान पर करीब 10-12 सेंटीमीटर की खाल गायब थी और मांस भी नहीं था। इस स्थान पर खून की सप्लाई करने वाली धमनी कट गई थी।

### पहिये की चपेट में आने से हाथ की धमनी और हड्डी क्षतिग्रस्त हो गई थी

पूरी तरह से धमनी अलग नहीं हुई थी, लेकिन इसमें खून का बहाव बंद हो गया था। सौभाग्यवश खून का रिसाव ज्यादा नहीं हुआ था। खून का प्रवाह बंद होने से पेशेंट की कोहनी से नीचे पूरा हाथ ठंडा था और सफेद पड़ गया था। कोहनी के नीचे हाथ के हिस्से में रेडियस और अल्ना नाम की दो हड्डियां होती हैं जिनमें अल्ना नाम की हड्डी भी टूट गई थी। अस्पताल के कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. बीजू शिवम पिल्लै ने कहा कि इस स्थिति में खून का बहाव वापस शुरू करना बहुत जरूरी होता है।



डॉ. नीरव बंसल, कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. बीजू शिवम पिल्लै, आर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ. युवराज कुमार और प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. किरणमयी अटला के संयुक्त प्रयास से सर्जरी सफल रही। सर्जरी के बाद पेशेंट ठीक है। उसके हाथ में खून का बहाव बहुत अच्छा है। हड्डी धीरे-धीरे जुड़ रही है। छह हफ्ते बाद अच्छे से फिजियोथेरेपी कराने के बाद मरीज का हाथ थोड़ी-थोड़ी एक्टिविटी शुरू कर देगा।

### पैर से ली 10 सेंटीमीटर लंबी नस

**पेशेंट** का सीटी स्कैन कर ब्लॉकेज व क्षतिग्रस्त हड्डी का पता किया गया। जल्द ही मरीज की सर्जरी शुरू की गई जिसमें लगभग साढ़े तीन घंटे का समय लगा। पेशेंट की हड्डी ठीक की गई। इसके बाद हाथ की क्षतिग्रस्त धमनी को निकालकर मरीज के बायें पैर से करीब 10 सेंटीमीटर लम्बी नस ली गई और इसे हाथ की कटी नस में बीच में जोड़कर हाथ में खून का बहाव वापस शुरू किया। इसके बाद प्लास्टिक सर्जन ने मरीज के पैर से खाल लेकर उस जख्म वाले भाग को खाल चढ़ाकर ढक दिया, क्योंकि धमनी के खुले घाव में रहने पर उसके वापस फटने की आशंका बढ़ जाती है।

## पुलिस ने 6 दिन में 208 अपराधी पकड़े: सीपी

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने हाल ही में सभी अधिकारियों के साथ मीटिंग कर पीओ, बेल जंपर, नशा तस्कर, अवैध हथियार रखने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर उनको सलाखों के पीछे भेजने के लिए अभियान चलाया गया था। शहर में यह अभियान 16 फरवरी से चलाया गया था। अभियान के तहत पुलिस ने 104 पीओ, बेल जंपर, आर्म्स एक्ट के तहत 56, एनडीपीएस एक्ट के तहत 48 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने कहा कि शहर में अपराध पर अंकुश लगाने वह आम जन को एक सुरक्षित माहौल देने के लिए अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी अपराधी सर उठाएगा फरीदाबाद पुलिस उसे दबोच कर सलाखों के पीछे भेजेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### निधि संग्रह अभियान मानवता का भाव कर रहा जागृत : मिश्र



**फरीदाबाद।** धर्मकाज में समाज के प्रत्येक वर्ग का समर्थन ही व्यवहारिकता का मूल मंत्र होता है। व्यवहार से सतकर्म और धर्म के जुड़ाव में निरंतरता प्रवाहित होती है। रामत्व के साथ-साथ मानवता और भारतीयता का भाव जागृत रहे इसी निमित्त श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए निधि संग्रह अभियान देश भर में चलाया जा रहा है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्रा ने बतौर मुख्य वक्ता अपने संबोधन में कही। ओल्ड फरीदाबाद स्थित बोहरा धर्मशाला बसेलवा कॉलोनी में निधि संग्रहण अभियान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरा तोमर ने कहा कि बंधुओं के साथ-साथ भगिनों को भी निधि संग्रहण अभियान में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। मातृशक्ति का सहयोग सदैव उत्कृष्ट रहा है। एडवोकेट राजकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धा भाव से सभी अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार निधि संग्रह में अपना योगदान सुनिश्चित कर पुण्य के भागीदार बनें। कार्यक्रम संयोजक मनीष राघव और मंच संचालन प्रवीण चौधरी ने किया। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरा तोमर, राजकुमार शर्मा एडवोकेट, पंडित मुकेश शास्त्री, मनीष तोमर, हरिकिशन चौहान, कुलदीप सिंघल, सुभाष सोनी, कोमल पंडित, सूरजभान, बी एस राजपूत, मानवेन्द्र सिंह, सुनील आनंद और सुनील रावत आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद द्वारा दो दिवसीय ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट 20-21 फरवरी जेसी बोस विश्वविद्यालय फरीदाबाद में हुआ समापन। जिला मीडिया प्रभारी रवि पांडे ने बताया कि बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष आनंद मेहता, बंटू सेक्रेटरी फुटबॉल एसोसिएशन फरीदाबाद, रहमान अध्यक्ष हरियाणा ज्वेलरी एसोसिएशन फरीदाबाद, उमेश द्वितीय प्रांत प्रचारक क्रीड़ा भारती, श्रवण क्रीड़ा भारती विभाग संयोजक हरियाणा प्रांत, संदीप क्रीड़ा भारती जिला सचिव फरीदाबाद, एमएस नगर जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, फुटबाल टूर्नामेंट में 15 टीमों ने हिस्सा लिया। आयोजन अभाविप फरीदाबाद, और फुटबॉल एसोसिएशन फरीदाबाद ने जेसीबोस विश्वविद्यालय में किया। बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि खेलने वाले और खिलाने वाले दोनों ही युवा हैं। आप लोगों को बहुत-बहुत बधाई जीतने का अहकार नहीं, हारने का गम नहीं होना चाहिए। खेल की भावना हो खेलते वक्त पूरी तरह से जोश उमंग उत्साह के साथ खेलें। फाइनल मैच पलवल और अटाली के बीच खेला गया, प्रथम स्थान पर पलवल की टीम रही जिसे ट्रॉफी एवं 11,000 कैश देकर सम्मानित किया, दूसरे स्थान पर रही अटाली की टीम को ट्रॉफी और 5100 रुपये कैश इनाम दिया। तीसरे स्थान पर आजाद एफसी और वाईएमसीए रहीं दोनों टीमों को 2100-2100 सौ कैश प्राइज देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभाविप प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद भड़ाना, जिला प्रमुख सरोज कुमार, जिला संयोजक प्रीति नागर नवीन देशवाल, राहुल राणा, हेमंत राघव, जगदीश चंदीला, गौतम भड़ाना, चिराग वत्स, हिमांशी, गायत्री राठौर, कृष्णा पांडे, संचित शर्मा, छबील शर्मा, कुशल यादव आदि कार्यकर्ता और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### हर वर्ग के लोग दिल खोलकर दे रहे हैं दान



**फरीदाबाद।** देशभर में श्री राम मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह दान के रुपयों के आंकड़ों से ही लगाया जा सकता है। लोग पूरी श्रद्धा के साथ खुलकर दान कर रहे हैं। इसी कड़ी में कृष्णा कॉलोनी सेक्टर-25 के व्यापारी भी अपना उत्साह दान के रूप में जोर-शोर से प्रकट कर रहे हैं। भारत विकास परिषद के बल्लभगढ़ अध्यक्ष मनीश और उद्योगपति एवं समाजसेवी धीरज गोयल के नेतृत्व में अभी तक 1, 21000 रुपये लोगों ने दान के रूप में समर्पण किया है और लगातार दान दे रहे हैं। इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के महासचिव कपिल अग्रवाल ने दान देते हुए अपने लिए यह क्षण एतिहासिक बताया और कहा कि यह दान से ज्यादा आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था व श्रीराम से जुड़ाव का प्रेरणा स्रोत रहेगा।

### राइजिंग अकादमी ने पांच विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 16वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट 30+टी-20 क्रिकेट के फाइनल मैच में राइजिंग क्रिकेट अकादमी (सोहना) ने रेड हॉकस जीबीजी टीम को पांच विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि राइजिंग क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। रेड हॉकस जीबीजी टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 143 रन बनाए। विकास बेदी और अरशद हुसैन ने 37-37 रन, इरफान सालाहेड़ी ने 14 रन, और परमेश ने 12 रन बनाए। राइजिंग क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज राजेंद्र ने दो विकेट, केपी भामला गुर्ज्जर, जितेंद्र कुमार और अंशुल पहवा ने एक-एक विकेट विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए राइजिंग क्रिकेट अकादमी की टीम ने 14.5 ओवर में पांच विकेट में 146 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**ध्रुव सत्य: सूर्य मुद्रा सँग मृत्युंजय बीजमंत्र जप अभ्यास से विशुद्ध एवं सूर्य चक्र संतुलन हो - सदाचारी व्यक्तित्व निर्माण एवं आत्मबल प्राप्ति**

**विधि :** सूर्य ग्रह की प्रतीक अनामिका उंगलियों को मंगल ग्रह के प्रतीक अंगुष्ठों की जड़ में लगा - सूर्य हस्त मुद्रा सँग om हौं जूँ सः om भुर्भुवः स्वः om बीजमंत्र के सतत अभ्यास से आत्मबल की प्राप्ति हो - न तो अभ्यासी किसी कदाचार में रुचि रखना पसंद करेंगे व उन अभ्यासियों से अनुचित प्रकार के ऐसे किसी भी कार्य को ज़बरन कभी नहीं करवाया जा सकता- जिस कार्य को करने की आत्मा उन्हें गवाही न दे!

**समयावधि:** रीढ़ की हड्डी को सीधा तान कर सुबह शाम नित्यप्रतिदिन - 10/15 मिनट बैठ कर सूर्य मुद्रा अभ्यास सँग OM HOWM JOOM SAHA OM BHOOR BHUVAHA SWAHA OM मन्त्र उच्चारण सँग आती जाती स्वांसों पर ध्यान लगाए रखें!




**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट:** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने हेतु ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता हैं!

# किशोरी की बहादुरी ने पांच जिंदगियों को उजड़ने से बचाया

## वैश्यावृत्ति के धंधे से स्वयं व अन्य को कराया मदद मांगकर मुक्त

कविता। फरीदाबाद

**असम** से लाई गई लड़कियों से वैश्यावृत्ति करवाने पर पुलिस ने एक किशोरी के साहस पर दो लोगों को रंगेहाथों गिरफ्तार करके वहां से पांच लड़कियों को मुक्त कराया है। किशोरी के साहस ने जहां अपनी जिंदगी बचाई, वहीं चार अन्य लड़कियों की जिंदगी उजड़ने से बचाई है। बरामद किशोरियों को जिला बाल संरक्षण विभाग ने उसके परिजनों को सौंपा है।

### ये था मामला

**सीडब्ल्यूसी** की काउंसलर अपर्णा ने बताया कि असम निवासी 16 वर्षीय लड़की को नौकरी का झांसा देकर उसकी दीदी की सहेली उसे वहां से लेकर सिल्लीगुडी पहुंची। वहां से एक व्यक्ति के साथ 19 फरवरी को फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में पहुंची। जहां दोनों ने किशोरी को एक कमरे में बंद कर दिया। कमरे में पहले से दो महिलाएं, एक युवती और एक किशोरी मौजूद थी। उन्होंने किशोरी को बताया कि यहां से उन्हें होटल व अन्य स्थानों पर गलत काम करने के लिए भेजा जाता है। वैश्यावृत्ति में धकेलने की बात सुनकर किशोरी ने हिम्मत नहीं हारी। रात को किशोरी ने मौका पाकर 112 नम्बर पर अपने मोबाइल से फोन कर दिया, वहां से इसकी सूचना पुलिस को मिली। जिस पर पुलिस ने 20 फरवरी को मौके पर पहुंच कर छापा मार दिया और पांचों लड़कियों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया।



### दो आरोपी पकड़े

**पुलिस** ने बाल संरक्षण विभाग की टीम और महिला पुलिस को साथ लेकर छापेमारी करते हुए दो 16 वर्षीय किशोरी, दो 25 वर्षीय शादीशुदा महिला और एक 20-22 वर्षीय युवती को मुक्त कराया। आरोपी महिला और पुरुष को हिरासत में ले लिया। सभी का मेडिकल करा कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ वैश्यावृत्ति के धंधे का भंडाफोड़ करने वाली किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### मोबाइल से खुलासा

**अपर्णा** ने बताया कि किशोरी के पास मोबाइल था, जिसके बारे में आरोपी भूल चुके थे। किशोरी ने अपने फोन के जरिये यदि कॉल न की होती, तो शायद इस रैकेट का कभी पर्दाफाश न होता। किशोरी के हौसले ने जहां उसे गलत काम में जाने से बचाया। वहीं चार और लड़कियों की जिंदगी भी सुधर गई। किशोरी को प्रशासन द्वारा उसके हौसले के लिए सम्मानित किया जाना चाहिए। ताकि अन्य लोगों को भी उससे प्रेरणा मिले।

## दो गाड़ियों की भिड़ंत में पांच महिलाएं घायल

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैली गांव के पास महेन्द्रा पीकअप और ईको कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में दिल्ली निवासी पांच महिलाएं घायल हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। दिल्ली निवासी बसंती, रामप्यारी, सरोज चावला, भारती, मोहिनी वृंदावन गई थीं। सोमवार को वह बांके बिहारी के दर्शन करके वह कार से दिल्ली लौट रही थीं। एनएच-दो स्थित हाइवे पर कैली गांव के निकट आगे चल रही महेन्द्रा पिकअप ने गाय के आगे आने पर ब्रेक लगा दी। जिससे उनकी कार और महेन्द्र पिकअप की भिड़ंत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### गंदा पानी सप्लाई करने पर निगम से की शिकायत



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ स्थित चावला कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के आसपास पिछले 15 दिनों से मिट्टी वाला पानी आ रहा है। पिछले दिनों इसकी सूचना कॉलोनी वासियों ने सोशल मीडिया पर वायरल की थी। कॉलोनीवासियों को नगर निगम की तरफ से आश्वासन मिला था, लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिस पर पीड़ित सोमवार को नगर निगम के ज्वॉइंट कमिश्नर से मिले और उन्हें अपनी परेशानियों से अवगत कराया। जानकारी के मुताबिक चावला कॉलोनी निवासी पंकज ने बताया कि उनके यहां लाल मिट्टी वाला पानी करीब पिछले 15 दिनों से आ रहा है। जिसकी शिकायत उन्होंने एसडीएम को की थी, लेकिन उस समय नगर निगम की तरफ से जल्द से जल्द ठीक कराने का आश्वासन दिया था। 15 दिन बाद भी समस्या जस की तस बनी रही। सोमवार को एसडीएम के ज्वॉइंट कमिश्नर से मिले। जिस पर उन्हें अबकी बार भी तीन दिन का समय दे दिया। कल तक क्लीन आ जाएगा। एक्सईएन ने इस मौके पर बताया कि वह 25 बार विजिट किया है। लेकिन कॉलोनीवासियों का कहना है कि समस्या के समाधान को कोई नहीं आया। ऐसे में कॉलोनीवासी गंदा पानी पीने को मजबूर है। इस मौके पर कालोनीवासी सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे, लेकिन उन्हें समस्या का समाधान नहीं मिला।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में फौगाट स्कूल ने मारी बाजी



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के समयपुर रोड राजीव कॉलोनी स्थित फौगाट पब्लिक स्कूल के एक स्टूडेंट मोहित ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बाजी मारी है। मोहित को जिले में प्रथम व देश में चौथा स्थान मिला है। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट ने किया था। हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट ने वैचारिक प्रदूषण सभी बुराइयों का मूल कारण विषय पर ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें देश भर से 4799 विद्यालयों ने भागीदारी की थी। इसमें 31 हजार 682 विद्यार्थियों ने अपने निबन्ध सबमिट किए थे। प्रतियोगिता में फौगाट पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्र मोहित ने देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। मोहित को जिला फरीदाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। फरीदाबाद के ही सेंट जॉन स्कूल के शुभम देश में पांचवें और जिले में दूसरे स्थान पर आए हैं। फौगाट स्कूल में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था के फरीदाबाद कोर्डिनेटर सत्यप्रकाश सिंह ने मोहित को उनकी उपलब्धि का प्रमाणपत्र और ट्रॉफी सौंपी। स्कूल के निदेशक डॉ सतीश फौगाट ने कहा कि मोहित स्कूल की 10वीं कक्षा 94 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। हमने मोहित को कक्षा 11वीं में पढ़ने के लिए 51 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी है। मोहित से हमें इस वर्ष भी विशेष उम्मीदें हैं। जिसके लिए हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य निकेता सिंह, स्टाफ विवेक कुण्डू, कुमार अमरेन्द्र, ऊषा सिंह, कमलेश शर्मा, दीपचन्द डागर, मीनाक्षी, केतन झा, बुरहान खान, जगबीर चौधरी, रीना चौधरी, पूनम श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### क्रिकेटर राहुल तेवतिया के परिजनों को दी बधाई



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के क्रिकेटर राहुल तेवतिया का इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चयन होने पर जजपा इनसो जिला चेयरमेन रवि शर्मा सेक्टर-8 स्थित तेवतिया हाउस पहुंचे और वहां उनके पिता वकील केपी तेवतिया को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। रवि शर्मा ने कहा कि पूरे फरीदाबाद को राहुल तेवतिया पर गर्व है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल होकर राहुल ने फरीदाबाद के क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया है। रवि शर्मा ने कहा कि क्रिकेट प्रेमियों को पूरा भरोसा है कि इंग्लैंड के खिलाफ मैचों में राहुल अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी का ऐसा जलवा दिखाएंगे जिससे पूरा फरीदाबाद झूम उठेगा। उन्होंने कहा कि राहुल मेरा बचपन का दोस्त है और हम दोनों ने मिलकर काफी क्रिकेट खेला है। रवि शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए क्योंकि राहुल तेवतिया के दिन-रात की कड़ी मेहनत का नतीजा है जो आज वे इस मुकाम पर है। राहुल तेवतिया के पिता वकील केपी तेवतिया ने कहा कि वह मेरा नहीं पूरे फरीदाबाद का बेटा है। आज फरीदाबाद की जनता खासकर युवा उसे जिस तरह प्यार दे रहे हैं वो वाकई में काबिले तारीफ है।

### झपटमार की गिरफ्तारी से पांच वारदातें सुलझी

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी उपनिरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने शातिर आरोपी आकाश को स्नैचिंग के जुर्म में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ स्नैचिंग की धाराओं के तहत फरीदाबाद में पांच मुकदमे दर्ज हैं। मुकदमों के तहत आरोपी के कब्जे से सोने की दो चेन, सोने का एक लॉकेट और 17000 रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गलत लड़कों के संगत में पड़कर गांजे का नशा करने लगा था और नशे की पूर्ति व पैसे कमाने के लिए मोबाइल छीनने की वारदात के तहत वर्ष 2018 में जेल जा चुका है। 2019 में जब वह जेल से बाहर आया तो ओर अधिक पैसे कमाने के चक्कर में उसने अपने दो साथियों पीयूष और दीपक के साथ मिलकर दिल्ली और फरीदाबाद में छीना झपटी की कई वारदातों को अंजाम दिया।आरोपी के दोनों साथी पहले ही जेल में सजा काट रहे हैं। आरोपी को 18 फरवरी को गिरफ्तार करके पुलिस रिमांड पर लिया।

# बदमाशों ने मां के गहने लूटने के बाद बेटे की कर दी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**गांव** भैंसरावली स्थित एक मकान में बीती रात नकाबपोश बदमाश पहुंच गए। बदमाशों ने कमरे में सो रही महिला को आल आउट पिलाकर बेहोश कर दिया। पास सो रहे महिला के दस साल के बच्चे की गला घोटकर बदमाशों ने हत्या कर दी और महिला के गहने लूटकर फरार हो गए। सुबह होश आने पर महिला ने शोर मचाया। पुलिस ने मृतक बच्चे के दादा की शिकायत पर हत्या और लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भैंसरावली निवासी लच्छीराम दीक्षित ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा राकेश दीक्षित और छोटा राजकुमार दीक्षित है। दोनों की दो शादी सगी बहनों से हुई है। दोनों के दो-दो बच्चे भी हैं। राकेश दीक्षित गुड़गांव स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। जबकि राजकुमार दुबई गए हुए हैं। रविवार की रात दो नकाबपोश बदमाश उनके घर में घुसे और ऊपर कमरे में सो रही राकेश की पत्नी रंजना रानी को जबरन आलआउट पिला दिया। उसके बेहोश होने पर उसके दस साल के बेटे यक्ष दीक्षित की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि घटना की रात मृतक बच्चे के पिता राकेश दीक्षित घर पर नहीं थे। वे 18 फरवरी को इंदौर अपने गुरुजी के पास मिलने गए थे। ऊपर वाले कमरे में उनकी पत्नी रंजना रानी, दस साल का बेटा यक्ष और पांच साल का मनन सो रहे थे। जबकि नीचे के कमरे में शिकायतकर्ता लच्छीराम दीक्षित, उनकी पत्नी सरोज दीक्षित और छोटी पुत्रवधू रीना सो रहे थे। शिकायतकर्ता के मुताबिक बदमाश महिला के कान से कुंडल, अंगूठी और अन्य गहने भी लूट ले गए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिजनों ने बताया कि सुबह के समय रंजना रानी ऊपर के कमरे से किसी तरह नीचे पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन ऊपर वाले कमरे में पहुंचे और यक्ष को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक बच्चे यक्ष के चेहरे पर खरोंच के भी निशान हैं। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## छात्रों को नहीं मिल रही है अंग्रेजी की शिक्षा

**फरीदाबाद।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदावली में कक्षा नौ से 12 के छात्रों की संख्या 138 है। इस स्कूल में दो अंग्रेजी के पीजीटी टीचर नियुक्त है। दो साल से एक पीजी टीचर हंसराज को मंडल आयुक्त कार्यालय की एफएफआरसी शाखा में लगाया हुआ है। स्कूल के विद्यार्थियों को अंग्रेजी की पर्याप्त पढ़ाई नहीं मिल पा रही है। स्कूल की मैनेजमेंट कमिटी ने शिकायत करने पर अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा डॉ. महावीर सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिए थे कि टीचर का डेपुटेशन रद्द करके तुरंत चंदावली स्कूल में भेजा जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने 13 मार्च 2020 को अध्यापक को रिलीव करके चंदावली स्कूल में ड्यूटी ज्वाइन करने के आदेश दे दिए थे लेकिन इस टीचर ने राजनीतिक दबाव डलवा कर आदेश को स्थगित करा दिया। अभिभावक एकता मंच के जिला सचिव एडवोकेट शिव कुमार जोशी,जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा व सीनियर सिटीजन राजपाल शर्मा ने कहा है कि जहां विद्यार्थियों को इस टीचर की जरूरत है।

# कोरोनाः 14 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46444



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सोमवार को 14 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। इनमें चार्म्सवुड विलेज से 4, सेक्टर-23, सेक्टर-15, सेक्टर-दो, ग्रीन फिल्ड कालोनी, सूरजकुंड, चावला कालोनी, सेक्टर-82 और अन्य एरिये से 1-1 मरीज है।

वहीं सेक्टर-86 से दो मरीज सामने आए है। राहत की बात यह रही कि जिले में फिलहाल 4 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर है। सोमवार को जिले में 627 सैम्पल जांच किए गए।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 534057 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46444 |
| अब तक नेगेटिव | : 486788 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 825 |
| ऑक्सीजन पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 416 |
| अब तक ठीक | : 45962 |

## राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता आयोजित

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने हरियाणा राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि हरियाणा राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में विद्यालय की छात्राओं को क्वीज, निबंध, डॉक्युमेंटरी फिल्म, स्किट और डिबेट प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। प्रतियोगिताओं में से विद्यालय की छात्राओं को डॉक्युमेंटरी फिल्म मेकिंग में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि छात्रा निकिता भाटिया, अध्यापक दीपिका और शिवम वाधवा, आशा वर्मा सहित सभी छात्राओं और अध्यापकों की परिश्रम पर समूचा विद्यालय परिवार गर्वान्वित है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा और सभी अध्यापकों ने हरियाणा राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में भाग ले कर आई सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप जो अनुभव ले कर आई है उसे आप से कोई छीन नहीं सकता और यह अनुभव आप की जीवन में आगे बढ़ने के लिए और प्रतियोगी बनने के लिए प्रेरित करेगा।

# हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण पदक और तीन ट्रॉफी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एथलेटिक्स** हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ द्वारा दी जानकारी के अनुसार 55वीं राष्ट्रीय क्रासकंट्री अथवा लम्बी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 21 फरवरी को केंद्रशासित राज्य चंडीगढ़ में एथलेटिक्स संघ चंडीगढ़ के द्वारा किया।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि हरियाणा राज्य ने पहली बार राष्ट्रीय क्रास कंट्री अथवा लम्बी दौड़ प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक के साथ महिला वर्ग टीम ने 24 अंक लेकर प्रथम स्थान ट्रॉफी, 20 साल लड़की वर्ग टीम में 48 अंक लेकर तीसरे स्थान की ट्रॉफी और 20 साल आयु वर्ग लड़का टीम ने 64 अंक लेकर दूसरे स्थान की ट्रॉफी जीतकर एथलेटिक्स हरियाणा ने एक नया अध्याय लिखने का कार्य किया है। स्वर्ण पदक विजेता धाविका और धावकों में सोनिका 10 किलोमीटर दौड़, प्रिंस नागर 8 किलोमीटर दौड़, गगन सिंह छह किलोमीटर दौड़, रोहित 2 किलोमीटर दौड़ में शामिल रहा। राजकुमार मिटान ने बताया कि महिला वर्ग 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान की ट्रॉफी जीतने वाली धाविकाओं में सोनिका, मुन्नी देवी, भारती, संजू, अनीता और रीनू शामिल रही। 20 साल आयु वर्ग लड़का में दूसरे स्थान की ट्रॉफी जीतने वाले धावकों की 8 किलोमीटर दौड़ में प्रिंस नागर, मोहित सिंह, रवि गुलिया, विकास, मयंक शर्मा और पुनीत यादव आदि हैं।

राजकुमार मिटान ने बताया कि 20 साल आयु वर्ग लड़की 6 किलोमीटर दौड़ में हरियाणा की धाविकाओं के बेहतरीन दौड़ प्रदर्शन से भादो, साक्षी, मधु, अंजलि देवी, प्रमिला और मधु ने तीसरे स्थान की ट्रॉफी जीत हरियाणा राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाया। एथलेटिक्स हरियाणा टीम के कोच यशपाल चोपडा, कुलदीप अहलावत और टीम मैनेजर धर्मबीर चिकारा, रेखा ने सभी ट्रॉफी और पदक विजेता खिलाड़ियों को इस उपलब्धि भरी जीत की बधाई दी। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू ने आशीर्वाद दिया

# सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी कर पकड़े बिजली चोर

## बिजली का बढ़ा हुआ मिला लोड, सभी पर मामला हुआ दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एसजीएम** नगर स्थित ए ब्लाक में बिजली चोरी की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग, विजिलेंस व बिजली डिपार्टमेंट की टीम के सदस्यों ने छापा मारा। जिसमें चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। वहीं इस बड़ी कार्रवाई से आसपास के लोगों में खलबली मच गई। टीम के सदस्यों ने चारों लोगों के मीटर सील करके अपने साथ ले लिए। चारों पर मामला दर्ज करा कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। चारों आरोपियों में एक महिला भी शामिल थी।

जानकारी के मुताबिक एसजीएम नगर स्थित ए ब्लाक में सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर जगदीश, विजिलेंस टीम के इंस्पेक्टर सुभाष और बिजली विभाग के एसडीओ पीडी कौशिक और जेई ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें इंस्पेक्टर जगदीश ने बताया कि उन्हें सूचनाएं मिल रही थी कि यहां इलाके में 10 वाट के लोड पर 50 किलोवाट का लोड चलाकर बिजली चोरी करके बिजली निगम को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिस पर उन्होंने बिजली विजिलेंस, बिजली डिपार्टमेंट और पुलिस को साथ लेकर छापेमारी की। जहां उन्होंने पाया कि असगर खान, आस मोहम्मद, शायरा, गुलशन सचदेवा को गिरफ्तार किया है। चोरों में किसी की आटा चक्की है, तो किसी की वर्कशॉप चल रही है। वहीं जांच में टीम ने पाया कि गुलशन की पिछले चार साल से बिल नहीं है, उसने बताया कि बिल नहीं आया, तो उसने बिजली विभाग को सूचना तक नहीं दी। वहीं दूसरी तरफ पता चला कि 9 से 10 वाट के कनेक्शन पर आरोपियों ने 50 वाट तक का लोड डाला हुआ था। जिस पर चारों को गिरफ्तार करके पुलिस को सौंप दिया और मामला दर्ज करा दिया है।



फोटो : राजेश पुंजानी

# तेजवंत सिंह ने कार्यकर्ताओं संग आप में आस्था जताई

## भाजपा सरकार से देश का हर वर्ग दुखीः धर्मबीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना देशभर में बढ़ती महंगाई एवं पेट्रोल-डीजल के आसमान छूते दामों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि केंद्र-प्रदेश की सरकार ने जमकर लूटमार मचाई है। आज प्रदेश व देश का हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है, लेकिन मोदी सरकार अपने अहंकार में चूर है।

देश का अन्नदाता पिछले 3 महीने से अधिक समय से सड़कों पर बैठा हुआ है, मगर मोदी व अमित शाह के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस नीति की बात करके सत्ता हासिल करने वाली मनोहर सरकार की पोल खुल चुकी है। नगर निगम, बिजली निगम, हुडा, पुलिस प्रशासन, रेवेन्यू विभाग, एक्साईज विभाग सभी जगह लूटमार हो रही है। उधर बड़खल विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष तेजवंत सिंह बिट्टू ने कहा कि लॉकडाउन की मार से अभी लोग उबरे नहीं है और अब महंगाई की मार जनता पर पड़ गई है।

आम आदमी पार्टी प्रदेश में मजबूती के साथ ग्राम पंचायत एवं निकाय चुनावों में हिस्सा लेगी। आम आदमी पार्टी का युवा विंग, सोशल मीडिया ग्रुप एवं महिला मोर्चा इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। मीटिंग में तेजवंत सिंह बिट्टू ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। डीएस चावला, कुलदीप चावला, जोगिन्दर चंदीला, एस के चित्रा, परमजीत कौर, हरप्रीत सिंह, कादिर मलिक, वीणा कुमारी, पंकज शुक्ला, हेमंत पंडित मौजूद थे।

# जिम ट्रेनर व युवती की हत्या में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**दोहरे** हत्याकांड मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में खुलासा करते हुए एसीपी हेडक्वार्टर आदर्शदीप सिंह ने बताया कि 16 फरवरी को एनआईटी एरिया में हुए जिम ट्रेनर व युवती हत्याकांड मामले में पुलिस ने चार आरोपियों प्रकाश उर्फ प्रिंस उर्फ पीके, लक्की उर्फ नोनू, भव्य उर्फ मुन्नू व कर्ण को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पीके से महिला की दोस्ती टूट गई थी। युवती की जिम ट्रेनर लोकेश से दोस्ती हो गई थी। इसके चलते आरोपी प्रकाश ने जिम ट्रेनर व अपनी पूर्व महिला दोस्त की हत्या करने की साजिश रच डाली थी। वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी ने अपने दोस्त लक्की और भव्य को शामिल किया और चौथे आरोपी मेरठ निवासी कर्ण से देशी पिस्टल लेकर आया और वारदात को अंजाम दे डाला। हत्या करने से पहले मुख्य आरोपी प्रकाश उज्जैन के महाकाल मंदिर में मन्नत मांगने के लिए जाता था कि इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अगर पकड़ा नहीं गया तो वह दोबारा से मंदिर में दर्शन करने के लिए आएगा, लेकिन सीआईए डीएलएफ के द्वारा दर्शन करने से पहले ही आरोपी को पर्वतीय कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया।

16 फरवरी 2021 की शाम युवती स्कूटी लेकर अपने घर से निकली। आरोपी प्रकाश और लक्की अपनी स्कूटी पर युवती का उसके घर से ही पीछा करते हुए एक नंबर मार्किट में गए। युवती से मिलने गोल्डी उर्फ लोकेश भी अपनी स्विफ्ट गाड़ी लेकर वहां आ गया था। युवती और लोकेश गाड़ी में बैठकर बात कर रहे थे। दोनों को गाड़ी में बैठा देखकर आरोपी प्रकाश ने दोस्त भव्य को फोन करके अपने घर पर रखी पिस्टल मंगवाई। भव्य के आने पर प्रकाश पिस्टल लेकर गोल्डी की गाड़ी में घुस गया तथा लक्की व भव्य गाड़ी के पास खड़े होकर निगरानी करने लगे। तभी आरोपी प्रकाश उनकी गाड़ी की खिड़की खोलकर फुर्ती से पिछली सीट पर बैठ गया और जिम ट्रेनर से बहस बाजी हुई और आरोपी ने योजनानुसार गाड़ी में ही गोल्डी के सिर और मयंका की छाती में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी और तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

## एसडीएम ने बाल सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारम्भ

**फरीदाबाद।** उपायुक्त, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद के मार्गदर्शन में परिषद द्वारा बाल सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ पंकज सेतिया एसडीएम बड़खल ने रिबन काटकर किया। इसकी शुरुआत राहुल कॉलोनी के बच्चों के साथ राजकीय प्राथमिक पाठशाला से की गई। जिसमें 270 बच्चे उपस्थित रहे।

जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेन्द्र मलिक ने बताया कि इसमें गरीब बच्चों को सुरक्षा, सतर्कता और स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। यह कार्यक्रम शहर के स्लम इलाकों में रहने वाले बच्चों को बाल सुरक्षा व स्वच्छता के लिए जागरूक करने के लिए किया। बच्चों को सुरक्षा, सतर्कता व स्वच्छता का पाठ पढ़ाने के लिए, जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद की ओर से जागरुकता अभियान एक हफ्ते के लिए चलाया जाएगा। साप्ताहिक बाल सुरक्षा शिविर के साथ इस अभियान की शुरुआत की गई। जिले में झुग्गियों में रहने वाले बच्चों को जागरूक करने के लिए जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से योजना बनाई गई है।

# 11 महीने बाद पटरी पर दौड़ी पलवल से ईएमयू शटल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कोरोना** महामारी से जहां एक तरफ लोगों को हिला कर रख दिया था, वहीं पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों के बीच बंद पड़ी ट्रेनों के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई थीं। पिछले 11 महीने से लोकल ट्रेनों का संचालन कोरोना के कारण बंद था। ऐसे में बस, मेट्रो, ट्रेक्सी और निजी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे यात्रियों को अपनी जेबे ढीली करनी पड़ रही थी, लेकिन लोगों को सोमवार को उस वक्त राहत मिली जब 11 महीने से बंद पड़ी ट्रेनों का संचालन रेलवे विभाग ने शुरू कर दिया। फिलहाल एक ही ईएमयू शटल का संचालन पलवल से गाजियाबाद तक शुरू किया गया है। शटल के शुरू होने से दैनिक यात्रियों में काफी उत्साह देखा गया। यात्रियों द्वारा मांग की गई है कि बाकी ट्रेनों का संचालन भी जल्द शुरू किया जाए जिससे उनकी यात्रा सुगममय हो।

**लाखों नौकरीपेशाः** पलवल से फरीदाबाद व दिल्ली ड्यूटी करने वाले प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोग ट्रेनों का सफर करते हैं, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान ट्रेनों का संचालन पिछले 11 महीनों से बंद था। जिससे दैनिक यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों को समय-समय के साथ-साथ पैसे की हानि भी उठानी पड़ रही थी। लोगों को अधिक रुपये खर्च कर प्राइवेट वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक यात्रा पहुंचना पड़ रहा था। कुछ लोगों की लॉकडाउन के कारण नौकरी चली गई, तो कुछ ने ट्रेन न चलने के कारण दिल्ली, नोएडा से जॉब ही छोड़ दी।

**मिली राहतः** रेलवे विभाग द्वारा शुरू किए गए ईएमयू शटल से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# गुरुग्राम : फिरोजगांधी कॉलोनी में युवक की गोली मारकर हत्या

## हमलावरों ने करीब डेढ़ दर्जन फायर युवक मनीष पर किए

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

## गाड़ी में सवार होकर घर से निकलते ही किया मनीष पर हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम की फिरोजगांधी कॉलोनी में गोलियों से मारे गए युवक की गाड़ी व मौके पर जांच करती पुलिस टीम।

**यहां** बसई रोड स्थित फिरोजगांधी कॉलोनी में सोमवार को एक गाड़ी में सवार युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। जब तक युवक कुछ समझ पाता, हमलावरों ने एक के बाद एक करीब डेढ़ दर्जन राउंड उस पर फायर किए। युवक की गाड़ी में ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचे। सोमवार को पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 11 बजे फिरोजगांधी कॉलोनी निवासी मनीष पुत्र बुधराम (28) काले रंग की महिंद्रा एसयूवी कार में सवार होकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान दो युवकों ने उसकी गाड़ी पर पिस्टल तान दी। जब तक मनीष कुछ समझ पाता, एक के बाद एक उन्होंने मनीष पर गोलियों की बौछार कर दी। गाड़ी के चारों ओर घूम-घूमकर उन्होंने मनीष पर गोलियां दागी। गाड़ी के आगे, साइड के शीशे टूट गए और कई गोलियां शीशे को पार करते हुए मनीष को जा लगी। जैसे ही मनीष अचेत हुआ तो हमलावर पिस्टल लहराते हुए वहां से फरार हो गए। इसी बीच वहां आसपास मौजूद लोगों ने मनीष को गाड़ी से निकाला और नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए। गाड़ी के आसपास बिखरे गोलियां के खोल कब्जे में लिए और गाड़ी का भी मुआयना किया। पुलिस ने आसपास लोगों से भी पूछताछ की। घरों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी कब्जे में ली, ताकि घटना की तस्वीरें, वीडियो क्लिप खंगालकर हमलावरों की गिरफ्तारी को मदद ली जा सके। इस घटना की सूचना के तुरंत बाद से आसपास के क्षेत्र के पुलिस नाकों पर चौकसी भी बढ़ाई गई। ताकि हमलावरों को पकड़ा जा सके। बताया जा रहा है कि मनीष बसई गांव का रहने वाला था। यहां यहां किससे मिलने आया था, इसके बारे में भी पुलिस पता लगा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना में किसी गैंगवार के एंगल से भी जांच की जा रही है। मनीष की पृष्ठभूमि भी खंगाली जा रही है। परिजनों से किसी पुरानी रंजिश के बारे में भी पुलिस ने बात की है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई थी।

## महंगाई मुद्दे पर कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गुरुग्राम।** कृषि के तीन काले कानून, बढ़ती महंगाई, बढ़ते पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस सिलेंडर के रेट, बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी गुरुग्राम ने विरोध प्रदर्शन कर तिरंगा यात्रा निकाली। पुरानी जेल चौराहा, नजदीक सोहना चौक से प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी राजीव चौक पंहुचे। वहां धरने पर बैठे किसानों का समर्थन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की।

इस दौरान पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, राव कमलबीर, सुधीर चौधरी, डॉ. शमसुद्दीन के अलावा गुरुग्राम के प्रभारी हरपाल सिंह बुरा मुख्य रूप से मौजूद रहे। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि देश की आजादी के लिए कांग्रेस पार्टी देश के सम्मान तिरंगे झंडे को साथ लेकर चली थी और तिरंगे को चार चांद लगाते हुए न जाने कितने आंदोलन किए थे जब जाकर देश को आजादी मिली थी।

# इज ऑफ डूइंग के साथ इज ऑफ लीविंग की आवश्यकता : बोधराज सीकरी

## महामारी से आई मंदी के बीच निजी क्षेत्र बन सकता है सेतू

## आत्मनिर्भर भारत- भविष्य की योजना पर केंद्र-राज्यों का समन्वय बेहतर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



बोधराज सीकरी।

**प्रसिद्ध** उद्योगपति, सामाजिक चिंतक, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बोधराज सीकरी का कहना है कि हमें प्रतिस्पर्धी, सहकारी संघवाद को न केवल राज्यों के बीच लाने का प्रयास करना होगा, देश को वैश्विक अवसरों को पाने के लिए इज ऑफ डूइंग बिजनेस प्राप्त करने के साथ-साथ इज ऑफ लीविंग प्राप्त करने की आवश्यकता है।

यहां जारी वक्तव्य में श्री सीकरी ने कहा कि देश में कोरोना महामारी के साथ जो आर्थिक मंदी आई है, उसने देश को प्रभावित तो किया है, लेकिन देश ने हार नहीं मानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का ही यह परिणाम है कि आज सब फिर से उठ रहे हैं। निजी क्षेत्र भी इस दौर में एक सेतू का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया कि एक ठोस नीति ढांचे की आवश्यकता है। इस संदर्भ में केंद्र और राज्यों के बीच सामंजस्य बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए निजी क्षेत्र को बढ़ने देना चाहिए और राज्यों और केंद्र दोनों को उनका समर्थन करना चाहिए। जिस तरह से हमने कोरोना की दवा बनाकर दुनिया के सामने एक उदाहरण पेश किया है, इससे भारत की अच्छी छवि पूरी दुनिया के सामने बनी। श्री सीकरी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भारत के नागरिकों के लिए हमें जीवन जीने में आसानी और बेहतर प्रयास करना चाहिए। यह हम भारतीयों की आकांक्षाओं को प्राप्त करने और उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। पिछले कुछ वर्षों में बैंक खाते खोलने, टीकाकरण और स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि, मुफ्त बिजली कनेक्शन, मुफ्त गैस कनेक्शन जो गरीबों को सशक्त किया है, उनके जीवन में बहुत बदलाव आए हैं। उनका जीवन आसान हुआ है। श्री सीकरी के मुताबिक जिस तरह से रोजाना हम प्रधानमंत्री को पढ़, सुन रहे हैं, उससे साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एजेंडे में कृषि, बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, मानव संसाधन विकास, जमीनी स्तर पर सेवा वितरण, स्वास्थ्य और पोषण शामिल हैं। उनकी यही सोच देश में उनकी साख को मजबूत बनाए हुए है।

## विकास कार्यों में कोताही पर सस्पेंड महिला सरपंच बहाल

**फर्रूखनगर।** खंड के गांव जोडी खुर्द में आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में मिट्टी का भराव, इंटर लॉकिंग निर्माण में बरती गई कोताही मामले में सरपंच सपना देवी को क्लीन चिट दे दी गई है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट का जिला उपायुक्त यश गर्ग ने अवलोकन किया। इसके बाद तुरंत प्रभाव से उन्हें सरपंच पद पर बहाल कर दिया है। सरपंच की बहाली के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बतां दे कि गोविंद राम पुत्र सत्यनारायण निवासी जोडी खुर्द द्वारा 16 जून 2020 को सरपंच द्वारा कराये गए विकास कार्यों में कोताही बरतने के आरोप लगाए गए थे। जिला उपायुक्त ने सरपंच सपना देवी को निलम्बित कर नियमित जांच मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गुरुग्राम को करने के आदेश दिए गए थे। शिकायत की जांच रिपोर्ट में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी फर्रूखनगर ने 17 अगस्त 2020 सौंपी रिपोर्ट का वर्तमान जिला उपायुक्त यश गर्ग ने अवलोकन किया है।

# सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान किया तो नपेंगे

## अधिकारियों को जारी किए दिशा-निर्देश



धूम्रपान कानून को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी प्रशांत पंवार।

**गुरुग्राम।** जिला में अब सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इस संबंध में सोमवार को जिला के अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

जिला में सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन व धूम्रपान को नियंत्रित करने संबंधी सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए)-2003 को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में सभी विभागों के अधिकारियों को सीओटीपीए-2003 अधिनियम को लागू करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी अधिकारियों से हर महीने इस बारे में रिपोर्ट भी तलब की जाएगी। बैठक में उपस्थित जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. विनी यादव ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को कोटपा एक्ट के तहत कानूनी प्रावधानों के बारे में अवगत करवाना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस एक्ट की पालना सुनिश्चित करते हुए सक्रियता से काम करें ताकि इस एक्ट को पहले की अपेक्षा और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से चालान बुक प्राप्त कर लें और कहीं भी एक्ट की अवहेलना नजर आए तो नियमानुसार कार्रवाई करें।

# ...जब गुरुग्राम के डीसी ने निगली एलबेंडाजोल टैबलेट



गुरुग्राम में एलबेंडाजोल टैबलेट खुद खाने के बाद एक छात्र को खिलाते जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग।

**गुरुग्राम।** उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम (डी-वार्मिंग) की शुरुआत सेक्टर-31 स्थित पोली क्लीनिक से की। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त ने स्वयं एलबेंडाजोल टैबलेट का सेवन करते हुए की और लोगों को विश्वास दिलाया कि दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इसके बाद वहां उपस्थित बच्चों व युवाओं को ये टैबलेट खिलाई गई।

जिला में 28 फरवरी तक अभियान चलाया जाएगा, जबकि मॉप अप राउंड 1 से 3 मार्च तक होगा। इस दौरान जिला में 1 से 19 साल तक के बच्चों व युवाओं को एलबेंडाजोल टैबलेट दी जाएंगी। इस दौरान लोगों को एलबेंडाजोल के फायदों के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव ने बताया कि यह टैबलेट अत्यंत फायदेमंद है जो पेट के कीड़ों को मारती है। कई बार दवा का सेवन करने के बाद बच्चों को उल्टी, डायरिया या चक्कर आने की शिकायत हो जाती है जिसका कारण बच्चों के पेट में कीड़ों का होना हो सकता है। ऐसी स्थिति में घबराएं नहीं और बच्चे को आराम करने के लिए लेटा दें। उन्होंने कहा कि एलबेंडाजोल टैबलेट अच्छी गुणवत्ता की तो है ही, साथ ही इसके कोई साईड इफेक्ट नहीं है।

नोडल अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉ. ईशा नारंग ने बताया कि नंगे पांव फर्श पर घूमने से भी पेट में कीड़े होने की आशंका होती है, इसलिए यह जरूरी है कि हम फर्श पर नंगे पांव ना घूमें और अपने हाथों व शरीर को साफ-सुथरा रखें।

## भोंडसी में बंद मकान का ताला तोड़ लाखों रुपये के जेवरात चोरी

**सोहना।** भोंडसी के मोहननगर कॉलोनी में मकान का ताला तोड़ लाखों रुपये के जेवरात चोरी हो गए। पीड़ित परिवार दो दिन पहले शादी समारोह में गया था। भोंडसी की मोहननगर कॉलोनी में रहने वाली संतोष देवी पत्नी शेरसिंह ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को घर से बाहर शादी समारोह में शामिल होने को गई थी। अपने घर के मेन गेट पर ताला लगाकर गई थी। सोमवार सुबह तीन बजे वह शादी में से वापस आई तो उसके घर के मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा और लोहे की अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था। जिसमें रखे डेढ़ से दो लाख रुपये के सोने व चांदी के जेवरात गायब थे। जिसमें एक सोने की अंगूठी, 4 लौंग, 2 सोने की नथ, पिन व चांदी की 4-5 जोडी पायल चांदी के सिक्के, अंगूठी व अन्य जेवरात गायब थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

# रीडिंग प्रमोशन सप्ताह समापन में विधार्थियों को किया सम्मानित

**कैलाश मंगला।** होडल



रीडिंग प्रमोशन सप्ताह कार्यक्रम के समापन पर विधार्थियों को सम्मानित करते अध्यापकगण।

**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय पैंगलतु में आयोजित रीडिंग प्रमोशन सप्ताह कार्यक्रम के तहत गतिविधियों में भाग लेने वाले विधार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अध्यापक भगवान सिंह सौरोत ने और मंच संचालन एबीआरसी कुसुम पालीवाल ने किया।

सौरोत ने बताया कि पठन कौशल के द्वारा विद्यार्थी अपनी संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान प्राप्त करता है। यह पढ़ने की आदत न केवल विद्यालय स्तर तक अपितु जीवन पर्यंत रहनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत का विकास करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रीडिंग प्रमोशन सप्ताह कार्यक्रम चलाया है। चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, अभिनय, कहानी सुनाना, कविता, रंगोली, न्यूज बनाना आदि विभिन्न गतिविधियों में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्र म में अंजना सातवी, भारती सातवीं, दीपिका छठवीं, प्रीति आठवीं, पायल आठवीं, नेहा सातवी, मोनिका आठवीं और अभिभावक शीशराम को कहानी सुनाने के लिए शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमर चंद शास्त्री, देवेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, सरिता, सुनीता, दयाराम आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्याध्यापक भगवान सिंह सौरोत द्वारा सभी अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों व अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया गया।

## विश्व चिंतन दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**होडल।** विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल द्वारा बृजरज पब्लिक स्कूल भुलवाना के प्रांगण में पर्यावरण तथा सामाजिक सौहार्द विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने तथा आपसी सौहार्द की भावना को बनाए रखने के लिए संस्था के स्वयंसेवक विभिन्न पेंटिंग्स के माध्यम से समाज को विश्व शांति का संदेश दे रहे हैं। विश्व भर में 22 फरवरी को विश्व चिंतन दिवस यानी वर्ल्ड थिंकिंग डे मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब वे दुनिया के सभी देशों में अपनी बहनों और भाइयों के बारे में सोचते हैं। 22 फरवरी को ही स्काउटिंग और गाइडिंग के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बैडेन-पॉवेल और लेडी ओल्वे बाडेन-पॉवेल, उनकी पत्नी और विश्व मुख्य मार्गदर्शक का जन्मदिन था।

## संक्षिप्त समाचार

### मौलाना अब्दुल कलाम आजाद को दी श्रद्धांजलि



**गुरुग्राम।** सोमवार को मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर सोमवार को यहां राजेंद्रा पार्क के ई-ब्लॉक में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कॉलोनी की काफी महिलाओं, बच्चियों ने उनको कैंडल जलाकर नमन किया। महिला जन सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष रूपा पटेल ने की। मौके पर रितू, बेबी, सीमा, निमो, निशा, मुस्कान, हरसीता, रश्मि, राजन, सुशील, राजेंद्र, राजेश पटेल आदि मौजूद रहे। रूपा पटेल ने कहा कि मोलाना अब्दुल कलाम आजाद कवि, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। आजादी के बाद वे उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले से 1952 में सांसद चुने गए। वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने।

### बाइक सवार युवक ने एसपीओ को थप्पड़ मारा

**सोहना।** जखोपुर में बाइक सवार युवक ने एसपीओ को थप्पड़ मार दिया। युवक ने राइडर चालक समेत एसपीओ को जान से मारने की धमकी भी दी। सोहना सदर थाना में तैनात एसपीओ प्रहलाद ने जिला नूंह के गांव खेड़ली दौसा थाना रोजका मेव निवासी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एसपीओ ने अपनी शिकायत में बताया कि वह सिपाही विरेन्द्र के संग राइडर-75 पर गनमैन के साथ था। रविवार शाम करीब साढ़े 7 बजे सूचना मिली कि कुछ नौजवान युवक आपस में सड़क के बीच तू-तड़ाक कर रहे हैं। वह मौके पर पहुंचा तो उनकी बाइक व स्कूटी को सड़क के बीच में से एक तरफ करा दिया। उनके बीच में उपजा विवाद सुन रहा था। उसी समय खेड़ली दौसा निवासी युवक राजू पुत्र बिल्लू ने उसके मुंह पर थप्पड़ मार दिया।

### पोषण अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**गुरुग्राम।** सर्कल शिवाजी और सर्कल चिन्योट में पोषण अभियान के तहत महिला गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा कविता सुपरवाइजर द्वारा तैयार की गई। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी कृष्णा भारद्वाज और सुपरवाइजर ममता रही। कृष्णा भारद्वाज ने पोषण के लिए महिलाओं को जागरूक किया। सुपरवाइजर कविता ने सभी महिलाओं को विभागीय हिदायतों के तहत गेम के माध्यम से एक बहुत ही सुंदर संदेश दिया कि किस तरह से अच्छा खाना खाने से सीडी नुमा तरीके से हम स्वस्थ के पड़ाव तक पहुंच सकते हैं। सभी महिलाओं ने खूब मनोरंजन किया। पोषण वाटिका में पौधे लगाकर एक शपथ ली गई कि हरी पत्तेदार सब्जियों की प्राथमिकता दी जाएगी।

### निरंकारी महाविद्यालय में एनएसएस के छात्रों ने लगाए पौधे



**सोहना।** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय परिसर में एनएसएस के छात्रों ने पौधारोपण किया। कॉलेज के चेयरमैन आरएस मंहास समेत अन्य समाज सेवियों ने पौधारोपण के लिए छात्रों को प्रेरित किया। सोमवार को नगर के निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में एनएसएस के छात्रों को संबोंधित करते हुए मुख्य अतिथि चेयरमैन आरएस मंहास ने कहा कि अपने अंदर छुपी प्रतिभा व योग्यता उजागर करने में कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। जीवन में लक्ष्य समय के अनुसार बनाकर चलें। ताकि समय के अनुसार हर सुख, मस्ती और मनोरंजन का आनंद लेते हुए जी सके। मन्हास ने कहा कि पौधे हमेशा ऊंचाई की और बढ़ते हैं। वैसे ही जीवन को गलत कार्यों से बचाते हुए पेड़ों की भॉति फलदार बनाएं। पौधारोपण से हमें यही प्रेरणा लेनी चाहिए कि लक्ष्य विहीन जीवन नहीं बनाना चाहिए। जैसे पेड़ सूखने, टूटने के बाद उनकी लकड़ियों ईंधन या दवा बनाने में उपयोग होती हैं। वैसे ही मनुष्य जीवन को इतना गुणकारी बनाएं। जिनसे प्रेरित होकर आने वाली संतान भी अपना जीवन सुखी बना सके। मौके पर गेस्ट ऑफआनर्स अधिवक्ता देवदत शर्मा, उपप्रधानाचार्य डॉ. प्रेरणा, डॉ. डीपी शर्मा आदि मौजूद थे।


### कंडक्टर बदलने के चलते 9 घंटे बिजली सप्लाई रही बाधित

**तावडू।** सिलखो आरडीएस फ़ीडर से जुड़े बिजली उपभोक्ताओं को बिजली के लिए सोमवार 9 घंटे इंतजार करना पड़ा। सुबह 10 बजे गुल हुई बिजली शाम 7 बजे के बाद आई। फ़ीडर पर लगे पुराने कंडक्टर को बदले जाने के कारण यह समस्या रही। इसके लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 66 केवी सब स्टेशन से शट डाउन किया हुआ था, लेकिन कंडक्टर के बदले जाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली बंद रहने की बिजली निगम द्वारा पहले से कोई भी सूचना लोगों को नहीं दी गई। जिसकी वजह से लोगों को परेसानी का सामना करना पड़ा। संबंधित कनिष्ठ अभियंता नसीम व लाईन मैन अकरम ने बताया कि साल 2008-09 में शिलखो आरडीएस फ़ीडर पर 50 एमएम कैपिसिटी का कंडक्टर लगाया गया था,जो अधिक लोड व जर्जर होने के कारण आये दिन टूट रहा था, जिसकी वजह से जहां निगम को लॉस हो रहा था, वहीं उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# पुल के निर्माण से मिलेगी जाम से मुक्ति : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने 25 करोड़ रुपये की लागत से बने छह लाइन के ऊपरगामी पुल का उद्घाटन किया

**मुकेश कुमार।** पलवल



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सोमवार को पलवल के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-2 के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-19 पर 25 करोड़ रुपये की लागत से बने छह लाइन के ऊपरगामी पुल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पलवल के विधायक दीपक मंगला भी मौजूद थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-19 पर बनाए गए ऊपरगामी पुल से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। पुल के निर्माण से लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी और समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर गांव सीकरी व बामनीखेड़ा में 25-25 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे ऊपरगामी पुलों को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा, जिसके बाद दिल्ली से आगरा जाने वाले लोगों को जाम से निजात मिलेगी और लोगों के समय व धन की बचत होगी। इसी प्रकार गांव पृथला में भी राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर 50 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे ऊपरगामी पुल का निर्माण कार्य भी मार्च में पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-19 पर ऊपरगामी पुलों का निर्माण होने से फरीदाबाद से पलवल और मथुरा-आगरा तक आने-जाने के समय में काफी बचत होगी और राहगीर अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष में पलवल में बन रहे एलिवेटिड पुल का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। इस समय इस एलिवेटिड कार्य का तीव्र गति चल रहा है।

अतिरिक्त उपायुक्त सतेन्द्र दूहन, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता धीरज सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रभान गुप्ता, वरिष्ठ नेता एलडी वर्मा, गंगालाल गोयल, पवन अग्रवाल, वीरपाल दीक्षित, सहकारी बैंक के चेयरमैन रामप्रदसाद, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन रणबीर सिंह मनोज, पलवल निगरानी समिति के चेयरमैन मुकेश सिंगला, अधिवक्ता अविनाश भारद्वाज, हरेन्द्र तेवतिया, महेन्द्र भड़ाना, धर्मबीर राणा, यशपाल सरपंच, महिला मोर्चा से से संगीता गर्ग, गीता सौरोत, क्रांति शर्मा आदि कई गांवों के पंच-सरपंच मौजूद रहे।

## एकादशी के मौके पर चमेलीवन धाम से आज निकलेगी निशान यात्रा

**होडल।** जया एकादशी के मौके पर मंगलवार को श्रीखाटू श्याम सखा मंडल होडल के तत्वाधान में चमेलीवन धाम स्थित श्याम बाबा के मंदिर से निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी मंडल से सुनील गोयल ने दी।

गोयल ने बताया कि यह निशान यात्रा मंगलवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे चमेली वन धाम से ढोल-नगाडों के साथ बाइकों द्वारा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि श्याम प्रेमी बाइकों पर निशान लेकर होडल के बाजार में से होते हुए पलवल हुड्डा चौक स्थित निशान यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पलवल व होडल के श्याम प्रेमी एकत्रित होकर हुड्डा चौक से पंटवटी धाम स्थिम श्याम मंदिर में पहुंचकर श्याम बाबा के चरणों में निशान चढ़ाएंगे।

# सैनी इंडिया ने लांच किया अपना पहला मेड इन इंडिया पाइलिंग रिग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निर्माण** उपकरण बनाने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी, सैनी इंडिया ने हाल ही में भारतीय बाजार के लिए अपना पहला मेड इन इंडिया पाइलिंग रिग एसआर235 को लॉन्च किया है। बेहतर फीचर्स में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ, नई एसआर235 को महाराष्ट्र स्थित पुणे में कंपनी के अत्याधुनिक विनिर्माण प्लांट में निर्मित किया गया है जो कि सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देगा।

गौरतलब है कि भारत में निर्मित पाइलिंग रिग के लांच के साथ सैनी इंडिया ने देश में अपने लोकल प्रोडक्शन बेस को और मजबूत किया है। सैनी इंडिया प्रमुख रूप से स्थानीय (लोकल) विनिर्माण और प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जो धीरे-धीरे निर्माण उपकरण आयात पर देश की निर्भरता को कम करेगा और मेक इन इंडिया की पहल पर महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

'क्वालिटी चेंजिस द वर्ल्ड' की अपनी मान्यता पर यकीन रखने वाली फर्म- सैनी इंडिया की नई एसआर235 की विश्वसनीय संरचना सभी मुश्किल एप्लीकेशन के लिए डिज़ाइन की गई है। नरम मिट्टी से लेकर कठोर चट्टान तक, नई पाइलिंग रिग विभिन्न प्रकार के स्ट्रैटा पर सभी प्रकार के एप्लीकेशन के लिए उपयुक्त है। सैनी हैवी इंडस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के हेवी एक्यूप्मैंट के वाईस प्रेसिडेंट एंड बिजनेस हेड श्री संजय सक्सेना ने इस मौके पर कहा, देश में हमारे पहले निर्मित एसआर235 पाइलिंग रिग के शुभारंभ के साथ, सैनी इंडिया ने लोकल फॉर वोकल की अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ठ किया है, लोकललाईजेशन (स्थानीयकरण) हमारा प्रमुख उदेश्य रहा है और पहले दिन से ही हम दृढता के साथ इस बात की वकालत कर रहे हैं।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले चार वर्षों से भारतीय बाजार में प्रमुख हिस्सेदारी के साथ सैनी इंडिया का पाइलिंग रिग सेगमेंट में पहले स्थान पर रहा है। पाइलिंग रिग के अलावा, कंपनी एक्सक्वेटर्स, ट्रक क्रेन, माइनिंग ट्रक, कंक्रीट बूम पम्प्स, ट्रांजिट मिक्सर ट्रक, ट्रेलर पंप जैसे अन्य उपकरण भी बनाती है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि लोकललाइजेशन (स्थानीयकरण)से न केवल कंपनी और उसके ग्राहकों को लाभ होगा, बल्कि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

# हर गांव में बनेंगे सार्वजनिक शौचालय, 44 गांव में किया निर्माण

## जनभागीदारी से होगा स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार : उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को मजबूती देने व इसमें जनभागीदारी बढ़ाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत गांवों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला के प्रत्येक गांव में सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने का लक्ष्य है।

अब तक 44 गांवों में शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है और 121 गांवों में शौचालयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने, इसमें लोगों की भागीदारी करने और स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गांवों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण भी इन्हीं योजनाओं व कार्यक्रमों में से एक है। उन्होंने बताया कि जिला में 44 गांवों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है, जिस पर 85 लाख 80 हजार रुपये खर्च हुए हैं। 121 गांवों में शौचालयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिनके निर्माण कार्य पर 2 करोड़ 54 लाख 41 हजार रुपये खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि जिले के प्रत्येक गांव में सार्वजनिक शौचालयों के संचालन की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत को ही दी गई है, ताकि इनके रखरखाब और साफ-सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से होती रहे। उपायुक्त ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। इसके लिए जरूरी है कि वे अपने घर व आसपास सफाई रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि जिले के लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं और इसी का परिणाम था कि वर्ष 2018 में जिला खुले में शौच मुक्त हो गया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह की जागरुकता व भागीदारी करके में स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करना है।

### जिले को मिली थी प्रथम रैंक, पंचायतों को मिले थे पुरस्कार



**उपायुक्त** धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि नूंह के लोग सरकार के जनहित से जुड़े अभियानों व कार्यक्रमों में हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभाते हैं। लोगों की भागीदारी व जागरुकता के चलते वर्ष 2018 में भी खुले में शौच मुक्त में नूंह जिला हरियाणा में अच्छा स्थान पर रहा है। इसके परिणाम स्वरूप जिले की सभी पंचायतों को एक-एक लाख रुपये, पंचायत समितियों को पांच-पांच लाख रुपये और जिला परिषद को 25 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया था।

## योजना के तहत चार गांवों को मिल रही 24 घंटे बिजली आपूति

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि जिले में सभी गांवों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा ठोस कदम उठाये जा रहे हैं।

लक्ष्य पूरा करने के लिए म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत जिला नूंह के बिजली निगम सर्कल में पड़ने वाले 333 गांवों में से चार गांवों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति करायी जा रही है। बाकि 329 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के लिए विभाग द्वारा कार्य जारी है, जल्द ही लक्ष्य को भी प्राप्त कर लिया जाएगा।

# तावडू में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के बेटे से 2.35 लाख रुपये की लूट

## छह नामजद आरोपियों सहित 20 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



घटना के बाद अपने समर्थकों के साथ तावडू सदर थाना प्रभारी से मिलते हुए गरु ग्राम भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरवीर सिंह अधाना।

**उपमंडल** के अंतर्गत भिवाड़ी रोड पर बदमाशों द्वारा गुरुग्राम भाजपा जिला उपाध्यक्ष के बेटे के साथ हथियार के बल पर जबरन रास्ता रोककर मारपीट करने और दो लाख 35 हजार रुपये लूटने का मामला सामने आया है। तावडू सदर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर छह नामजद आरोपियों सहित 20 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

रूपेश कुमार पुत्र हरवीर सिंह निवासी गांव सांपकी थाना सोहना जिला गुरुग्राम ने बताया कि 21 फरवरी को वह अपनी स्कॉर्पियो कार अपने ऑफिस भिवाड़ी के लिए जा रहा था। इस दौरान उसके साथ ऑफिस का एक कर्मचारी गुणवीर सिंह निवासी भिवाड़ी भी उनके साथ था। रूपेश कुमार का आरोप है कि शाम करीब छह बजे जब वह भिवाड़ी रोड अतीत का मोड़ तिराहा पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा तो सामने से करीब 15 से 20 लोग हाथों में हथियार व लाठी-डंडे लिए खड़े थे। जो अचानक उनकी गाड़ी के सामने आ गए और गाड़ी को रुकवा लिया। इस दौरान एक व्यक्ति ने उनकी गाड़ी की चाबी निकाल ली और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

मारपीट के दौरान बदमाश उसका अपहरण कर एक गाड़ी में ले जाने लगे। तभी वहां पर सतीश निवासी जोगीपुर, बिल्लू निवासी रामपुरा और अन्य आसपास के लोग आ गए। जिन्होंने बदमाशों से छुड़वाने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने उनके ऊपर पिस्तौल तान दी और एक ने हवाई फायर किया।

रूपेश ने बताया कि आरोपियों ने इस दौरान उनकी गाड़ी से नोटों से भरा एक बैग निकाल ले गए, जिसमें 2 लाख 35 हजार रुपये थे। अन्य बदमाशों ने उनका मोबाइल, गले से सोने की चेन छीन ली। रूपेश का दावा है कि गोली चलाने वाला का जाकिर निवासी गुरनावट है, वहीं पिस्तौल तानने वाले का नाम महबूब मिस्त्री निवासी चीला है, लूट करने वाले शाहिद, हस्सू, साकिर और जमील निवासी गुरनावट थे। इसके अलावा घटना में 15 से 20 अन्य बदमाश भी थे, जिन्हें वह सामने आने पर पहचान सकता है। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई जिसके बाद बदमाश हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

घायल रूपेश को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष है। जिला गुरुग्राम भाजपा उपाध्यक्ष हरवीर सिंह आधाना भी सोमवार सुबह तावडू भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ तावडू सदर थाने में पहुंचे।

उन्होंने तावडू सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह से आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। तावडू सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी जाकिर, महबूब मिस्त्री, शाहिद, हस्सू, शाकिर, जमील और 15-20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने दावा किया कि जल्दी ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रिश्वत लेते पशु चिकित्सक और सह कर्मचारी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**मृतक** पशु का हेल्थ कार्ड बनाने के नाम पर फिरोजपुर झिरका स्थित पशु अस्पताल में पशु चिकित्सक और उसके साथी को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गुरुग्राम विजिलेंस की टीम ने सोमवार को धर दबोचा। पशु अस्पताल में इतने कुछ लोग समझ पाते, इससे पहले ही विजिलेंस विभाग की टीम आरोपी डॉक्टर योगेंद्र सागवान और सहकर्मी मंगल राम को अपने साथ ले गई।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अब्दुल रशीद निवासी पाठखोरी ने जिला उपायुक्त को शिकायत देकर पशु अस्पताल में तैनात पशु चिकित्सक द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर पशु हेल्थ कार्ड बनाने की शिकायत की। शिकायतकर्ता ने उपायुक्त मेवात को शिकायत में बताया कि वह गत 15 से 20 दिन तक लगातार विभाग में मृतक पशु हेल्थ कार्ड बनाने को लेकर चक्कर काट रहा है लेकिन अधिकारी बिना लेनदेन के काम करने को तैयार नहीं है। उपायुक्त मेवात ने अधिकारी के खिलाफ दबिश देने का आदेश दिए। विजिलेंस विभाग की टीम के सादा कपड़ों में तैनात अधिकारियों के साथ अब्दुल मजीद ने रुपये पशु चिकित्सक और सहयोगी कर्मचारी के हाथों में पाउडर लगे रुपये दिए। विजिलेंस की टीम ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही धर दबोचा और दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई।

विजिलेंस अधिकारी वीर सिंह ने बताया कि पाठ खोरी निवासी अब्दुल रशीद की शिकायत पर जिला उपायुक्त के आदेश पर टीम ने यह कार्रवाई की है कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा गया।

**अन्य सरकारी विभागों में भी हड़कंप :** जैसे ही विजिलेंस विभाग द्वारा पशु अस्पताल के चिकित्सक को विजिलेंस द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाने की खबर सरकारी कार्यालय में लगी तो, फिरोजपुर झिरका में तैनात अन्य सरकारी विभागों में भी हड़कंप मच गया। फिरोजपुर झिरका के सभी सरकारी कार्यालयों में तैनात अधिकारी और कर्मचारियों में भी इसकी गूंज सुनाई देने लगी।

# सीएम विडो की शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी



सीईओ जिला परिषद महावीर प्रसाद सीपीग्राम, मुख्यमंत्री घोषाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**नूंह।** सीईओ जिला परिषद महावीर प्रसाद ने सचिवालय के सभागार में सरल पोर्टल, सीएम विंडो, सीपी ग्राम, मुख्यमंत्री घोषणा, सोशल मिडिया ट्रैकर, सरल डेस बोर्ड, आदि विषयों पर बैठक लेकर सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों से सम्बन्धित विषयों पर हुई प्रगति की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर जो भी शिकायत प्राप्त होती हैं उसे सम्बन्धित विभाग टेकअप करते हुए समय रहते उसका समाधान करना सुनिश्चित करें।

सीईओ महावीर सिंह ने बैठक से पहले सभी विभागों की मुख्यमंत्री घोषणा को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष को निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि अधिकारी कार्यालय में आते ही सीएस विडो चेक करें आई हुई शिकायत का समय पर निपटारा करें। उन्होंने सभी एसडीएम को कहा कि हर गांव में आंगनबाड़ी के लिए स्थान चिह्नित करें। उन्होंने बताया कि जिले में डाक मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर तैयार हो चुका है। सभी विभागों को सॉफ्टवेयर से डाक भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन जो भारत सरकार व हरियाणा सरकार की एक बहुत बड़ी योजना है, इस योजना में शीघ्र ही पीएचसी, सीएचसी, आंनवाड़ी, केन्द्र आदि अन्य स्थानों पर कनेक्शन दिए जाने हैं।

## मेवात को सिंचाई का पानी नहीं मिला तो, तीनों विधायक देंगे धरना

**नूंह।** मेवात जिला कांग्रेस ने नूंह में तीन काले कानूनों, बढ़ती महंगाई, तेल की आसमान छू रही कीमतों के खिलाफ और मेवात को पूरा पानी सिंचाई के लिए देने के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। कांग्रेसी जिला कांग्रेस मुख्यालय से गांधी पार्क तक पदयात्रा में शामिल हुए।

जहां हजारों लोग शामिल थे और बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कृषि कानूनों को रद्द व तेल रसोई गैस की कीमतों को कम करने की मांग उठाई। इसके बाद तीनों विधायक चौधरी मामन खान, चौधरी मोहम्मद इल्यास और आफताब अहमद, गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठ गए। सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहला कृषि कानून निकट भविष्य में सरकारी कृषि मंडियों को शून्य कर देगा

# विपक्ष जनता को कर रहा है गुमराह

## जजपा-भाजपा सरकार में नौकरी भर्ती में बरती जा रही है पूर्ण ईमानदारी और पारदर्शिता

दीपक कुमार। नूंह



मोहसिन चौधरी और साथ में राहुल जैन।

**आज** हरियाणा में विकास की विभिन्न योजनाएं व अनेक कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश के विकास में चार चांद लगाने का काम किया है, लेकिन विपक्ष एसडीओ नौकरी भर्ती के बारे में भ्रामक प्रचार फैलाकर आम जनता को उल्लू बना रहा है।

साथ ही उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को बदनाम करने की नाकाम कोशिश कर रहा है। जबकि यह भर्ती हुई ही नहीं है, बल्कि सहायक एक्शन की भर्ती हुई है। जिसमें 22 नहीं बल्कि सौ से ज्यादा हरियाणा के युवा भर्ती हुए हैं। यह बात जजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष मोहसिन चौधरी ने विपक्ष की एसडीओ भर्ती पर गलत बयानबाजी पर प्रहार करते हुए कही।

मोहसिन चौधरी ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस में सत्ता के समय ही नौकरियों में सिर्फ पर्ची और खर्ची चलती थी। अब जजपा-भाजपा सरकार ईमानदारी और पारदर्शिता अपनाकर हरियाणा के प्रत्येक युवा को उनका हक दिला रही हैं। विपक्ष भ्रामक प्रचार कर उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की छवि धूमिल करने का घिनौना षड्यंत्र रच रही है। चाहे मामला नौकरी को लेकर हो और चाहे किसानों के कंधे पर बंदूक चला कर सरकार को बदनाम करने का, कांग्रेसी अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगे।

जनता के सामने उनकी पोल खुल चुकी है। जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन बताया कि यहां यह भी बताना जरूरी है कि संविधान के अनुच्छेद 16 के अनुसार सरकारी नौकरियों में जन्म के स्थान के आधार पर या क्षेत्र के आधार पर कोई भी आरक्षण या पक्षपात करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यह अधिकार हर भारतीय को मौलिक अधिकारों के अंतर्गत दिया है। इसलिए दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा में युवाओं की नौकरी में उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए प्राइवेट सेक्टर में ही 75 प्रतिशत नौकरियों का आरक्षण कराया है। सरकारी नौकरी में नहीं। फिर भी विपक्ष भोलीभाली जनता को बरगलाने से बाज नहीं आ रहा है।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103






समर्थक हो अँधेरों का वो साहस व्यर्थ लगता है
विरोधी हो सवेरों का वो साहस व्यर्थ लगता है
गरीबों और मज़लूमों की करके बात ही केवल
जो हित साधे कुबेरों का वो साहस व्यर्थ लगता है

# मेवात में कांग्रेस की पदयात्रा महज एक नाटक है : खुर्शीद राजाका

दीपक कुमार। नूंह



खुर्शीद राजाका।

**नूंह** शहर में कृषि कानून, सिंचाई पानी और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की पदयात्रा पर कटाक्ष करते हुए मेवात विकास एजेंसी के पूर्व चेयरमैन, बीजेपी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद राजाका ने कांग्रेस की पदयात्रा को महज एक नाटक बताया है।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में लम्बा शासन कर किसानों को बर्बाद कर भुखमरी के कगार पर खड़ा कर अब किसानों को झूठी हमदर्दी दिखा रही है। जबकि कांग्रेस ने अपने राज में किसानों की जमीन सस्ते भाव में जबरदस्ती अधिग्रहण करके अपने चहेते प्रोपर्टी डीलरों को अलॉट कर हजारों करोड़ों का घोटाला कर किसानों को बेघर कर दिया था। आज कृषि कानून पर किसानों को गुमराह कर केवल तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि कांग्रेस सरकार के समय नोकरियां बोली लगाकर रिश्वत में किसानों के बेटों को बेची जाती थीं जबकि आज बीजेपी सरकार में किसानों व गरीबों के बेटों को नोकरियां बिना पर्ची व बिना खर्ची के मिल रही हैं। कांग्रेस के समय में रसोई गैस सिलेंडर ब्लैक में मिलते थे और आज मोदी सरकार ने गरीबों को मुफ्त में गैस कनेक्शन बांटकर गरीबों के जीवन को बदला है। कांग्रेस अपने राज में जनहित के विकास कार्य नहीं कर सकी, लेकिन आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ईमानदार कार्यशैली से घबराकर कांग्रेस अपना सियासी वजूद बचाने के लिये जनता को भर्मित कर रही है। परिवारवाद व भृष्टाचार की राजनीति करने वाली कांग्रेस पहले अपने 60 साल के शासन का हिसाब जनता को दे और बीजेपी सरकार पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांके। बीजेपी नेता खुर्शीद राजाका ने किसान आंदोलन पर कहा कि कृषि कानून पूरी तरह किसानों के हक में है। अब किसान भी नये कृषि कानून का फायदा समझने लगा है, लेकिन आज किसान के भेष में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल औछी राजनीति करके आंदोलन के बहाने देश की छवि खराब कर रहे हैं, जिस कारण देश के विकास को भारी नुकसान हो रहा है।

## प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना गरीबों के लिए सरकार की बड़ी सौगात

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि केंद्र सरकार ने जनकल्याण की अनेक योजनाएं चलाई हैं, इनमें प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भी शामिल है। सरकार की ये योजनाएं गरीब वर्ग के लिए एक बड़ी सौगात है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18 से 50 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक नवीकरण अवधि की बीमा पॉलिसी है, जोकि वार्षिक रूप से जीवन बीमा कवरेज प्रदान करती है। जिसका बीमा किया गया है उस व्यक्ति के निधन के मामले में बीमा कम्पनी उसके द्वारा नामित किये हुए व्यक्ति को दो लाख रुपये देती है। इसकी प्रीमियम दर बीमा पॉलिसी में सबसे किफायती है सिर्फ प्रति वर्ष 330 रुपये देने का प्रीमियम देना होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## किसान अपनी ही फसल को नष्ट न करें : खरबंदा

**पुन्हाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक पंकज खरबंदा ने किसानों द्वारा अपने खेतों में खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाने पर अफसोस जाहिर किया है। उन्होंने किसानों से अपनी फसल नष्ट न करने की अपील की है। खरबंदा ने कहा कि केन्द्र और हरियाणा की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण किसान हीन भाव से ग्रसित हो रहे हैं और कड़ी मेहनत कर अपनी ही उगाई फसलों को नष्ट करने पर आमादा हैं। एक तरफ केन्द्र सरकार अपनी जिद पर अडिग है और दूसरी तरफ हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी किसानों के प्रति बेरुखी जता रहे हैं जिससे देश का अन्नदाता किसान बेहद दुखी है और फसलों को नष्ट करने जैसे कदम उठाने पर मजबूर हो रहा है। खरबंदा ने बताया कि तीन कृषि कानूनों को रद्द न करने से खफा हरियाणा के जींद जिले के गुलकनी गांव के एक किसान ने अपनी दो एकड़ भूमि में खड़ी गेहूं की फसल की ट्रैक्टर से जुताई कर दी। जिले के गुलकनी निवासी राममेहर रविवार को ट्रैक्टर लेकर अपने खेत में पहुंचा और दो एकड़ में लगी फसल की जुताई कर दी। दस एकड़ की खेतीबाड़ी करने वाले राम मेहर ने बताया कि अगर फसल को पकाव की तरफ ले जाता हूं तो खर्च ज्यादा बढ़ेगा और आगे भाव भी सही मिलने की कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने बताया कि फसल के भंडारण करने का उसके पास कोई संसाधन नहीं है। राम मेहर ने कहा कि इससे अच्छा है कि फसल को पकने से पहले ही नष्ट कर दिया जाए। खरबंदा ने कहा है कि किसान साल भर कड़ी मेहनत कर फसल उगाता है और फिर इसे यूं नष्ट कर देना कदापि उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से शीघ्र कार्रवाई कर किसानों की सभी मांगें मानकर आंदोलन समाप्त कराने की मांग की है ताकि और किसान डिप्रेशन में आकर अपने ही खेत में विध्वंसात्मक कारगुजारी न करें।

## मौलाना आजाद के योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता



**मेवात।** भारत के पहले शिक्षा मंत्री महान नेता व स्वतंन्त्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद कि बरसी को उनकी तरफ से देश के लिए दिए गए योगदान के तौर पर आज मेवात के बड़कली चौक पर याद किया गया। उल्लेखनीय है कि कि मौलाना अबुल कलाम आजाद कि पैदाइश 11 नवंबर 1888 को मक्का शरीफ में हुई जब कि उन का देहांत 22 फरवरी 1958 को देहली में ऐसे वक्त में होता है जब देश आजाद होने के बाद मौलाना आजाद की विचार धारा के खिलाफ 1947 में सयुंक्त भारत भारत पाकिस्तान के नाम से दो देशों में तकसीम हो गया। मौलाना ने देश की विपरीत परिस्थितियों में देश बंटवारे की सख्ती के साथ विरोध किया और देश के बंटवारे के अंदेशे और खतरात की खूब दुहाई दी, लेकिन इस तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया। यह बात मौलाना अबूल कलाम आजाद की बरसी के मौके पर साबिर कासमी ने कही।

## स्टेट चैम्पियनशिप की तैयारियों में जुटी मेवात की कबड्डी टीम

**मेवात।** गामी मार्च महीने में कबड्डी की स्टेट चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मेवात की टीम ने अभी से कवायद शुरू कर दी है। सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नमक के प्रांगण में पलवल तथा मेवात जिले की चार टीमों के बीच कबड्डी के मुकाबले कराए गए। कबड्डी के मुकाबलों को देखने के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ जुटी। दोनों जिलों के कबड्डी खिलाड़ियों के बीच मैच कराने का मकसद सिर्फ इतना है कि अगले महीने होने जा रहे स्टेट चैंपियनशिप में मेवात जिले की टीम पहली बार प्रदर्शन करे तो उसके प्रदर्शन की धूम पूरे प्रदेश भर में होनी चाहिए। इस मकसद से कबड्डी के मैच आयोजित कराए जा रहे हैं। कुल मिलाकर ग्रामीण खेल कबड्डी का विस्तार करने के लिए अब मेवात के खिलाड़ियों ने कमर कस ली है। मेवात जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। लेकिन उन्हें तराशने और मार्गदर्शन देने की जरूरत है। इस काम को पड़ोसी जिला पलवल के अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कोच वेदराम शर्मा एवं अध्यापक अशरफ हुसैन आदि आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रम से स्टेट चैंपियनशिप में खेलने जा रहे मेवात के खिलाड़ियों में भी उत्साह है।

## 42वें दिन जारी रहा किसान आंदोलन

**मेवात।** हरियाणा-राजस्थान सुनहेड़ा बोर्डर पर मेवाती किसान मोर्चा का सोमवार को 42वें दिन जारी रहा किसान आंदोलन। मोर्चा देश मे चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में चल रहा है। इसकी सरपरस्ती मौलाना अरशद मिलखेड़ला कर रहे हे ओर सैकड़ों महिलाएं, युवा और बुजुर्ग इस आंदोलन में भागीदारी आए दिन अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। सभा का संचालन समय सिंह एडवोकेट, मुबारक अटेरना, तौफीक हिंगनपुर ने किया और वक्ताओं ने अपने संबोधन मे कहा कि अब किसानों ठान लिया है कि कानून वापसी नहीं तो घर वापसी नहीं, कानूनों को वापस कराकर ही घर जाएंगे, इसके लिए चाहे कितने दिन ही लड़ना पड़े, ये असंवेदनशील सरकार है इसलिए 300 लोगों की शहादत पर भी अभी एक शब्द नहीं बोल पाई है। मोलाना अरशद मिलखेड़ला, मुफ़्ती सलीम कासमी, इशब नहेदा, असलूप जिराहेड़ा, कासिम ओर ईशा खोयरी आदि किसान नेता शामिल रहे।


## मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )

9050976800
9416103259

ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

## पायनियर क्लासीफाइड

### ◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Dharmender S/o Bhola Prasad R/o H.No-525, MCF-1398, Gali No-51, 22ft Road, Sec-23, Sanjay Colony, Faridabad have changed my name to Dharmender Kumar

### ◆ खोया-पाया ◆

I, JEETU S/O Rajesh kumar lost my original B.COM marksheet 2nd and 3rd year Enrollment no G-1145301094 passing session 2014-17 R/O H No 243 New Janta Colony , NIT faridabad haryana 121001 please contact 9811623122

### कार्यालय नगर निगम सोनीपत

नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रॉपर्टी आई.डी. न. 230CI223UI24 जोकि कॉलोनी/ सैक्टर शिव कॉलोनी वार्ड न. 05 में स्थित हैं संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम नही दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक उपरोक्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम तब्दील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरूस्ती के लिए रजिस्ट्री न. 10669 दिनांक 25-10-2012 अनुसार प्रस्तुत किए गए है। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से संबन्धित कोई भी आपत्ति हो तो दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 10 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप मे नगर निगम के संपत्तिकर शाखा में आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्रीमति संतोष पत्नी श्री जगवेन्द्र नाम दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी
नगर निगम, सोनीपत

### कार्यालय नगर निगम सोनीपत

नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रॉपर्टी आई.डी. न. 176C992UI58 जोकि कॉलोनी/ सैक्टर Rai Village वार्ड न. 08 में स्थित हैं संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम नही दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक उपरोक्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम तब्दील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरूस्ती के लिए रजिस्ट्री न. 5342 दिनांक 16-01-2010 अनुसार प्रस्तुत किए गए है। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से संबन्धित कोई भी आपत्ति हो तो दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 10 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप मे नगर निगम के संपत्तिकर शाखा में आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्री नरेश कुमार पुत्र श्री बलवीर सिंह नाम दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी
नगर निगम, सोनीपत

### कार्यालय नगर निगम सोनीपत

नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रॉपर्टी आई.डी. न. 230C641UI37 जोकि कॉलोनी/ सैक्टर शिव कॉलोनी वार्ड न. 05 में स्थित हैं संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम गलत दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक उपरोक्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम तब्दील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरूस्ती के लिए रजिस्ट्री न. 9733 दिनांक 29-02-2008 अनुसार प्रस्तुत किए गए है। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से संबन्धित कोई भी आपत्ति हो तो दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 10 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप मे नगर निगम के संपत्तिकर शाखा में आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्री राजकुमार पुत्र श्री हरिराम नाम दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।


क्षेत्रीय कराधान अधिकारी
नगर निगम, सोनीपत


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## आत्मनिर्भर भारत

### राम राज्य की अवधारणा

**'राम राज्य'** की अवधारणा अच्छी है, पर देश जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन के संकेत देखना चाहता है। हालांकि, अधिकांश लोग कल्पना ही कर सकते हैं कि 'राम राज्य' कैसा होगा, पर नियमित रूप से अपने सार्वजनिक संबोधनों में इसका प्रयोग करने वाले प्रधानमंत्री समेत अनेक भाजपा नेता और पार्टी इस अवधारणा को महत्व देती है। तुलनात्मक रूप से देखें तो महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' की अवधारणा समझना ज्यादा आसान है। प्रधानमंत्री ने विश्व भारती के हालिया दीक्षान्त भाषण में इसका संदर्भ दिया था। राजनीतिक रूप से संवेदनशील पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की घोषणा से ठीक पहले मोदी ने कई बार रवीन्द्रनाथ टैगोर का संदर्भ दिया, पर उनके भाषण में राजनीति देखना अच्छी बात नहीं है। नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर इस विश्वविद्यालय के संस्थापक थे, जबकि प्रधानमंत्री इसके कुलपति हैं। 'राम राज्य' की स्थापना के लिए कोई समय सीमा नहीं तय की जा सकती है, वहीं प्रधानमंत्री ने 'आत्मनिर्भर' गांवों की अवधारण पूरी करने के लिए एक ब्लूप्रिंट या रोडमैप पेश किया है जो महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' जैसा है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे 25 प्रमुख लक्ष्यों का 'विज़न दस्तावेज' तैयार कर उस पर अगले 25 साल काम करें ताकि जब देश 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी मनाए तो विश्व भारती इन लक्ष्यों को प्राप्त कर सके। उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय गांवों को 'आत्मनिर्भर' बनाने के लिए गोद लेकर परियोजना की शुरुआत कर सकता है। छात्र ग्रामीण युवाओं, कारीगरों और किसानों को उनके उत्पादों को दुनिया के बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सहायता कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर सकते हैं।



लेकिन विश्व अर्थव्यवस्था पर बड़े कार्पोरेट उद्यमों का वर्चस्व देखते हुए यह करने के बजाय कहना ज्यादा आसान है।

इसके अलावा यथार्थ एकदम विपरीत है। आईआईटी व अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा शुरू की गई ऐसी अधिकांश परियोजनायें निकटवर्ती क्षेत्रों के कुछ गांवों या क्षेत्रों में पाइलेट परीक्षणों तक सीमित रही हैं। इनका विस्तार नहीं हुआ और इस कारण इनकी व्यापक पहुंच या प्रभाव नहीं पड़ा। निसंदेह ग्रामीण जनसंख्या को आत्मनिर्भर बनाने व उसके सशक्तीकरण में विश्वविद्यालयों व शिक्षा संस्थानों की भूमिका एक उत्कृष्ट विचार है, पर इसके लिए एक समन्वित, सुपरिभाषित व समग्र दृष्टिकोण की जरूरत है जिसमें पूरे भारत के संस्थानों के बीच ज्ञान व संसाधनों का साझा होना चाहिए। ऐसे संस्थान 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं, पर इसकी नीव अभी नहीं रखी गई है, न ही इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास किए गए हैं। इन योजनाओं को केवल सरकारी फाइलों में धूल खाने के लिए छोड़ने या नौकरशाही की लाल फीताशाही वाली लापरवाही में दम तोड़ने देने के बजाय इन पर सक्रिय अमल होना चाहिए। ऐसा न होने पर उनका नतीजा भी अनेक पुरानी परियोजनाओं जैसा होगा। केन्द्र सरकार द्वारा 2021 के बजट में शोध के लिए 50,000 करोड़ रुपये आबंटित होने से प्रधानमंत्री के इरादों में कोई संदेह नहीं रह जाता है। उनका दृष्टिकोण सही दिशा में एक कदम है। लेकिन हमारे देश में अक्सर यथार्थ के बजाय लफ्फाजी को प्रमुखता मिल जाती है। ऐसे में हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि 'ग्राम स्वराज' के गांधीवादी दर्शन या मोदी के 'आत्मनिर्भर' गांवों का सपना यथार्थ बनेगा। गांधीजी ने 'राम राज्य' की अवधारणा के माध्यम से राजा और रंक, दोनों को समान न्याय सुनिश्चित करने की बात कही थी जिसके केन्द्र में नैतिकता, आदर्श व न्याय थे। लेकिन वोटबैंक राजनीति के कारण इसके मूर्तरूप लेने की उम्मीद नहीं नजर आती है।

# लोक उद्यमों में सुधार की संभावना

**सरकार जिन सार्वजनिक उद्यमों का निजीकरण करना चाहती है, उनका प्रबंधन नौकरशाहों के बजाय उद्योग प्रबंधकों द्वारा होने पर स्थिति सुधर सकती है।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



भारत में मूलभूत रूप से जनता के पास जाना बेहतर है क्योंकि हमारे यहां काफी संपदा वाले उद्यमियों की समुचित संख्या नहीं है जो सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू के लिए भुगतान कर सकें। सक्षम होने के बावजूद अनेक घरानों ने पहले ही भारी मात्रा में कर्ज ले रखा है जो आदर्श स्थिति के विपरीत है। इससे स्पष्ट है कि अब तक सरकार द्वारा किए जा रहे निजीकरण प्रयासों के समुचित नतीजे क्यों नहीं निकले हैं। वर्तमान चरण में इसके संक्षिप्त इतिहास पर नजर डालना लाभदायक होगा। 1947 में स्वतंत्रता के समय भारत में उद्योगपतियों की तुलना में व्यापारी अधिक थे। टेक्सटाइल मिलें इसका उदाहरण है जिनकी भारत में संख्या बहुत अधिक थी। इनमें से कितनी मिलें बचीं? अधिकांश मिलों में समस्या वीविंग लूम की थी। वे पुराने पड़ गए थे और उनमें परिवर्तन की जरूरत थी। वैकल्पिक रूप से मिलों को तीन हिस्सों-कार्डिंग व स्पिनिंग, वीविंग तथा फिनिशिंग या पैकिंग में बांटा जा सकता था। इसके बजाय उनको यथासंभव लंबे समय तक चलाया गया और जब ऐसा असंभव हो गया तो मालिकों ने उनको बंद कर दिया। नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन-एनटीसी का विस्तार कर इस उद्योग को उबारने का प्रयास हुआ। इसे सार्वजनिक क्षेत्र कहना उचित नहीं है, लेकिन नौकरशाहों ने दोनों चीजों को मिला दिया।

जब एनटीसी ज्यादा बीमार मिलों को समाहित नहीं कर सकी तो उनको बंद कर अपनी स्थाई परिसंपत्तियां बेचने की अनुमति दी गई जिसमें जमीनें शामिल थीं। इनसे कर्मचारियों को बकाया दिया गया तथा शेयरधारकों को मुआवजा मिला। बंद मिलों के स्थान पर नए होटल, कार्यालयों की इमारतें या आवासीय फ्लैट बने। इसके बावजूद लोग पहले की तुलना में अच्छे कपड़े पहनते रहे। अनेक पूर्व मिलों के बजाय आज स्पिनर या नये वीवर पावरलूम के रूप में उभरे हैं तथा फिनिशर्स मुनाफा कमा रहे हैं। यह छोटी सी औद्योगिक त्रासदी हमारे कुछ उद्यमियों की औद्योगिक सीमाओं की पहचान करती है। दूसरी ओर कुछ बिजनेस घराने प्रशंसनीय रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे थे, पर उनके हाथ और पैर नेहरूवादी समाजवाद ने बांध दिए थे जिस पर इंदिरा गांधी ने कठोरता से अमल किया। इंदिरा गांधी का तर्क था कि अमीरों और गरीबों के सह-अस्तित्व का एकमात्र तरीका समाजवाद था। बिजनेस की प्रगति पर एकाधिकारी आयोग व अन्य ऐसे कानूनों के माध्यम से लगाम लगाने के साथ ही उन्होंने 19 बैंकों, पूरे कोयला क्षेत्र तथा आम बीमा का राष्ट्रीयकरण कर दिया। वे समझ नहीं सकीं कि सार्वजनिक उद्यम समाजवाद के बजाय राज्य पूंजीवाद का प्रतिनिधित्व करते थे। यदि यह समाजवाद होता तो आम लोगों को निवेश करने और उसका कुछ लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलता। कार्ल मार्क्स के अनुसार, समाजवाद का अर्थ 'प्रत्येक से उसकी क्षमता अनुसार तथा प्रत्येक को उसके अवसर के अनुसार' था। इस प्रकार भारतीय बिजनेसमैनों को बढ़ने तथा उद्योगपति बनने का अवसर नहीं मिला।

हालांकि कुछ लोग राष्ट्रीयकृत बैंकों से भारी कर्ज लेकर छोटे व मझोले उद्योग चलाने में सफल हुए। इसके बाद प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने प्रक्रियाओं में उदारीकरण तथा अनेक सीमाओं को समाप्त कर अर्थव्यवस्था की अत्यधिक महत्वपूर्ण सेवा की। लेकिन पांच साल और चुने जाने के लालच में उन्होंने अपने कार्यकाल के दूसरे अर्धांश में सुधारों की गति धीमी कर

> **प्रशासक मुख्यतः नियमों व प्रक्रियाओं से जुड़े रहते हैं, जबकि प्रबंधकों की प्राथमिकता निर्णय करना, उत्पादन व मुनाफा हैं। ये दोनों संस्कृतियां एकदम अलग हैं। इसलिए पीएसयू के प्रबंध निदेशक को एक नौकरशाह के बजाय अपने शेयरधारकों को रिपोर्ट करना चाहिए। इसका समाधान भारत के राष्ट्रपति द्वारा स्वयं को सभी वित्तीय संस्थानों के पीएसयू शेयरों से अलग करना है।**

दी। यदि उनकी सर्वोच्च सत्ता के समय को देखा जाए तो पता लगेगा कि उन्होंने आर्थिक रूप के बजाय भारत की राजनीतिक रूप से ज्यादा सेवा की। अयोध्या उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि थी जो शताब्दियों में राष्ट्रीय पुनर्जीवन का पहला कदम था। सभी भारतीय स्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार जिन पीएसयू का निजीकरण करना चाहती है उनको केवल प्रबंधकीय रूप से परिवर्तित किया जाना चाहिए। यह काम नौकरशाहों के बजाय केवल उद्योग प्रबंधक कर सकते हैं। ढांचागत रूप से असंतुलित होने की स्थिति में उनमें से कुछ का अन्य उपयुक्त पीएसयू के साथ विलय किया जा सकता है। इनमें सुधार के तरीके एक से दूसरी इकाई में अलग-अलग होंगे। सुधारी गई इकाइयों को सेबी व स्टाक एक्सचेंज नियमों के अनुसार एक या दो सार्वजनिक निर्गमों की अनुमति दी जा सकती है। जब तक भारत सरकार उनमें कम से कम 40 प्रतिशत शेयर बनाए रखती है तब तक उनमें जनता को निवेश की अनुमति मिलनी चाहिए। अनेक लोगों के पास काफी बचत है और वे निवेश करना चाहते हैं, लेकिन उनको उपयुक्त रास्ते नहीं मिल रहे हैं। कर्ज उपकरणों के रूप में देखें तो ब्याद की दरें इतनी कम रह गई हैं कि वे अनाकर्षक हो गई हैं। हमें स्पष्ट कर देना चाहिए कि हमारे अधिकांश नौकरशाह, आईएएस व अन्य प्रथम श्रेणी के प्रशासक हैं, पर वे प्रभावी प्रबंधक नहीं बन सकते हैं। प्रशासक मुख्यत: नियमों व प्रक्रियाओं से जुड़े रहते हैं, जबकि प्रबंधकों की प्राथमिकता निर्णय करना, उत्पादन व मुनाफा हैं। ये दोनों संस्कृतियां एकदम अलग हैं। इसलिए पीएसयू के प्रबंध निदेशक को एक नौकरशाह के बजाय अपने शेयरधारकों को रिपोर्ट करना चाहिए। इसका समाधान भारत के राष्ट्रपति द्वारा स्वयं को सभी वित्तीय संस्थानों के पीएसयू शेयरों से अलग करना है जिनमें एलआईसी, जीआईसी व उसकी सहायक कंपनियां, बैंक, यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया, आदि शामिल हैं। इसके बाद नए शेयरधारक निवेशकों की तरह व्यवहार करेंगे, जमींदारों की तरह नहीं। इसके साथ ही राजनेताओं द्वारा अपने मनपसंद लोगों की पहुंच उनके गेस्टहाउसों व कारों, आदि तक बनाने में सहायता नहीं मिलेगी। इसके बाद पीएसयू जागीरदारियों के बजाय बिजनेस व उद्योग के रूप में काम करेंगे। स्वर्गीय धीरूभाई अंबानी का सम्मान इसलिए किया जाना चाहिए कि उन्होंने कंपनियों में शेयर निवेश को उच्चवर्गीय विशिष्ट लोगों से हटा कर आम जनता तक पहुंचाया। जनता के लिए ऐसा करने का सर्वोत्तम तरीका उनको बैंकों के प्रदर्शन में साझीदार बनाना है।

उनका तर्क था कि कर्ज पर ब्याज पड़ता है, शेयरों पर नहीं। शेयर प्रबंधन को काम करने तथा आकर्षक डिविडेंट देने पर मजबूर करते हैं, जबकि भारतीयों को पीएसयू से ऐसी उम्मीद नहीं होती है। कार्ल मार्क्स का विश्वास था कि धर्म जनता की अफीम है। इसी प्रकार कर्जों को कुछ खास वर्गों की अफीम कहा जा सकता है।

# बेलगाम होकर बढ़ते तेल के दाम

> **2010 व 2014 में पेट्रोल व डीजल मूल्यों को नियंत्रणों से बाहर किया गया था, लेकिन वास्तव में ऐसा केवल कागजों पर है।**

**शशांक सौरव**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



भारत के कुछ शहरों में प्रीमियम पेट्रोल के दाम 100 रुपये का आंकड़ा पार कर चुके हैं और सामान्य पेट्रोल अब 90 रुपये लीटर से अधिक है। हालांकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति दर अभी निर्धारित सीमा में ही है, लेकिन तेल के दामों में वृद्धि से आम आदमी परेशान होने लगा है। इसका कारण यह है कि पेट्रोलियम मूल्यों में वृद्धि होने का पूरी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है, पर उसके मूल्यों में कमी होने का अंतर सप्लायरों या सेवा प्रदाताओं द्वारा नहीं दिखता है। 2010 व 2014 में पेट्रोल व डीजल मूल्यों को नियंत्रणों से बाहर किया गया था, लेकिन वास्तव में ऐसा केवल कागजों पर है। नियंत्रण मुक्त होने का अर्थ यह है कि वस्तुओं का खुदरा मूल्य वैश्विक मूल्यों में परिवर्तन के साथ बदलना चाहिए, भले ही उसका अनुपात समान न हो। लेकिन केन्द्र व राज्य सरकारें कच्चे तेल की कीमतों में कमी होने पर टैक्स बढ़ा देती हैं। दूसरे शब्दों में उपभोक्ताओं से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने पर ज्यादा बोझ उठाने को कहा जाता है, लेकिन कीमतों में कमी होने पर टैक्स लगा दिए जाते हैं। दिल्ली में 2014 में पेट्रोल पर कुल टैक्स 22 रुपये था जो फरवरी 2020 में बढ़ कर 53 रुपये हो गया। केन्द्र सरकार ने एक्साइज़ ड्यूटी के स्थान पर अनेक सेस लगाए हैं जिनमें सड़क व इन्फ्रा सेस, कृषि ढांचागत व विकास सेस व सहायता शामिल हैं। इसके कारण राज्यों को भारत की समेकित निधि के आबंटन में कमी आती है, हालांकि संग्रह बढ़ता है।

53 रुपये के कुल टैक्स संग्रह में केन्द्र का हिस्सा 28 रुपये है और राज्यों को 25 रुपये जाता है जिसमें 5.1 रुपया केन्द्र का राजस्व आबंटन है। पेट्रोलियम



पर टैक्स सरकारों को नकदी प्रवाह का साधन बन गया है और इसे वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी के अंतर्गत लाने की चर्चा केवल खानापूरी है क्योंकि कोई सरकार ऐसा नहीं करना चाहेगी। सरकार द्वारा जारी बजट आंकड़ों से उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि होती है। इससे पता चलता है कि 2020-21 में केन्द्रीय एक्साइज़ संग्रह बजट अनुमान 2,67,000 से बढ़ कर संशोधित अनुमान में 3,61,000 करोड़ हो गया। बजट पूर्व अनुमान की तुलना में 94,000 करोड़ की कर संग्रह में यह वृद्धि हमारे नीति निर्माताओं की अनैतिकता दिखाती है क्योंकि इस टैक्स का भार उपभोक्ताओं को वहन करना पड़ रहा है जिन पर कोविड-19 वैश्विक महामारी का भयानक प्रभाव पड़ा है।

बार-बार सोशल मीडिया पोस्टों के अनुसार पेट्रोलियम मूल्यों में वृद्धि का कारण राजग सरकार द्वारा कर्ज अदायगी बताया जाता है। तथ्य यह है कि अब तक 3,500 करोड़ रुपये के तेल बांड जारी किए जा चुके हैं। रुपये की कीमत में गिरावट एक और कारण हो सकता है जिसके चलते आयातकों को ज्यादा भुगतान करना पड़ता है। सरकार या सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा पेश ये तर्क सतही तौर से सही लगते हैं, पर विश्लेषकों द्वारा इनको खारिज कर दिया जाता है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सरकार को कल्याणकारी योजनायें चलाने तथा ढांचागत सुविधाओं के विकास हेतु संसाधनों की जरूरत है।

लेकिन सरकार का यह काम भी है कि वह विभिन्न वर्गों के करदाताओं के बीच संतुलन बनाए रखे। दु:ख की बात है कि यह संतुलन गायब हो गया है और टैक्सों में रियायत, डिविडेंट वितरण टैक्स-डीडीटी समाप्त करने, आदि का ज्यादातर लाभ कार्पोरेट घरानों को मिल रहा है। लेकिन मध्यवर्ग को मिलने वाले अनेक कर लाभों को धीरे-धीरे वापस लिया जा रहा है। कार्पोरेट पर लगने वाले डीडीटी को समाप्त कर डिविडेंट व कैपिटल गेन तथा अब वेतनभोगी लोगों के प्रावीडेंट फंड के ब्याज पर टैक्स लगाने से स्पष्ट है कि नीति निर्माताओं को मध्य वर्ग के कष्टों की ज्यादा चिन्ता नहीं है।

सरकारों में नीति निर्माता व आर्थिक सलाहकारों को अपनी पसंद के बारे में अवश्य ही सतर्क रहना चाहिए। सरकार जनता के हित के लिए है और यदि केन्द्र व राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियां जनता से संपर्क खो दें तो उनका हाल कांग्रेस पार्टी जैसा होगा। मुनाफाखोरी पर लगाम लगाने के कानून हैं क्योंकि कुछ अपवादों को छोड़ कर बिजनेस उद्यम नागरिकों की कीमत पर मुनाफा कमाने में किसी नैतिकता का पालन नहीं करते हैं, लेकिन सरकारों को नागरिकों से मुनाफा कमाने से रोकने वाला कोई नैतिक मूल्य नहीं है।

## आप की बात

### दोषी की जवाबदेही तय हो

**सड़क** पर चलने वाले वाहनों की भरमार के साथ बरती जाने वाली चालक की सावधानी, सुरक्षा, गति, रूट, नियम, कानून की उपेक्षा तथा वाहन के रखरखाव के प्रति लापरवाही से ही दुर्घटनाओं का ग्राफ ऊंचा होता जा रहा है। हेमलेट से बनाई दूरी, जिंदगी की कहानी रह गई अधूरी सड़क दुर्घटनाओं पर अक्षरश: लागू होता है। संभव है कि रोड पर लाइट कम-ज्यादा हो, परमिट, सड़कों का रखरखाव, सड़क पुल की स्थिति, बचाव तथा सुरक्षा के साधन की कमी या त्रुटिपूर्ण हो, अन्य रोड संबंधी दोषों के कारण भी दुर्घटनाएं होती रही हैं। अभी हाल ही में मध्य प्रदेश के सीधी जिले में बाणसागर नहर पर हुई दुर्घटना में 53 व्यक्तियों की दुखद मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में चालक, परिवहन विभाग, पीडबल्यूडी, वाहन मालिक,यात्री और पुलिस प्रशासन में से कौन कितना दोषी है? उसकी जवाबदेही तय होना चाहिए तथा तदनुसार जुर्माना या सजा देना चाहिए। सामान्यत: जानबूझकर दुर्घटना नहीं की जाती और न ही कोई चपेट में आता बल्कि दुर्घटना हो जाती है,फिर भी यदि शासन, प्रशासन, वाहन व सुरक्षा आदि के दोषों पर पैनी नजर रखे तो निश्चित रुप से दुर्घटनाओं पर नियंत्रण होगा।

– **बीएल शर्मा**, तराना, उज्जैन

### भ्रष्टाचार का बोलबाला

**नया** भारत कहने और सुनने में बहुत अच्छा लगता है। मेरा नया भारत हर दृष्टि से साधन संपन्न, मजबूत व आत्मनिर्भर हो, यह हम सब चाहते हैं। लेकिन इस नए भारत में चाहे नेता हो या अधिकारी कर्मचारी अगर अनैतिकता, भ्रष्टाचार और घोटाले, घपले बाजी करें तो भला देश कैसे मजबूत बन सकता है। अब यह खबर की नमामि देवी नर्मदे योजना के लिए 3 साल पहले उद्यानिकी विभाग ने 85लाख रुपए के 1.70 लाख आम के पौधे खरीदे, जो ना केवल गायब हो गए बल्कि जिन पौधों से मां नर्मदा का किनारा हरा भरा होना था, वह वंचित हो गया व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने अपनी जेबे व घर हरे-भरे कर लिए। इस प्रकरण में जहां बड़े अधिकारी बच गए छोटे को बलि का बकरा बना दिया गया, जबकि बड़ों के बिना बाड़ा नहीं बिगड़ता है। मगर इस मामले में भी घी बाप ने खाया, पड़ोसी के हाथ सूंघने वाली उक्ति ही चरितार्थ हुई। ऐसे माहौल के चलते कैसे कल्पना करें कि हमारा देश हर दृष्टि से मजबूत हो। नया भारत गढ़ना है तो सरकार को बेलगाम भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी व अनैतिकता पर भी रोक लगाने के लिए सख्ती से काम करना होगा, चाहे इसमें अपना फंसे या पराया।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, अक्षय खाचरोद, उज्जैन

### आंदोलन पर राजनीति

**किसानों** का आंदोलन लंबा होता जा रहा है जिसमें भयंकर जाड़े तथा प्रदर्शन स्थल पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अनेक लोगों की जान चली गई है। इससे एक चीज स्पष्ट हो गई है कि हमारे राजनेताओं को अपने पद और वोटबैंक के सिवा किसी दूसरी चीज की चिन्ता नहीं है। दो राष्ट्रीय पार्टियों के नेताओं द्वारा एक सप्ताह के भीतर दो शर्मनाक बयान देने का भला और क्या अर्थ हो सकता है? 14 फरवरी को हरियाणा की कांग्रेस नेता विद्या देवी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि 'किसान आंदोलन पुनर्जीवित करने' के लिए वे पैसा और शराब का दान करें। आंदोलन चला रहे तथा उसमें अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले किसानों ने राजनीतिक पार्टियों को आंदोलन से दूर रखने के सभी प्रयास किए हें। मगर नेतागण राजनीतिक रोटियां सेकने से बाज नहीं आ रहे हैं। लेकिन भाजपा को भी चाहिए कि वह उच्च आदर्श प्रदर्शित करने के पहले आत्मावलोकन करे क्योंकि अनेक विश्लेषकों के विचार से पार्टी ने आंदोलन को बदनाम करने के लिए सब कुछ किया है।

– **सुरेंद्र वैश्य**, रायबरेली


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सैन्य** तथा राजनयिक वार्ताओं के नौ दौरों के बाद सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। मगर दुर्भाग्य से कांग्रेस को भारतीय सेना की बहादुरी पर संदेह है।

– **राजनाथ सिंह**
रक्षामंत्री



**राजनीतिक** दलों को परिसीमन प्रक्रिया को पूरा करने में सहयोग करना चाहिए ताकि जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने का रास्ता साफ हो।

– **मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल, जम्मू कश्मीर



2009 में केरल उच्च न्यायालय ने कहा था कि लव जिहाद केरल को इस्लामी राज्य में बदल देगा। इसके बावजूद केरल की सरकार सो रही है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

# फ्रॉड करने वाला ओटीपी नंबर मांगे तो कहो, हम बैंक आ रहे हैं

## साइबर थाना प्रभारी ने दी लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी देते हुए कहा

**सुरेंद्र इंदौरा।** रेवाडी

**साइबर** थाना साऊथ रेंज के निरीक्षक ऋषिकांत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति मोबाइल पर आए किसी भी संदिग्ध मैसेज, इनाम व लॉटरी के साथ आने वाले क्यूआर कोड पर कतई क्लिक नहीं करें,क्यों कि इन पर क्लिक करते ही इंटरनेट के जरिये खाता से संबंधित अथवा फोन हैकिंग के माध्यम से जानकारी शातिर व्यक्ति तक पहुंच जाएगी, जिससे खाताधारक को नुकसान हो जाएगा।



साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी देते साईबर थाना प्रभारी ऋषिकांत।

वह आज सोमवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। थाना प्रबंधक ने कहा कि हर व्यक्ति को दो से तीन माह में ओटीपी बदल लेना चाहिए। कभी भी किसी परिचित के नाम से पैसे मांगने के लिए भेजे गए क्यूआर कोड या लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से अकाउंट की डिटेल्स फ्रॉड तक पहुंच जाती है। उन्होंने आमजन को संदेश देते हुए कहा कि वाहन नंबर, जन्मतिथि व बच्चों की जन्मतिथि से संबंधित पासवर्ड नहीं बनाएं। पासवर्ड हमेशा कैपिटल लेटर के साथ उसमें एल्फाबेटिक नंबरों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड के मामले निपटाने के लिए उनकी टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। अभी तक तीन एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें अनुसंधान जारी है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। थाना प्रबंधक ने कहा कि साइबर फ्रॉड की सबसे बड़ी वजह यह है कि व्यक्ति किसी ने किसी माध्यम से अपने खातों से संबंधित जानकारी शेयर कर देता है। उन्होंने लोगों को अगाह करते हुए कहा कि बैंक कभी भी फोन पर खाता, एटीएम व ओटीपी संबंधित जानकारी नहीं मांगता, फिर भी यदि किसी के पास ऐसा फोन आता है तो उसे सीधे बैंक में आने की बात कहनी चाहिए, न कि जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि ऐसा मामला सामने आया है कि गूगल अथवा अन्य सर्चिंग इंजन से कस्टमर केयर या अन्य किसी हेल्पलाइन के नंबर संबंधित कंपनी की बुकलेट या एटीएम कार्ड पर दिए हुए नंबरों पर ही लोगों को विश्वास करना चाहिए।

### पासवर्ड बनाने में हमेशा कैपिटल लेटर के साथ उसमें एल्फ ाबेटिक नंबरों का इस्तेमाल करें

# ये ट्रैक्टर का आंदोलन है और हल क्रांति लेकर आएंगे : टिकैत

## सब किसान इकट्ठे होकर इस लड़ाई को लड़ें : गुरुनाम सिंह चढ़ूनी

### सर्वजातीय किसान महापंचायत में संयुक्त मोर्चा के किसान नेता गुरुनाम सिंह चढ़ूनी और राकेश टिकैत पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



किसान महापंचायत के मंच पर मौजूद राकेश टिकैत व गुरुनाम सिंह चढ़ूनी।

**हरियाणा** के खरखौदा में सोमवार को तीन कृषि कानूनों के विरोध में सर्वजातीय किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। किसान महापंचायत में संयुक्त मोर्चा के किसान नेता गुरुनाम सिंह चढ़ूनी और राकेश टिकैत सहित विभिन्न किसान नेताओं ने हिस्सा लिया।

सोनीपत के खरखौदा में तीनों कृषि कानूनों के विरोध में सर्वजातीय किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। किसान महापंचायत के मंच से बोलते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि भीड़ से कानून नहीं बदलने की बात कहने वालों को नहीं पता कि भीड़ से सरकार भी बदल जाती है। उन्होंने कहा कि फसलों को नुकसान नहीं पहुंचाना है, आंदोलन भी करना है, खेती भी करनी है। दिल्ली की पुलिस पर नजर भी रखनी है। ये ट्रैक्टर का आंदोलन है और हल क्रांति लेकर आएंगे। अब पीछे नहीं हटना है। अभी तो युवाओं ने कानून वापस लेने की बात कही है, तब क्या होगा जब युवा सत्ता वापसी की मांग करेंगे। लड़ाई केवल तीन कानून की नहीं है, बल्कि और भी बहुत सारे कानून आने हैं उनके खिलाफ भी लड़ाई लड़ी जाएगी। किसान महापंचायत में गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि अब हमको जरूरत है कि सब इकट्ठे होकर इस लड़ाई को लड़े और सबको जातियों का भेदभाव मिटाना होगा। हम सबको एक दूसरे के फोटो घरों में लगाने होंगे, एकता ताकत के साथ आगे बढ़ना होगा, तभी जीत हो सकती है। इस लड़ाई में हमारे जितने भी दलित भाई हैं, उनको भी साथ मिलाना होगा और तभी शक्ति और ताकत बढ़ेगी। गुरनाम सिंह ने कहा कि पूंजीपतियों ने काफी कर्ज बैंकों का ले रखा है, जिनकी गिनती किसानों से काफी अधिक है। जिन पूंजीपतियों ने बैंकों का कर्ज लिया उनमें से कोई भी पूंजीपति जेल नहीं गया। इस दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर कहा कि सरकार ने जो समर्थन मूल्य की बात की थी उसमें से कुछ फसलों का तो किया और काफी फसलों का अभी तक भी नहीं किया है। सरकार फसलों की जो कीमत तैयार कर रही है, वह लागत के हिसाब से तय नहीं कर रही है। अगर लागत से हिसाब से भाव तय किया जाए तो धान का भाव 600 रुपये और बढ़ना चाहिए।

# एसयूसीआई ने प्रदर्शन कर सरकार का फूंका पुतला

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**डीजल-पेट्रोल** व रसोई गैस के दामों में भारी वृद्धि के खिलाफ एसयूसीआई (स्टूडेंट यूनियन ऑफ कम्युनिस्ट पार्टी आऊ) जिला कमेटी के आह्वान पर आज सोमवार को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारे लगाकर बढाए हुए पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस के दाम वापस लेने की मांग की। एसयूसीआई ने सरकार के पुतले का दहन किया।

एसयूसीआई पदाधिकारियों ने कहा कि जब बीजेपी विपक्ष में थी तब डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में ढोंग करते थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2014 के मुकाबले वर्तमान में कच्चे तेल के दाम कम होते हुए भी सरकार व तेल कंपनियां इनके दाम बढ़ाकर जनता को सरेआम लूट रही है। सरकार केवल अडानी और अंबानी जैसे पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। रसोई गैस में बार-बार बढ़ोत्तरी से उज्जवला योजना के सिलेंडर अब गरीब आदमी के घर में एक नुमाइश की वस्तु हो गए, क्योंकि एक तरफ तो रोजगार का संकट है। दूसरी तरफ 800 का सिलेंडर भरवाना उनके बूते की बात नहीं है। देश की सारी धन दौलत चंद पूंजीपतियों के पास जमा हो चुकी है। देश की जनता समझ चुकी है कि आम जनता के खरीदने की ताकत न रहने से मौजूदा पूंजीवादी व्यवस्था मंदी के गहरे आर्थिक संकट में फंस चुकी है। रेलवे, एयरपोर्ट, शिक्षा, इलाज यहां तक कि पीने के पानी पर भी बड़े-बड़े पूंजीपतियों का कब्जा करवा रही है।



डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर सरकार का पुतला फूंकते एसयूसीआई के सदस्य।

## संक्षिप्त समाचार

### वॉल पेंटिंग बना जल संरक्षण का दिया संदेश



**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केन्द्र कुरूक्षेत्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत ग्रामीण युवा विकास मंडल मुंडा खेड़ा द्वारा दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग करके लोगों को कैच दा रेन अभियान के बारे जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक कविता कश्यप ने बताया ये कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र कुरूक्षेत्र मीशा कुमारी और कांता बतान लेखा एवं कार्यक्रम सहायक के निर्देशानुसार किया जा रहा है। कविता कश्यप ने बताया क्लब के सदस्य अमनप्रीत इस वॉल पेंटिंग में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। जिसका उद्देश्य है लोगों को बारिश का पानी एकत्रित करने के प्रति जागरूक करना है। ग्रामीण युवा विकास मंडल मुंडा खेड़ा की प्रधान पूनम ने युवाओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रीती, जोगिन्द्रो, कौशल्या, जयसिंह, रजनी, प्रेरणा, दिशा आदि उपस्थित रहे।

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्याम भक्त



**थानेसर।** समस्त श्याम प्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा देर सायं हरगोविंद नगर में 234वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजक संतोष सिंगला परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमियों ने पंक्तिबद्ध होकर दरबार में शीश नवाया। आमंत्रित गायकों में बहादुर सैनी कैथल, उमेश रसिक अंबाला और हर्ष गोयल ने श्याम के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए। अगला खाटू श्याम संकीर्तन एवं भंडारा मंगलवार, 23 फरवरी को मोहन नगर कुरुक्षेत्र में अजय गुप्ता के निवास पर सायं 6 से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। श्याम आरती में दिनेश गोयल, अरुण गोयल, मिंटु अग्रवाल, राकेश मंगल, पंकज सिंगला, गोपाल गर्ग, अजय परूथी, सुशील गेरा, अनिल मित्तल, गौरव गुप्ता, पियांशु तायल, अनिल गर्ग, संजय चौधरी, अमित जिंदल, सुमित सिंगला, मोहित तायल, योगेंद्र अग्रवाल, रीटा गोयल, मीनू गोयल, रेणु सिंगला, निशा शर्मा व स्वीटी मित्तल सहित अन्य शामिल रहे।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास का प्रकाशोत्सव 27 को



**कुरुक्षेत्र।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का 644 प्रकाशोत्सव हर वर्ष की भांति इस बार भी 27 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए श्रद्धालुओं में जोश है। तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। ये जानकारी श्रीगुरु रविदास मन्दिर एवं धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान रणपत राम माथुर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में 26 फरवरी को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। ये शोभायात्रा श्रीगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला, अंबेडकर चौक कुरुक्षेत्र से सुबह 10 बजे रवाना होगी। प्रकाशोत्सव के दिन 27 फरवरी को धार्मिक समागम होगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार श्रीगुरु रविदास जी महाराज का गुणगान करेंगे। सभा के सचिव ताराचंद ने बताया कि प्रकाशोत्सव के दिन राष्ट्रीय अवॉर्डी कलाकार डॉक्टर महीपाल पठानियां गुरुजी की वाणी का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रकाशोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। पूरे मंदिर प्रांगण को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। मंदिर और धर्मशाला में रंग-रोगन और साफ-सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

### दो दिवसीय आधार कार्ड सुधारीकरण कैंप प्रारंभ



**थानेसर।** डाक विभाग की ओर से दो दिवसीय आधार कार्ड सुधारीकरण कैंप कल्याण नगर में लगाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने आधार में अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल, पता आदि का सुधार करवाया। कैंप का उद्घाटन मुख्य डाक विभाग के पोस्टमास्टर दलीप शर्मा ने किया। ज्योतिषाचार्य डॉ रामराज कौशिक के प्रयास से यह दो दिवसीय कैम्प लगाया गया। जिसमें लोगों ने कहा कि यह काफी सराहनीय कार्य है। आधार कार्ड से ही आजकल सब लिंक है उसमें गलती के कारण इधर-उधर भटकना पड़ता था। आज घर बैठे ही यह कार्य हो गया। इस अवसर पर संदीप कारसा, राम कुमार शर्मा, माधव, जेके जैन, रंजन, मदनलाल सरसा, पवन कुमार, आस्तिक कौशिक, शिवराज, अनूप कश्यप, प्रताप सिंह, सुमेश, अशोक, स्वाति शर्मा, निधि शर्मा, रजनी देवी आदि मौजूद थे।

### गांव उमरावत में 100 घरों पर लगाई बेटियों के नाम की नेम प्लेट

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य के मार्ग दर्शन में गांव उमरावत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत दादी-पौती सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में करीब 100 घरों पर बेटियों के नाम से नेम प्लेट लगाई गई। नायब तहसीलदार अशोक कुमार और सीडीपीओ कांता यादव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को कानून द्वारा समान दर्जा दिया गया है। समाज व घर-परिवार में बेटों की तरह ही बेटियों को स्थान मिलना चाहिए।

# एक रुपये के बदले दे रहे थे नौ गुने, पुलिस ने दबोचे

**एजेंसी।** रेवाडी

**एक** रुपया लगाओ, नौ गुने लेकर जाओ। कुछ लोग कसौला चौक पर इसी प्रकार कलेंडर में फोटो दिखाकर उस पर जुआ खेलने के लिए लोगों को आवाज लगा रहे थे। पुलिस ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से करीब ढाई लाख रुपये तथा कार बरामद कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कसौला चौक पर धारूहेड़ा की ओर से कुछ युवक हाथ में एक कलेंडर लेकर उसमें लगी फोटो पर पैसे लगाकर नौ गुना देने की बात कहकर लोगों को जुआ खिलवा रहे थे। वहां लोगों की भारी भीड़ जमा थी। इसी दौरान पुलिस को इसकी सूचना मिल गई। सीआईए पुलिस ने तुरंत पहुंचकर वहां रैड की।



पुलिस को देखकर वहां उपस्थित लोग भाग खड़े हुए। हालांकि पुलिस को देखने के बाद जुआ खिलवा रहे युवकों ने भी भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें वहीं दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उनकी पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव ढाणी बठोठा निवासी जसवंत उर्फ जेके, राजस्थान के जिला अलवर के गांव मिलकपुर निवासी ललित, भिवाड़ी निवासी राजू व गुरूग्राम जिले के गांव ब्रह्मपुर निवासी ऋषि के रूप में हुई। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 लाख 48 हजार 640 रुपये तथा इस दौरान प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की। सीआईए ने चारों आरोपियों को कसौला थाना के हवाले कर दिया। पुलिस ने बाद में कार्रवाई कर सभी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### कसौला चौक पर चार युवक खिला रहे थे जुआ, पुलिस ने बरामद किए ढ़ाई लाख और गाड़ी

# नि: शुल्क ट्यूमर का आपरेशन कर बचाई डेढ वर्षीय बच्ची की जान



चिकित्सक टीम के साथ डेढ वर्षीय बच्ची दृष्टि और उसकी माता।

**गुरजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र

**मोहड़ी** स्थित आदेश अस्पताल में टयूमर का नि: शुल्क आपरेशन कर डेढ वर्षीय बच्ची की जान बचाई गई है। करीब अढाई घंटे का आपरेशन कर डा. विवेक ने इस बच्ची को जीवनदान दिया है।

पत्रकारों से बातचीत में दिल्ली के जहांगीरपुरी निवासी बच्ची दृष्टि की माता निधि ने बताया कि उसकी बेटी दृष्टि की गर्दन के पीछे काफी बढ़ा टयूमर था। जिसके आपरेशन की बातचीत उन्होंने दिल्ली के कई अस्पालों में की लेकिन आपरेशन का खर्च इतना बताया गया कि जिसे वह वहन नहीं कर सकते और डॉक्टर दृष्टि की जान बचाने को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे थे। निधि ने बताया कि इस दौरान उनकी बात एनजीओ चलाने वाली दिल्ली निवासी कंचन व अंबाला निवासी कामिनी से हुई। जिन्होंने दृष्टि का जिक्र आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एचएस गिल से किया। जिस पर डा. गिल ने दृष्टि का नि: शुल्क आप्रेशन करने को हरि झंडी दी और दृष्टि को 7 फरवरी को आदेश अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक डा. विवेक, डा. सरबजीत, डा. इशान व उनकी टीम ने इस बच्ची का सफल आपरेशन किया। डा. विवेक ने कहा कि दृष्टि अब बिल्कुल स्वस्थ है। दिल्ली निवासी कामिनी व कंचन ने दृष्टि की दवाइयों का खर्च वहन किया है। नि: शुल्क आपरेशन के लिए आदेश ग्रुप के चैयरमेन डा. एचएस गिल का आभार जताया है।

### मनरेगा मजदूरों ने मार्च में मांगा 30 दिन का काम

**कुरुक्षेत्र।** मनरेगा मजदूर यूनियन के जिला प्रधान कामरेड नरेश कुमार व जिला उपप्रधान कामरेड उषा कुमारी के नेतृत्व में गांव मिर्जापुर व खानपुर रोड़ान के सैकड़ों मनरेगा मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर बीडीपीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र एबीपीओ मनोज कुमार को सौंपा। जिसमें उन्होंने प्रशासन से मार्च के महीने में 30 दिन का काम देने की मांग की।

मनरेगा मजदूर यूनियन के जिला प्रधान कामरेड नरेश कुमार व जिला प्रधान कामरेड ऊषा कुमारी ने बताया कि जिले में गांव के सरपंच व मनरेगा अधिकारी मनरेगा कानून का सरेआम उल्लंघन कर रहे हैं। मनरेगा कानून के अनुसार सभी मनरेगा मजदूरों को उनके जॉब कर दिए जाने चाहिए परंतु मिर्जापुर गांव में मजदूरों को उनके जॉब कार्ड नहीं दिए गए हैं। बीडीपीओ कार्यालय में जब गांव मिर्जापुर के सरपंच को बुलाया गया और उनसे यह बात पूछी गई कि मनरेगा मजदूरों के जॉब कार्ड उन्हें क्यों नहीं दिए गए हैं तो उन्होंने बड़ा हास्यास्पद जबाब दिया कि मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड देना मेरा काम नहीं है जबकि मनरेगा कानून साफ कहता है कि गांव के मनरेगा मजदूरों के जॉब कार्ड बनाना और उन्हें जॉब कार्ड देना गांव के सरपंच और पंचायत सचिव का काम होता है।

## सीएसडी कैंटीन में अब नगद लेन-देन बंद

**भिवानी।** भूतपूर्व व वर्तमान सैनिकों तथा उनके आश्रितों को घरेलू सामान व शराब उपलब्ध करवाने के लिए संचालित सीएसडी कैंटीन में अब नगद लेन-देन बंद कर दिया गया है। अब कैंटीन में केवल डेबिट व क्रेडिट कार्ड यानी की एटीएम से ही पेमेंट का भुगतान किया जा सकता है। सीएसडी कैंटीन मैनेजर कर्नल (सेवानिवृत) सुरजभान बलौदा ने बताया कि मुख्यालय के आदेश के अनुसार 15 फरवरी से कैंटीन में किसी भी उपभोक्ता से नगद लेनदेन नहीं किया जा रहा है। शराब व घरेलू सामान खरीदने वाले हर व्यक्ति को अपने एटीएम से ही पेमेंट करनी होगी। उन्होंने बताया कि इस माह लगभग 80 फीसदी से अधिक कैंटीन ग्राहकों ने एटीएम का प्रयोग भुगतान के लिए किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठ नागरिक जोकि अनपढ़ हैं और बैंक द्वारा उन्हें एटीएम जारी नहीं किए गए हैं, केवल उनसे ही नगद लेनदेन किया जा रहा है।

# अग्रवाल वैश्य समाज के प्रवक्ता बने सुमित हिमांशु गर्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**अग्रवाल** वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने संगठन में नई नियुक्ति करते हुए कुरूक्षेत्र निवासी सुमित हिमांशु गर्ग को प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौपी है। ये जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि नवनियुक्त प्रवक्ता सामाजिक कार्यों में काफी सक्रियता के साथ भागीदारी रखते हैं। अपनी नियुक्ति पर सुमित हिमांशु गर्ग ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला व संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका पूरी ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत किया जाएगा।

इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता विकास गर्ग भी कुरुक्षेत्र पहुंचे। बता दें कि सुमित हिमांशु गर्ग हिन्दुस्तानी आम आदमी पार्टी की टिकट पर थानेसर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने उन्हें प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौपी है।




### कोविड-19 कोरोना वायरस के 05 नये पॉजिटिव केस मिले

**सोनीपत।** उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि जिला में सोमवार को सांयकाल तक कोविड-19 कोरोना वायरस के 05 नये पॉजिटिव केस पाया गया है। नये कोरोना मरीज के जुड़ाव से जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा बढ़कर 15011 हो गया है। उपायुक्त ने ये जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर दी। उपायुक्त पूनिया ने कहा कि जनता को कोरोना गाइडलाइंस का अनुपालन करना चाहिए।



### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लॉन्ग टर्म इक्विटी फंड

# दो दशकों से लगातार कर रहा संपत्ति निर्माण

**गुरुग्राम।** ईएलएसएस (इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम) फंड्स एक प्रकार का म्युचुअल फंड है जो इनकम टैक्स अधिनियम 1961 की धारा 80सी के तहत टैक्स छूट के दायरे में आता है।

ईएलएसएस म्युचुअल फंड्स शेयरों में निवेश पर आधारित होता है, जिसकी 65 फीसदी तक की पूंजी का निवेश शेयरों यानी इक्विटी में किया जाता है। बाजार में निवेश के लिए बहुत सारे ईएलएसएस फंड उपलब्ध हैं लेकिन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लॉन्ग टर्म इक्विटी फंड इन सबके मुकाबके ज्यादा टिकाऊ है, जिसका 20 सालों का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। इस फंड ने निवेशकों को लगातार बेंचमार्क इंडेक्स से ज्यादा का रिटर्न दिया है। इस बेहतरीन प्रदर्शन की वजह निवेश रणनीति में विविधता का होना है, जिसके तहत मजबूत क्षमता वाले अलग-अलग सेक्टर्स और बाजार पूंजीकरण के आधार पर शेयरों में निवेश किया जाता है। यह इक्विटी में निवेश आधारित सेविंग स्कीम है, जिसमें तीन साल का लॉक इन पीरियड है। इक्विटी और इक्विटी संबंधित शेयरों में निवेश की मदद से यह फंड लंबी अवधि में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखता है। इसके साथ ही इस स्कीम में निवेश कर निवेशक इनकम टैक्स अधिनियम 1961 की धारा 80सी के तहत टैक्स छूट का लाभ ले सकते हैं। टैक्स छूट के साथ ही यह स्कीम निवेशकों को लॉन्ग टर्म में ज्यादा लाभ पहुंचाने वाला है।

यह फंड उन निवेशकों के लिए बेहतरीन विकल्प है जो इक्विटी में निवेश करने के साथ ही टैक्स छूट का लाभ उठाना चाहते हैं। जो निवेशक लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में पैसा लगाकर रिटर्न के इच्छुक हैं, उन्हें इस स्कीम के जरिए निवेश के बारे में विचार करना चाहिए। इस स्कीम के तहत शेयरों में निवेश करते वक्त बिजनेस फंडामेंटल्स, इंडस्ट्री स्ट्रक्चर, मैनेजमेंट क्वालिटी, आर्थिक मामलों से कंपनी के प्रभावित होने की संवेदनशीलता, बैलेंट शीट और संभावित अर्निंग की क्षमता को ध्यान में रखा जाता है।

# इंडिया रेटिंग एंड रिसर्च ने जिंदल स्टेनलेस हिसार लिमिटेड को प्रदान की इंड ए/आर डब्ल्यू ई रेटिंग

**पायनियर सामचार सेवा।** हिसार

**इंडिया** रेटिंग एंड रिसर्च (इंडरा) ने जिंदल स्टेनलेस (हिसार) लिमिटेड (जेएसएचएल) की दीर्घकालिक ऋण सुविधाओं को पहली बार इंड ए/आर डब्ल्यू ई रेटिंग प्रदान की है। साथ ही, कंपनी की अल्पकालिक ऋ ण सुविधाओं को इंड ए/आर डब्ल्यू ई/ इंडा-1 रेटिंग प्रदान की है।

यह रेटिंग पिछले कुछ महीनों में कोविड-19 महामारी से पैदा अवरोधक परिस्थितियों के बावजूद जेएसएचएल के सकारात्मक प्रदर्शन को दर्शाती है। इंडी-रा ने जेएसएचएल को जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के साथ प्रस्तावित विलय के मद्देनजर आर डब्ल्यू ई रेटिंग प्रदान की है। दोनों कंपनियों के प्रस्तावित विलय पर इंड-रा की नजर है।

जेएसएचएल के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, अपने परिचालन स्तर और विविधीकृत उत्पाद मिश्रण के बल पर जेएसएचएल का वित्तीय प्रदर्शन कुशल है। इंड-रा ने जेएसएचएल को अपनी वित्तीय जिम्मेदारी को पूरा करने में योग्य माना है। यह नई रेटिंग जेएसएचएल के सकारात्मक वित्तीय स्वरुप का प्रमाण है, जो कि कोविड के दौरान पैदा विपरीत व्यवसायिक परिस्थिथियों में भी अबाधित रहा। एजेंसी ने जेएसएल और जेएसएचएल के बीच प्रस्तावित विलय के सकारात्मक नतीजों का भी अनुमोदन किया है।

इंड-रा ने ऋ ण सुविधाओं के लिए रेटिंग प्रदान करते हुए जेएसएचएल द्वारा ऋण में महत्वपूर्ण कटौती और कोविड की चरम स्थिति के बाद के दौर में घरेलू मांग में मजबूती को ध्यान में रखा है। इससे कंपनी की बैलेंस शीट में भी सुधार हुआ है। साथ ही एजेंसी ने जेएसएचएल के जेएसएल के साथ विलय, पर्याप्त नकदी और विविधीकृत उत्पाद मिश्रण को इस रेटिंग के लिए मुख्य प्रेरक माना है। इंड-रा ने कहा कि प्रस्तावित विलय से बडे पैमाने पर परिचालन के साथ उद्योग में कंपनी की अग्रणी भूमिका रहेगी, मार्केट में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी।

### प्रस्तावित विलय से अपेक्षित लाभ

**जेएसएचएल** के जेएसएल में प्रस्तावित विलय से एक विशाल स्टेनलेस स्टील इकाई (वैश्विक स्तर पर 10 शीर्ष कंपनियों में से एक) बनेगी जिसकी क्षमता 19 लाख टन सालाना होगी। विलय के बाद इस संयुक्त इकाई के अंतिम-उपभोक्ता आधार अधिक विविधीकृत होगा, परिचालन के विशाल स्तर के मद्देनजर कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं के साथ मोल-भाव की ताकत बढेगी, संयंत्र परिचालन विविधीकृत होगा (जाजपुर और हिसार), विशिष्ट उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ेगी और घरेलू के मुकाबले निर्यात बिक्री का अनुपात और संतुलित होगा। इसके अलावा, जेएसएल के जाजपुर संयंत्र के परिचालनात्मक विविधीकरण से कच्चे माल की बेहतर खरीद और बंदरगाह के पास होने के कारण निर्यात बाजार का लाभ मिलेगा, वहीं जेएसएचएल के घरेलू खपत केंद्र के पास स्थित होने का फायदा होगा।

# पंचायतों में प्रशासकों के रूप में बीडीपीओ की तैनाती का रास्ता साफ

## हाईकोर्ट ने कहा कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रशासक लगा सकती है सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के बाद बीडीपीओ को पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने के सरकार के फैसले के खिलाफ दर्जनों याचिका को खारिज कर दिया। हरियाणा सरकार ने पिछले दिनों साफ कर दिया था कि 24 फरवरी से प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं की बागडोर प्रशासकों के हाथ में होगी। जिसके चलते सरकार ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी लेखा रिपोर्ट तथा अन्य रिकार्ड बीडीपीओ कार्यालयों में जमा करवाने के निर्देश दिए थे।

इस मामले में सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सोमेश कुमार द्वारा दायर याचिका में कहा गया था

### पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज की याचिकाएं

कि हरियाणा की पंचायतों का कार्यकाल 23 फरवरी को पूरा हो रहा है। सरकार ने एक आदेश जारी कर पंचायतों का कार्यकाल पूरा होते ही सभी बीडीपीओ को पंचायतों में प्रशासक लगाने का आदेश जारी कर दिया व सभी सरपंचों को पंचायत का रिकार्ड उनको सौंपने का आदेश जारी कर दिया।

याचिका के अनुसार बीडीपीओ, एसडीएम और जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों पर पहले ही काम का बहुत 'यादा बोझ रहता है। ऐसे में चुनाव होने तक पंचायतों का काम ठप हो जाएगा। मौजूदा पंचायत प्रतिनिधियों को ही कार्यकारी प्रधान के नाते जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए, ताकि पंचायतों के कामकाज प्रभावित न हों।

सभी पक्षों को सुनने के बाद पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल खेत्रपाल ने इस संबंध में दायर सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि पंचायत का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें आगे लगातार काम करते देने का उनका कोई कानूनी अधिकार नहीं है। ऐसे में इस याचिका का कोई आधार नहीं है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद हरियाणा सरकार द्वारा पंचायतों में प्रशासक लगाए जाने को लेकर रास्ता साफ हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चित्रकला प्रतियोगिता में प्रशांत ने प्राप्त किया तीसरा स्थान



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने डॉ. कल्पना चावला व उनके जीवन को याद करते हुए कल्पना चावला स्मारक तारामंडल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रति वर्ष स्मारक द्वारा नन्हे विद्यार्थियों में शोध व विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है परंतु कोविड की वजह से यह प्रतियोगिता ऑनलाइन सम्पन्न हुई। सम्पूर्ण राज्य से सभी छात्रों ने बढ़चढ़ कर इस प्रतियोगिता में भाग लिया। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय से हर्षिता और प्रशांत ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें प्रशांत कक्षा 10 ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने बच्चों की मेहनत की सराहना की।

### ओबीसी को दूसरे क्षेत्रों में भी मिले 27 प्रतिशत आरक्षण

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा की बैठक सिरसला रोड स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा कि ओबीसी वर्ग को मिलने वाला 27 प्रतिशत आरक्षण नौकरियों से लेकर चेयरमैनों, बोर्ड के मैंबरों और प्राइवेट नौकरियों में भी संबंधित वर्ग को दिया जाए। पिछड़ा वर्ग की 52 प्रतिशत के लगभग आबादी है और यह वर्ग सरकार की रीढ़ की हड्डी है। रंबा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग ने वर्ष 2014 में व 2019 में सरकार बनाने में पूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य व केंद्र सरकार को सबका साथ, सबका विकास के तहत कार्य करते हुए आरक्षण को भी समानतापूर्वक लागू करना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री हरियाणा भी ओबीसी वर्ग को समानता की धारा में लाने में प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में ओबीसी आरक्षण की श्रेणीकरण में अब मनमर्जी नहीं चलेगी क्योंकि इसके लिए रोहिणी आयोग का गठन किया गया है, जो अगले माह से 11 राज्यों में ओबीसी आरक्षण को लेकर वर्गीकरण की पहल करेगा। जिस वर्ग की जितनी हिस्सेदारी मिली है, उसी अनुसार उसे आरक्षण प्राप्त होगा, जोकि सरकार का एक सराहनीय व सूझबूझ से उठाया गया कदम है। बैठक में महासभा के संरक्षक हाकिम सिंह, बलवंत, रवि, प्रेम नागवान, महासचिव रोशन लाल, जोधा आदि उपस्थित रहे।

### छात्रा को न्याय दिलाने के लिए एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुरूक्षेत्र इकाई ने एमएससी फाइनल ईयर की छात्रा अंजलि ठाकुर को न्याय दिलाने को लेकर प्राचार्य ऑफिस में प्रदर्शन किया। छात्रा की समस्या है कि उन्होंने चार फरवरी को अंतिम तिथि से पहले ही एग्जाम फॉर्म भर दिया था। उसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को प्रमोट कर दिया गया परंतु उनका परीक्षा परिणाम नहीं आया। उसके बाद जब उन्होंने परीक्षा शाखा में पूछा तो उन्होंने कहा कि आपका परीक्षा फार्म नही पहुंचा हैं। छात्रा 4 महीने से लगातार परिवार के साथ चक्कर काट रही है परंतु काम नहीं हुआ। एबीवीपी इकाई अध्यक्ष परमिश चौधरी ने कहा कि हम पूर्ण रूप से छात्रा के साथ हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय संयोजक हिमांशु ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द इस छात्रा को न्याय दे। उसके पश्चात कमेटी कि बैठक में मांग को मान लिया गया। इस अवसर पर विभाग संयोजक परवीन चंदेल, महाविद्यालय विस्तरिका कंचन डागर, श्याम रावत, संजू, राधिका, कोमल, मीनू, नीलम, कमल, मोहित, दीपक, हैप्पी एवं छात्रा के परिवार जन एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सरकार ने महंगाई में आम आदमी को झोंका : मेहता

**सिरसा।** केन्द्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल व गैस के दाम बढ़ाकर महंगाई की आग में झुलस रही जनता को और जख्मी कर दिया है। ये बात जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश मेहता ने कही। जारी बयान में मेहता ने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम काफी कम हो गए हैं। ऐसे में सरकार का फर्ज बनता था कि तेल के दाम कम कर जनता को राहत दे। मगर इसके विपरित सरकार ने तेल के दाम घटाने की बजाय बढ़ा दिए हैं। मेहता ने कहा कि पेट्रो पदार्थो के दामों में निरंतर आ रही तेजी का असर बाजार की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ट्रांसपोटेशन महंगा होगा तो निश्चित रूप से खाने-पीने की वस्तुओं के दाम और बढ़ेंगे। किसानों के लिए खेती और महंगी हो जाएगी। एडवोकेट रमेश मेहता ने कहा कि भाजपा शासन ने देश की अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क करके रख दिया है।

### पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रादौर। जेएमआईटी इंजिनियरिंग कालेज में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए एक नई पहल की है। छात्रों ने प्लास्टिक की खाली बोतलें व प्लास्टिक स्कैप का उपयोग करते हुए आकर्षक प्रस्तुति बनाई। नॉनबायोडिग्रेडेबल सामान का सुंदर प्रयोग करते हुए छात्रों ने स्वच्छ भारत अभियान को प्रोत्साहन किया। जेएमआईटी के डिपार्टमेंट अप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज के क्लब क्रिएटिव फिंगर्स ने इंचार्ज डॉ प्रेरणा गर्ग के निरीक्षण में कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कार्यक्रम में विनस, मानिक, मुस्कान, सुनैना, पूजा, पवन, गगनदीप, समृद्धि शर्मा, पूजा, जय सचदेवा, प्राची आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार पर सबसे पहला हक जरूरतमंद का

# एक लाख से कम आय वालों का स्तर ऊंचा करेगी सरकार

### हरियाणा के हर जिले में बनेंगे परिवार पहचान पत्र : मनोहर



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य न केवल अंत्योदय के विजन को साकार करना है बल्कि सरकार पर सबसे पहला अधिकार जरूरतमंद व्यक्ति का है। इसी दिशा में बढ़ते हुए सरकार ने अपनी तरह की पहली महत्वकांक्षी योजना 'परिवार पहचान पत्र' को लागू किया है, जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

मनोहर लाल सोमवार को मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों की बैठक ले रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि एक अप्रैल 2021 से परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर प्रदेश में सबसे कम पारिवारिक आय वाले ऐसे एक लाख गरीब परिवारों का चयन किया जाएगा, जिनकी पारिवारिक आय एक लाख से कम है। ऐसे परिवारों की पारिवारिक आय को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इसके लिए प्रदेश सरकार ऐसे परिवारों के सदस्यों का कौशल विकास करने, जिनके पास रोजगार नहीं हैं उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने और वित्तीय सहायता प्रदान करने पर जोर देगी। साथ ही, सरकारी कार्यालयों में आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-1 के तहत रोजगार देने के साथ-साथ यदि किसी परिवार का कोई पैतृक कार्य है तो उसे प्रोत्साहन देने के लिए भी सरकार द्वारा सहयोग किया जाएगा।

### साढ़े तीन हजार से अधिक छात्रों को दिया गया कौशल प्रशिक्षण

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि कौशल की गुणवत्ता में सुधार लाने और युवाओं को रोजगार व अप्रेंटशिप के अवसरों से जोडने् के लिए भी कार्य किए गए हैं। दोहरी प्रणाली प्रशिक्षण (डीएसटी) के माध्यम से 3700 से अधिक आईटीआई छात्रों को उनके कौशल से संबंधित व्यावहारिक उद्योग का अनुभव प्रदान करने के लिए 100 से अधिक उद्योग पार्टनर्स के साथ 175 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। मनोहर लाल सोमवार को मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के दृष्टिगत कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन् (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम का अनुपालन करते हुए सभी जिला सरकारी कार्यालयों में 870 से ज्यादा आंतरिक शिकायत समितियों (आईसीसी) और स्थानीय शिकायत समितियों (एलसीसी) का गठन किया गया है। बैठक में बताया गया कि दिसंबर 2020 में शुरू हुए जिला पायलट 'नो योर हीमोग्लोबिन (एचबी) अभियान' एक नया मील का पत्थर साबित हुआ है।

# किसान मित्र किसानों को सिखाएंगे वित्तीय प्रबंधन

### छोटी जोत वाले किसानों के लिए है 'किसान मित्र योजना'

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार छोटी जोत के किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आय बढने् के साथ-साथ किसानों का वित्तीय प्रबंधन सही हो इसके लिए सरकार 'किसान मित्र योजना' लाएगी। इसके तहत एक व्यक्ति स्वैच्छिक रूप से आगे 100 किसानों को वित्तीय प्रबंधन के बारे में बताएगा।

मनोहर लाल सोमवार को मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों की बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण को बचाए रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार की 'वन मित्र योजना' लाने की तैयारी में है। इस योजना के तहत व्यक्ति नए पेड़ लगाएगा और पेड़ों की देखरेख व सुरक्षा करेगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में वन क्षेत्र में तेजी से वृद्धि होगी। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा देश में खेल हब बन रहा है और प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। हर गांव में योग व व्यायामशालाएं बनाई जा रही हैं। इनके साथ वैलनेस सेंटर को जोड़ा जाएगा ताकि नागरिक बीमार न हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'फिट इंडिया' की कल्पना की थी ताकि हर व्यक्ति तंदरुस्त रहे। इसी दिशा में वैलनेस सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

### अस्पतालों को बैंक पैनल में रखने की मांग की

**सिरसा।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर एंड रिटाइरिज अधिकारियों व कर्मचारियों की तिमाही जनरल बॉडी की मीटिंग एक निजी होटल में आयोजित की गई। जिसमें सिरसा, मंडी डबवाली, फतेहाबाद जिला से पेंशनर अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हुए। मीटिंग की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव ओ. पी. कथूरिया ने की। मीटिंग में पिछली तिमाही में सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ प्रबंधक महितोश कुमार बागड़ी एवं मैनेजर अनिल शर्मा का एसोसिएशन की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय सिरसा के मंडल प्रमुख एसपी मेहता, चीफ एलडीएम सुनील कुमार कुकरेजा एवं मंडल कार्यालय से अधिकारी रोहित कक्कड़ ने भी शिरकत की।

### उपायुक्त ने लगवाई वैक्सीन, कर्मचारियों को किया प्रेरित

**सिरसा।** उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि कोरोना वैक्सीन का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है।

वैक्सीन के बारे में किसी प्रकार की अफवाह के बारे में ध्यान न देते हुए वैक्सीन जरूर लगवाएं। दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव व इसे जड़मूल से खत्म करने के लिए वैक्सीन लगवाने के साथ-साथ मॉस्क व सोशल डिस्टैंसिंग जैसी प्रमुख सावधानियां बरतनी जरूरी हैं। नागरिक वैक्सीन लगवाकर व बचाव उपायों की पालना करके जिला को कोरोनामुक्त बनाने में सहयोग करें।उपायुक्त ने सोमवार को सामान्य अस्पताल में बनाए वैक्सीनेशन केंद्र पर पहुंचकर वैक्सीन लगवाई और अधिकारियों व कर्मचारियों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया।

# छात्रों की सुरक्षा को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**चौधरी** बंसीलाल विश्वविद्यालय में छात्र सुरक्षा को लेकर व प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के पहचान पत्र बनवाने को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीबीएलयू इकाई द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष योगेश कुमार व आशु पालुवास द्वारा किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष योगेश कुमार ने कहा कि कुछ दिन पहले कुछ शरारती तत्व विश्वविद्यालय परिसर में घुस आए तथा विद्यार्थी से मारपीट की थी। उसी के मद्देनजर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने छात्र सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तथा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के पहचान पत्र बनवाने की मांग उपकुलपति से की है।

उन्होंने कहा कि छात्रों के पहचान पत्र बने होंगे तो कोई बाहर को व्यक्ति विश्वविद्यालय परिसर में घुसकर ऐसी हरकत दोबारा नहीं कर पाएंगे। इसीलिए छात्र सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके पहचान पत्र बनवाएं जाएं।

# मिताथल के ग्रामीणों ने राहत सामग्री का वाहन दिल्ली किया रवाना

## कानून की वापसी तक वे धरनारतों के लिए पहुंचाते रहेंगे राहत सामग्री : विनोद

### तीनों कृषि कानून किसानों पर जबरदस्ती थौंपे जा रहे हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**गांव** मिताथल के ग्रामीण लगातार दिल्ली टिकरी बॉर्डर पर धरनारत किसानों के लिए राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। इसी के तहत आज सोमवार को भी गांव मिताथल के ग्रामीणों द्वारा दिल्ली टिकरी बॉर्डर पर 800 लीटर दूध, एक हजार लीटर लस्सी, 80 किलो देशी गुड़ सहित अन्य खाद्य सामग्री का वाहन रवाना किया।

इस मौके पर ग्रामीण विनोद सांगवान ने बताया कि जब तक सरकार तीनों काले कानूनों को वापस नहीं लेती, तब तक वे कृषि कानूनों का विरोध करते रहेंगे। धरने पर बैठे किसानों के लिए राहत सामग्री पहुंचाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानून किसानों पर जबरदस्ती थौंपे जा रहे हैं। यदि कानून लागू करने से पहले सरकार किसानों से वार्ता करती तो सरकार को ये दिन नहीं देखना पड़ता। उन्होंने कहा कि पहले अंग्रेजों के समय इस्ट इंडिया कंपनी आई थी और अब अड़ानी और अंबानी आ जाएंगे। जिससे किसान फिर से गुलामी की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि कृषि से जुड़े तीनों काले कानून रद् किए जाएं।

### कितलाना टोल पर पगड़ी संभाल कार्यक्रम आज

**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कल 23 फरवरी को दोपहर 11 बजे कितलाना टोल पर पगड़ी संभाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य नीमड़ीवाली ने गांव कितलाना, नीमड़ीवाली, ढाणा नरसाण, पहलादगढ, झरवाई आदि गांवों में अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि पगड़ी संभाल कार्यक्रम में भिवानी व चरखी दादरी जिले से हजारों की संख्या में किसान भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार हर तरह से किसान विरोध होने का प्रमाण दे रही है। पहले तीन काले कानून लागू करके और अब पेट्रोल, डीजल व गैस के दामों में वृद्धि करके किसानों के साथ अन्याय करने का काम कर रही है।

# 15 मृत वकीलों के आश्रितों को मिली एक-एक लाख रुपये की सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाडी



**बार** काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा की ओर से सोमवार को काउंसिल के सदस्य एडवोकेट मिंदरजीत सिंह ने 15 मृत वकीलों के आश्रितों को आर्थिक सहायता के रूप में एक-एक लाख रुपये के चेक वितरित किए।

एडवोकेट मिंदरजीत सिंह यादव ने बताया कि बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा ने एक पॉलिसी शुरू की हुई है, जिसके तहत मृतक वकीलों के आश्रितों को सहायता के रूप में एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि काउंसिल की इसी नीति के तहत आज रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, व नारनौल तथा आस-पास के मृतक वकीलों के आश्रितों को एक-एक लाख रुपये के चेक वितरित किए गए हैं।

बता दें कि वर्तमान में पंजाब-हरियाणा बार काउंलिस के वर्तमान सदस्य एडवोकेट मिंदरजीत सिंह लगातार तीसरी बार काउंलिस के सदस्य बने हैं और दक्षिणी हरियाणा का नेतृत्व कर रहे हैं। इसके अलावा वह पंजाब-हरियाणा बार काउंसिल के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इधर मृतक वकीलों के परिवारों की मदद करने पर रेवाड़ी, बावल, नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, तथा नूंह की बार ने मिंदरजीत सिंह यादव का आभार जताया है।

### छत से गिरने पर महिला की मौत

**सिरसा।** शहर की कोर्ट कॉलोनी पैर फिसलने से छत से गिरकर घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोर्ट कॉलोनी निवासी करीब 44 वर्षीय सिमरजीत कौर बीते दिवस अपने घर की छत पर टहल रही थी। इसी दौरान अचानक से उसका पैर फिसल गया। वह छत से नीचे आ गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बाद में मृतका के परिजनों के बयानों के आधार पर इत्तेफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# पति ही निकला पत्नी नेहा का हत्यारा

## पुलिस ने आरोपी पति सहित दो लोगों को किया काबू

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।



**पुलिस** ने गांव बाबैन से लापता नेहा की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने नेहा की हत्या करने के आरोपित पति कथावाचक प्रशांत कौशिक व हत्या करके लाश को ठिकाने लगाने में सहयोग करने के आरोपित संदीप वासी सदरपुर थाना घरौंडा को गिरफ्तार किया है। उप पुलिस अधीक्षक लाडवा भारत भूषण ने बताया कि 2 फरवरी को प्रशांत कौशिक पुत्र छैल कौशिक वासी खैरी ने थाना बाबैन पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि उसने अपनी पत्नी नेहा को फोन पर किसी से बातें करते हुए देखा था। जिस कारण उनका आपस में मनमुटाव हो गया था और पंचायती लोगों की सहमति से वह उसके पास आई थी।

### प्रशांत कौशिक ने नेहा की हत्या करके शव को नहर में फेंका

उसने अपनी पत्नी को फोन का प्रयोग करते हुए देखा था। एक फरवरी को उनके सोने के बाद वह बिना बताये घर से कहीं चली गई। वह अपने मायके में भी नही गई थी। उसकी उन्होंने अपने तौर पर तलाश की पर कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक भाग सिंह को सौंपी गई। नेहा की तलाश के लिए पुलिस ने प्रशान्त कौशिक को सहयोग के लिए थाना में बुलाया। आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा। इसके बाद 7 फरवरी को प्रशांत कौशिक भी लापता हो गया। जांच के दौरान पुलिस की शक की सुई प्रशांत कौशिक के सहायक रहे संदीप कुमार की तरफ घूम गई। पुलिस ने आरोपी के सहयोगी संदीप के घर दबिश दी। 21 फरवरी को आरोपी संदीप को पिपली चौक से गिरफ्तार किया गया। संदीप ने पुलिस के सामने नेहा की गुमशुदगी बारे सारा राज उगल दिए।

# जत्थेदार दादूवाल ने हमेशा पंथ की लड़ाई लड़ी: ढींडसा

## 21 जरूरतमंद लड़कियों का कराया विवाह, दिया घरेलू सामान

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा

**हरियाणा** सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने हमेशा पंथ के सिद्धांतों की लड़ाई लड़ी है। सरकारों ने झूठे पर्चे दर्ज करके अनेक बार जेलों में रखा परंतु जत्थेदार दादूवाल हमेशा पंथ के हालातों में सभी पंथ को एकता की लड़ी में पिरोने के लिए विनती करते हैं।

ये विचार पंजाब से राज्यसभा सांसद और शिरोमणी अकाली दल डेमोक्रेटिक के प्रधान सुखदेव सिंह ढींडसा ने सुख सेवा सिमरन ट्रस्ट और पंथक सेवा लहर दादू साहब की तरफ से गुरुद्वारा श्रीगुरु ग्रंथसर दादू में



कालावांली में समागम में प्रवचन करते हुए संत बलजीत सिंह दादूवाल।

जत्थेदार एवं हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष संत बाबा बलजीत सिंह दादूवाल की देखरेख में श्रीगुरू तेग बहादुर महाराज के 400 साला को समर्पित गुरमति समागम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहे।

समागम में पंजाब की विधायक सरबजीत कौर माणूंके ने कहा कि जत्थेदार दादूवाल जहां पंथ की सेवा करते हैं वहीं हर साल जरूरतमंद परिवार की 21 लड़कियों के आनंद कार्ज करवा कर और उनको घरेलू सामान दे कर विदाई करने का प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। इस साल भी गुरमति समागम और 21 जरूरतमंद परिवार की लड़कियों के आनंद कारज करके जत्थेदार दादूवाल ने प्रशंसनीय काम किया है। इस मौके पर भाजपा नेता जगदीश चौपडा द्वारा मुख्यमंत्री हरियाणा की तरफ से भेजा बधाई संदेश भी पढ़ कर सुनाया गया। संत दादूवाल व अन्य पधारे मुख्यातिथियों ने नव दंपतिओं को आशीर्वाद दिया।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से मेडीकल स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ जगमीत सिंह लाडी की टीम की तरफ से मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। समारोह दौरान प्रसिद्ध समाज सेवी डॉ एसपी सिंह ओबराय, भाई सुखदीप सिंह ओबराय, डॉ कुलदीपक सिंह कुलार, डॉ तेजपाल सिंह वादी, नेशनल कॉलेज सिरसा की महिला बस चालक पंकज देवी सहित उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को विशेषतौर पर सम्मानित किया गया। समारोह दौरान गुरू का लंगर अटूट बरताया गया।

# विधायक लीला राम ने कच्ची गलियों का कराया एस्टीमेट तैयार

**पीएल वर्मा।** कैथल



**विधायक** लीला राम ने अधिकारियों के साथ प्योदा रोड वार्ड-19 में कच्ची गलियों का निरीक्षण किया। कच्ची गलियों को पक्की करने के लिए एस्टिमेट तैयार किया गया। यह दौरा हलके में निरंतर चल रहा है और सभी गलियों के एस्टिमेट तैयार करके मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भेजे जाएंगे।

विधायक लीला राम ने हलके वासियों का आह्वान किया है कि सामूहिक मांगों को मेरे ध्यान में लाएं, इसके बाद उन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग और उनकी सामूहिक मांगों को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। शहर व गांव में बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां से भी लोगों द्वारा कोई समस्या या शिकायत रखी जाती है, उसका तुरंत समाधान किया जाता है।

# यूपी में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए 1,175 करोड़ रुपये का प्रावधान

## वाराणसी गोरखपुर और अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की

एजेंसी। लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए सोमवार को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत बजट में विभिन्न मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए कुल 1,175 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के लिए वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में 597 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। कानपुर मेट्रो के प्राथमिक सेक्शन आईआईटी कानपुर से मोतीझील के बीच ट्रायल रन की शुरुआत आगामी 31 जुलाई को करने तथा इसका वाणिज्यिक संचालन 30 नवंबर तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए इस बजट में 478 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इस परियोजना के पहले चरण के तहत ताज ईस्ट गेट से जामा मस्जिद के बीच ट्रायल रन आगामी 31 जुलाई को शुरू करने और इसका वाणिज्यिक संचालन 30 नवंबर से करने का लक्ष्य तय किया गया है। बजट में वाराणसी गोरखपुर तथा अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। सरकार ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के निर्माण के लिए भी 1,326 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

## कश्मीर घाटी में 11 महीने बाद ट्रेन सेवा बहाल



नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के कारण करीब 11 महीने से स्थगित ट्रेन सेवा कश्मीर घाटी में सोमवार को बहाल कर दी गई। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इससे आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और पर्यटन क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। गोयल ने ट्वीट किया, रेलवे 22 फरवरी से कश्मीर घाटी में बनिहाल-बारामूला खंड पर दो ट्रेनों का परिचालन शुरू करने के साथ सेवा बहाल कर रहा है। इससे पहले रेलवे ने कहा कि सभी ट्रेनों के परिचालन के लिए कोई तिथि तय नहीं की गई है। रेलवे चरणबद्ध तरीके से ट्रेन सेवाओं की संख्या में बढ़ोतरी कर रहा है। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, पहले से ही 65 प्रतिशत ट्रेनें चल रही हैं। जनवरी में 250 से अधिक ट्रेनें बढ़ाई गई और इसके बाद चरणबद्ध तरीके से ट्रेनों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में देश भर में कुछ उपनगरीय ट्रेन सेवाओं के साथ सिर्फ स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं जो पूरी तरह से आरक्षित होती हैं। देश में पिछले साल लॉकडाउन की घोषणा के बाद 25 मार्च से सभी नियमित ट्रेन सेवाएं बंद कर दी गई थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### अहमदनगर में बस और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत



औरंगाबाद। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में रविवार देर रात एक बस और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नेवासा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना यहां से 60 किलोमीटर दूर देवगांठ फाटा में रविवार देर रात दो बजे हुई। औरंगाबाद जा रही कार की सामने से आ रही एक निजी बस से टक्कर हो गई। बस अहमदनगर की ओर जा रही थी। अहमदनगर पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कार सड़क के डिवाइडर पर उछली और विपरीत दिशा से आ रही बस से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। ये सभी जालना जिले के रहनेवाले थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए नेवासा ग्रामीण अस्पताल में भेज दिया गया है।

### इंदौर में 19 वर्षीय महिला ने एक साथ तीन बेटियों को जन्म दिया

इंदौर। इंदौर के एक सरकारी अस्पताल में 19 वर्षीय महिला ने एक साथ तीन बेटियों को जन्म दिया है। इनमें से एक नवजात बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने सोमवार को यह जानकारी दी। एमवायएच की स्त्री रोग विशेषज्ञ सुमित्रा यादव ने बताया, प्रसव पीड़ा से जूझ रही 19 वर्षीय महिला अचानक हमारे अस्पताल में पहुंची थी। उसकी ओर से हमें बताया गया था कि उसके गर्भ में जुड़वां बच्चे पल रहे हैं। लेकिन रविवार रात प्रसव कराया गया तो उसने करीब 15 मिनट के भीतर तीन लड़कियों को जन्म दिया।यादव ने बताया कि तीनों लड़कियों में से प्रत्येक का वजन एक किलोग्राम है जो सामान्य नवजातों के मुकाबले काफी कम है। उन्होंने बताया, महिला की गंभीर हालत को देखते हुए हमें तय समय से पहले उसका प्रसव कराना पड़ा। यादव ने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों का दल जच्चा और उसकी तीनों बेटियों की सेहत पर लगातार निगाह रखे हुए है। स्त्री रोग विशेषज्ञ के मुताबिक इनमें से एक नवजात बच्ची की हालत बहुत ज्यादा गंभीर है और उसकी जान बचाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। जानकारों ने बताया कि गर्भावस्था की सामान्य अवधि के बाद पैदा होने वाले बच्चों का वजन आमतौर पर 2.5 से 3.5 किलोग्राम के बीच होता है।

### संयुक्त राष्ट्र ने रोहिंग्याओं की समुद्र में भटकी नौका का पता लगाने को मांगी मदद



कुआलालंपुर। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने सोमवार को कहा कि रोहिंग्या मुस्लिमों को लेकर रवाना हुई एक नौका के अंडमान सागर में भटक जाने की और उनमें से कई लोगों की भोजन-पानी की कमी की वजह से मौत हो जाने की आशंका है। एजेंसी ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से उन्हें बचाने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी आयोग ने बताया कि नौका 10 दिन पहले बांग्लादेश के कॉक्स बाजार से रवाना हुई थी और इंजन खराब होने के बाद करीब एक हफ्ते से समुद्र में भटक रही है। एजेंसी ने कहा कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि नौका पर कितने लोग सवार हैं और नौका कहां पर है लेकिन शरणार्थियों के पास कई दिन से खाना-पानी नहीं होने की खबरें हैं। यूएनएचसीआर (एशिया प्रशांत क्षेत्र) निदेशक इंद्रिका रातवट्टे ने एक बयान में कहा, कई लोग नाजुक हालात में हैं और संभवतः गंभीर निर्जलन की समस्या का सामना कर रहे हैं। हमारा मानना है कि कई शरणार्थियों की पहले ही मौत हो गई है और मृतकों की संख्या गत 24 घंटे में बढ़ी है। यूएनएचसीआर ने कहा कि उसने अंडमान सागर के आसपास के देशों को सतर्क किया है और नौका पर सवार शरणार्थियों की मदद की अपील की है। एजेंसी ने कहा कि नौका मिलने पर वह मानवीय सहायता एवं पृथक्करण सुविधा मुहैया कराने को तैयार है।

# राहुल ने मनरेगा का उपहास उड़ाने पर प्रधानमंत्री मोदी पर कसा तंज

## आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा सबसे शक्तिशाली लोगों का कर रही सशक्तीकरण

एजेंसी। वायनाड



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी ने मनरेगा का मजाक उड़ाया था, लेकिन उन्हें यह तथ्य स्वीकार करना पड़ा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार द्वारा लाई गई ग्रामीण रोजगार योजना ने कोविड-19 महामारी के दौरान देश के लोगों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड की पोठाडी ग्राम पंचायत में कुदुंबश्री संगमम का उद्घाटन करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब लोगों के सशक्तिकरण के लिए काम किया। आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा सबसे शक्तिशाली लोगों का सशक्तीकरण कर रही है।

कांग्रेस नेता ने चुनावी राज्य केरल में अपने निर्वाचन क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की। गांधी ने आरोप लगाया, जब मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने हम सबके सामने संसद में मनरेगा का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा था कि मनरेगा देश के लोगों का अपमान है। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को देश में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार के दौरान योजना के तहत कार्यों और धन का आवंटन बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, और वह (मोदी) कोविड-19 के दौरान यह स्वीकार करने के लिए मजबूर हो गए कि मनरेगा ने देश के लोगों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान मनरेगा में रोजगार की मांग बढ़ गई। वायनाड के सांसद ने कहा कि संप्रग सरकार द्वारा लाई गई मनरेगा और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की शुरुआत ना केवल भेंट है बल्कि यह लोगों को मजबूत बनाने का जरिया भी है। उन्होंने कहा कि जब मनरेगा की शुरुआत की गई तो एक वित्त वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 100 दिनों के लिए रोजगार देने की गारंटी प्रदान की गई। गांधी ने कहा कि कई लोगों ने दावा किया था कि मनरेगा योजना लोगों को तबाह कर रही है लेकिन जब सरकार बड़े कारोबारियों को लाखों करोड़ रुपए दे रही है और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का निजीकरण कर रही है तो वे लोग कुछ नहीं कह रहे।

### कृषि एकमात्र व्यवसाय है जिसका संबंध भारत माता से : राहुल गांधी

वायनाड (केरल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलनरत किसानों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए सोमवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक ट्रैक्टर रैली में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि कृषि एकमात्र व्यवसाय है जिसका संबंध भारत माता से है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे सरकार को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर करें जिन्हें भाजपा नीत केंद्र सरकार ने लागू किया है। वायनाड जिले के थ्रिक्काइप्टा से मुत्तिल के बीच छह किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर रैली के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, पूरी दुनिया भारतीय किसानों की परेशानी देख सकती है लेकिन दिल्ली की सरकार किसानों का दर्द नहीं समझ पा रही है। उन्होंने कहा, हमारे पास पॉप स्टार हैं जो भारतीय किसानों की स्थिति पर टिप्पणी कर रहे हैं लेकिन भारत सरकार को इसमें रुचि नहीं है। उन्हें (सरकार को) जब तक मजबूर नहीं किया जाएगा, वे तीनों कानूनों को वापस नहीं लेंगे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इन तीनों कृषि कानूनों को भारत की कृषि व्यवस्था को बर्बाद करने और पूरा कारोबार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो-तीन दोस्तों को देने के लिए बनाया किया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि 40 लाख करोड़ रुपये के साथ देश का सबसे बड़ा कारोबार है और इससे करोड़ों भारतीयों जुड़े हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, कृषि एकमात्र व्यवसाय है जिसका संबंध भारत माता से है और कुछ लोग इस कारोबार पर कब्जा करना चाहते हैं।

# उप्र की नई संभावनाओं को उड़ान देगा यह बजट : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2021-22 के लिए विधानसभा में प्रस्तुत बजट की प्रशंसा की



एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2021-22 के लिए सोमवार को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लोक कल्याणकारी, विकासोन्मुख और सर्वसमाज के विकास को समर्पित बताते हुए कहा कि यह सर्व समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह बजट लोक कल्याणकारी, विकासोन्मुख और सर्वसमाज के विकास को समर्पित है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के लोकतांत्रिक भावना से परिपूर्ण यह बजट सर्व समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि राजस्व की प्राप्तियों को लेकर सरकार के जो लक्ष्य थे, उसके अनुरूप प्राप्तियों को हासिल करने में कुछ कठिनाई हुई। फिर भी सरकार ने स्थितियों को बेहतर ढंग से सम्भाला। उन्होंने कहा कि यह बजट एक नई आशा, नई ऊर्जा और उत्तर प्रदेश की नई संभावनाओं को उड़ान देने वाला है। इस बजट में हर हाथ को काम देने का संकल्प निहित है। यह बजट प्रदेश के गांव, गरीब किसानों, नौजवानों, महिलाओं और समाज के प्रत्येक तबके का प्रतिनिधित्व करने वाला बजट है।

योगी ने कहा कि सरकार ने कोविड-19 महामारी के बावजूद प्रदेश के वित्तीय अनुशासन को बनाए रखते हुए लोक कल्याण की भावना के तहत समाज के हर वर्ग को इसमें शामिल कर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का यह बजट समग्र और समावेशी विकास तथा प्रदेश के विभिन्न वर्गों के स्वावलंबन के माध्यम से सशक्तिकरण को आधार बनाकर प्रस्तुत किया गया है।

# अनिर्दिष्ट श्वसन बीमारियों से निपटने को प्रार्थना में शामिल हों: मगुफुली

एजेंसी। नैरोबी



तंजानिया के राष्ट्रपति जॉन मगुफुली ने कई महीनों तक प्रार्थना के जरिए कोविड-19 को मात देने का दावा करने के बाद आखिरकार अब देश में वायरस के मामले होने बात स्वीकार कर ली है। मगुफुली ने रविवार को पूर्वी अफ्रीकी देश के लोगों से एहतियाती उपाय करने और मास्क पहनने का अनुरोध किया। उन्होंने महामारी के दौरान कोविड-19 टीकों सहित विदेश में निर्मित सामानों को लेकर आगाह भी किया।

राष्ट्रपति का यह बयान जंजीबार के उपराष्ट्रपति के निधन के कुछ दिन बाद आया है। उनकी पार्टी ने नेता के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की थी। राष्ट्रपति के मुख्य सचिव का भी हाल ही में निधन हो गया था, लेकिन मौत के कारण का खुलासा नहीं किया गया है। मुख्य सचिव के अंतिम संस्कार के मौके पर मगुफुली ने अनिर्दिष्ट श्वसन बीमारियों से निपटने के लिए लोगों से तीन दिन की प्रार्थना में शामिल होने का आग्रह किया। यह बयान राष्ट्रीय प्रसारक पर शुक्रवार को प्रसारित किया गया था।

तंजानिया ने पिछले साल अप्रैल से ही देश में कोविड-19 के मामलों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है और राष्ट्रपति लगातार इस बात का दावा करते रहे हैं कि इसे मात दी जा चुकी है।

तंजानिया में कोविड-19 के आधिकारिक तौर पर केवल 509 मामले हैं, लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि कई लोगों ने सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत की है और अस्पतालों में निमोनिया के मरीज भी बढ़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि तंजानिया का वायरस की समस्या को स्वीकार करना उसके नागरिकों, पड़ोसी देशों और विश्व के लिए काफी अच्छा होगा। टेड्रोस ने मगुफुली से कड़ी कार्वाई करने का अनुरोध भी किया था।

# किनारा कैपिटल को मिला इंडसइंड बैंक से एक करोड़ डॉलर का वित्तपोषण

मुंबई। छोटे व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) किनारा कैपिटल ने यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन से 100 प्रतिशत गारंटी के साथ इंडसइंड बैंक से एक करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त किया है। बेंगलुरू स्थित एनबीएफसी अब तक 56,000 से अधिक ग्राहकों को 2,000 करोड़ रुपए के बिना गारंटी वाले लघु व्यवसाय ऋण वितरित किए हैं।

# विशेष अदालत ने अमित शाह के खिलाफ मानहानि मामले को मजिस्ट्रेट अदालत भेजा

एजेंसी। कोलकाता



सांसद व विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे को न्यायाधिकार क्षेत्र की वजह से सोमवार को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत को भेज दिया। शाह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने दायर कराया है। अदालत ने इससे पहले शाह को समन जारी कर सोमवार को व्यक्तिगत रूप से या वकील के जरिए पेश होने को कहा था। अदालत ने उनके वकील ब्रजेश झा की इस दलील पर संज्ञान लिया कि शाह के जिस पते का उल्लेख किया गया है, वह गलत है। बनर्जी के वकील संजय बसु ने कहा कि दो पते अदालत में दिए गए हैं जिनमें से एक दिल्ली का और दूसरा अहमदाबाद का है। इससे पहले जो पता दिया गया था, वह कोलकाता स्थित भाजपा कार्यालय का था। विशेष न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि मामले को कोलकाता के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत को भेजा जाए क्योंकि पता एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधिकार क्षेत्र से परे है।

# ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम तक कम पहुंच मुहैया कराएगाः आईएईए प्रमुख


एजेंसी। तेहरान



संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी इकाई के प्रमुख ने कहा कि ईरान संयुक्त राष्ट्र के निरीक्षकों को अपने परमाणु कार्यक्रम तक कम पहुंच मुहैया कराने पर तकनीकी रूप से सहमत हो गया है। ईरान का यह कदम पश्चिमी देशों पर दबाव डालने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी ने ईरान की आपात यात्रा के बाद रविवार को यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आईएईए अगले तीन महीने तक ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी जारी रखने के लिए तेहरान के साथ तकनीकी सहमति पर पहुंचा है। हालांकि उनकी इस टिप्पणी से यह रेखांकित होता है कि ईरान के साथ अमेरिका और अन्य पक्षों के बीच आपसी सहमति के रास्ते संकुचित होते जा रहे हैं। ईरान वैश्विक शक्तियों के साथ 2015 के परमाणु समझौते की तय सीमा से कहीं अधिक यूरेनियम जमा कर रहा है। ग्रोसी ने विएना पहुंचने के बाद हवाईअड्डे पर कहा कि आईएईए को उम्मीद है कि इस आपसी सहमति से एक बेहद अस्थिर स्थिति स्थिर हो जाएगी और अन्य स्तरों पर राजनीतिक वार्ताएं हो सकेंगी। ग्रोसी ने कहा कि निगरानी एक संतोषजनक तरीके से जारी रहेगी।

# अमेरिका अलगाववादी ताकतों का समर्थन बंद करे : चीन

एजेंसी। बीजिंग



चीन ने सोमवार को अमेरिका से सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) और उसकी एक दलीय राजनीतिक प्रणाली को बदनाम नहीं करने और ताइवान, तिब्बत, हांगकांग एवं शिनजियांग में अलगाववादी ताकतों का समर्थन नहीं करने की अपील की।

चीन-अमेरिका संबंध के विषय पर आयोजित वार्षिक लैंटिंग फोरम में विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि बाइडन प्रशासन को अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन कठोर नीतियों पर विचार करना चाहिए जिसे उन्होंने चीन के बढ़ते प्रभाव पर लगाम लगाने के लिए उठाया था।

वांग ने कहा, हमारी मंशा अमेरिका को चुनौती देने या उसे हटाने की नहीं है। हम शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए तैयार हैं और अमेरिका के साथ साझा विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा, इसी तरह हम आशा करते हैं कि अमेरिका चीन के बुनियादी हितों, राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और विकास के अधिकार का सम्मान करेगा। हम अमेरिका से सीपीसी और चीन की राजनीतिक प्रणाली को बदनाम नहीं करने, उसके खिलाफ गलत शब्दों से बचने का अनुरोध करते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा, साथ ही हम चाहते हैं कि अमेरिका ताइवान की आजादी की मांग करने वाले अलगाववादी ताकतों का समर्थन नहीं करे तथा हांगकांग, शिनजियांग एवं तिब्बत से संबंधित चीन के आंतरिक मामलों में उसकी संप्रभुता एवं सुरक्षा को कमतर करना बंद करे। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अमेरिका जल्द से जल्द उसकी नीतियों को ठीक करेगा।

## शुरुआती कारोबार में रुपया 11 पैसे मजबूत

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में नरमी तथा विदेशी निवेशकों के जारी निवेश से सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 11 पैसे मजबूत होकर 72.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 72.58 प्रति डॉलर पर खुला और कुछ देर में 72.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले दिवस के स्तर से 11 पैसे की मजबूती है। बृहस्पतिवार को रुपया 72.65 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर मुद्रा बाजार बंद थे। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक 0.04 प्रतिशत गिरकर 90.32 पर आ गया।

# एल्गार मामला : उच्च न्यायालय ने वरवरा राव को छह महीने की अंतरिम जमानत दी

एजेंसी। मुंबई



बंबई उच्च न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी एवं बीमार कवि वरवरा राव को चिकित्सा के आधार पर सोमवार को छह महीने की अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एसएस शिंदे और न्यायमूर्ति मनीष पिटाले की पीठ ने राव (82)की उम्र, जोखिमपूर्ण स्वास्थ्य स्थिति, जेल में उन्हें मुहैया कराई गई चिकित्सा की गुणवत्ता, पड़ोसी जिले नवी मुंबई स्थित तलोजा जेल में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को संज्ञान में लेते हुए पाया कि यह राहत देने का उपयुक्त मामला है। राव का इस समय मुंबई के नानावटी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

राव 28 अगस्त 2018 से ही न्यायिक हिरासत में हैं और इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) कर रहा है। अदालत ने आदेश दिया कि राव को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाए जो उनके स्वास्थ्य की स्थिति पर निर्भर है। पीठ ने कहा कि अस्पताल से छुट्टी के तुरंत बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए।

अदालत ने एनआईए की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने राव को अस्पताल से छुट्टी देने पर तीन हफ्ते की रोक लगाने का अनुरोध किया जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया। पीठ ने कहा कि जमानत देने के बाद तथा अस्पताल द्वारा राव को छुट्टी देने के लिए उपयुक्त पाए जाने के बाद वह कोई स्थगन नहीं देगी। अदालत ने कहा, आवेदक की जोखिमपूर्ण स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए... हमारी राय है कि यह राहत देने का सही एवं उपयुक्त मामला है। पीठ ने कहा, ऐसा नहीं करने पर, हम मानवाधिकार की रक्षा करने एवं संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में समाहित स्वास्थ्य की रक्षा करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य से विमुख होंगे। पीठ ने हालांकि, राव को जमानत देने के साथ कई सख्त शर्तें भी लगाई है। राव के जमानत पर बाहर जाने के संबंध में एनआईए की आशंकाओं के संदर्भ में अदालत ने कहा कि वह कुछ ऐसा नहीं करेंगे जिससे मामले की जांच प्रभावित हो।

इसलिए राव मुंबई में शहर की एनआईए अदालत के न्यायाधिकार क्षेत्र में ही रहेंगे। अदालत ने कहा कि राव को 50 हजार रुपए का व्यक्तिगत बांड जमा करने के साथ-साथ ही इतनी ही राशि के दो मुचलके देने होंगे। अदालत ने राव को मामले से जुड़े किसी सह आरोपी से संपर्क करने या इस तरह की गतिविधियों से जुड़े व्यक्ति से राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल करने पर भी रोक लगाई है।

पीठ ने कहा कि राव को मामले की सभी सुनवाई में शामिल होना होगा और अदालत के समन का जवाब देना होगा तथा उन्हें मुंबई पुलिस को हर पखवाड़े व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करना होगा। अदालत ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों को राव से मिलने की अनुमति नहीं होगी और निर्देश दिया कि वह अपना पासपोर्ट एनआईए अदालत में जमा कराएं।

अदालत ने राव पर मामले को लेकर प्रेस में कोई बयान देने पर भी रोक लगाई है और उन्हें उस तरह की किसी भी गतिविधि में शामिल होने की मनाही होगी जिसकी वजह से उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि, अदालत ने एनआईए अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट के लिए आवेदन करने की अनुमति दे दी। राव के वकील आनंद ग्रोवर ने कार्यकर्ता को अपने वकीलों से मिलने की अनुमति देने का अनुरोध किया था जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया। अदालत ने कहा कि छह महीने की अवधि पूरी होने के बाद राव को एनआईए अदालत में आत्मसमर्पण करना होगा या उच्च न्यायालय में जमानत अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन करना होगा। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद राव को पिछले साल नवंबर में नानावटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वरवरा राव को चिकित्सा आधार पर जमानत देने की याचिका तथा उनकी पत्नी हेमलता की रिट याचिका पर उच्च न्यायालय में एक फरवरी को बहस पूरी हो गई थी और अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। रिट याचिका में दावा किया गया था कि उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने एवं कैद में रखे जाने से वरवरा राव के मौलिक अधिकारों की अवहेलना हो रही है।

# स्कूलों की मनमानी अभिभावकों पर भारी

## आरटीई पोर्टल पर नोएडा के केवल 150 संस्थानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

- एडमिशन के लिए चक्कर काट रहे अभिभावक
- जनपद गौतमबुद्धनगर में हैं 1400 प्राइवेट स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोरोना महामारी से रूकी जिंदगी एक बार फिर रफ्तार पकड़ रही है। जनजीवन सामान्य हो रहा है, विद्यालय खुल रहे हैं। शैक्षणिक गतिविधियां चालू हो गई हैं। लोग बच्चों के दाखिले के लिए स्कूलों में आने-जाने लगे हैं। हालांकि गौतमबुद्धनगर में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। जिले के ज्यादातर निजी स्कूलों ने अब तक शिक्षा का अधिकार आरटीई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया है। जबकि सत्र 2021-22 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

दरअसल, आरटीई के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूल में मुफ्त दाखिला मिलता है। इसका खर्च राज्य और केंद्र सरकारें वहन करती हैं। अपने बच्चों के एडमिशन का सपना संजोए अभिभावक स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं। मगर उन्हें कुछ ठोस हासिल नहीं हो रहा है। नए सत्र के लिए एक मार्च से आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाएगा। अप्रैल में ड्रॉ कराया जाएगा और मई तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

जिले में अब तक 1400 में से सिर्फ150 निजी स्कूलों ने पंजीकरण कराया है। दरअसल, आरटीई में दाखिले से पहले शिक्षा विभाग स्कूलों की सूची तैयार कर इसके तहत उपलब्ध सीटों का आंकड़ा तैयार करता है। शुरुआत में प्राइवेट स्कूल बच्चों को दाखिला नहीं देते थे, पर सरकारी लाभ हासिल कर रहे थे। इसीलिए शिक्षा का अधिकार की प्रक्रिया में संशोधन किया गया और विद्यालयों को स्वयं आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का आदेश दिया गया। पारदर्शिता लाने के लिए फीस जमा करने की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया गया है। पिछले सत्र में पंजीकृत कुल 1400 स्कूलों में से बमुश्किल से 150 स्कूलों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### दाखिला देने में करते हैं आनाकानी

जिले के प्राइवेट स्कूल प्रबंधक आरटीई के नियमों का मजाक बना रहे हैं। पिछले सत्र में जनपद में आरटीई के तहत 4000 आवेदन आए थे। मगर इनमें से सिर्फ2500 बच्चों को ही दाखिला दिया गया था। बाकी के चयनित छात्र अब तक एडमिशन के लिए स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं। उनका पूरा साल बर्बाद हो गया। अब नए सत्र के दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसे में पुराने सत्र के छात्रों को मौका मिलना चुनौतीपूर्ण होगा। पिछले सत्र 2020 में जिले के कई निजी स्कूलों ने स्वयं को अल्पसंख्यक बताकर आरटीई के तहत दाखिला देने से इन्कार कर दिया था। हालांकि बाद में दस्तावेजों को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी रही। इन वजह से इन स्कूलों की लिस्ट में शामिल बच्चों को एडमिशन नहीं मिल सका। उनका एक साल बर्बाद हो गया। अब तक के हालात बता रहे हैं कि इस वर्ष भी अभिभावकों को पिछले साल जैसी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

# कंपनी के कर्मचारियों से 30 लाख की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-16 में स्थित अर्बन कंपनी के कर्मचारियों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया है। सुबह करीब 200 कर्मचारी कंपनी गेट के सामने इकट्ठा हुए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। सभी कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन पर उन्हें झांसा देकर ठगी करने का आरोप लगाया है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को हर महीने मोटी रकम कमाने का झांसा देकर 30 लाख रुपए की ठगी की है। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए सेक्टर-20 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारियों को समझा-बुझाकर वहां से हटा दिया।

जानकारी के अनुसार उक्त कंपनी ने एक स्कीम शुरू की। इसमें कर्मचारियों को महीने में एक लाख रुपये तक कमाने का झांसा दिया। बदले में प्रत्येक कर्मचारी से 15 हजार रुपये जमा करवाए गए। साथ ही शुल्क के नाम पर मोटी रकम मांगी गई। कर्मचारियों को जब ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने कंपनी प्रबंधन से इस बारे में बात करने की कोशिश की पर उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।

इससे गुस्साए करीब 200 कर्मचारी कंपनी गेट पर पहुंच गए। उन्होंने मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी की और पैसे वापस मांगे। कर्मचारियों की भारी संख्या को देखते हुए नोएडा सेक्टर-20 थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कर्मचारियों को समझा-बुझाकर वापस भेज दिया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी प्रबंधन से इस बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। पुलिस पता लगा रही है कि आखिर प्रबंधन इस तरह स्टॉफ को एक लाख रुपये महीना कमाने का झांसा कैसे दे रही थी।

# युवती के साथ सुरक्षाकर्मियों ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

राजनगर एक्सटेंशन में फ्लैट दिखाने के बहाने 2 सुरक्षाकर्मियों ने एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। होश में आने के बाद पीड़िता को घटना की जानकारी हुई है। पीड़िता ने इस मामले में पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

युवती का आरोप है कि पुलिस ने जांच के नाम पर उसको करीब 8 घंटे तक थाने में बैठाए भी रखा था। बाद में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। नंदग्राम थानांतर्गत राजनगर एक्सटेंशन की औरा चमेरा सोसाइटी का यह मामला है। पीडित युवती मूलरूप से मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली है। वह मधुबन बापूधाम कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है।

पीड़िता राजनगर एक्सटेंशन में बैंक में अकाउंट खुलवाने गई थी। वहां उसकी मुलाकात बैंक में तैनात सुरक्षा गार्डों से हुई। गार्डों ने पीड़िता का अकाउंट खुलवाने का आश्वासन दिया। अकाउंट खुलवाने से पहले किराए पर फ्लैट देने की राय दी गई। ऐसे में दोनों सुरक्षा गार्डों के साथ लड़की राजनगर एक्सटेंशन की औरा चमेरा सोसाइटी में पहुंच गई।

आरोप है कि वहां फ्लैट दिखाने के बहाने आरोपियों ने पीड़िता को नशीला पदार्थ पिला दिया था। इसके बाद वह बेहोश हो गई। मौका पाकर दोनों सुरक्षा गार्डों ने युवती के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया।

## ट्रक से टकराकर 15 फुट नीचे गिरा कैंटर

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर रविवार को भीषण हादसा हुआ जिसमें एक ट्रक और कैंटर की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में कैंटर गाड़ी एक्सप्रेसवे से पलटते हुए 15 फिट नीचे जा गिरी। इस हादसे में कैंटर का चालक बुरी तरह घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायल को कैंटर से बाहर निकाला तथा इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। खुर्जा के रहने वाले कैंटर चालक राजकुमार एक कंपनी का सामान लेकर गुजरात से मेरठ जा रहा था। रविवार को वह दनकौर क्षेत्र में स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से गुजर रहा था। इसी दौरान दनकौर क्षेत्र में उनकी गाड़ी का टायर पंचर हो गया। टायर बदलने के बाद वह अपनी गाड़ी को लेकर हाइवे पर लेन में जा रहा था। उसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे एक ट्रक ने कैंटर में जोरदार टक्कर मार दी।

# एटीएम कॉर्ड की धोखाधड़ी में चार धरे गए

**पुलिस ने 70 एटीएम कार्ड, फर्जी तरीके से एटीएम से निकाले गए पैसों से खरीदे गए दो मोबाइल फोन आदि बरामद किए हैं।**



पुलिस द्वारा पकड़े गए चारो आरोपी। फोटो : दीपक यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर जनपद में थाना सेक्टर-24 की पुलिस ने एटीएम मशीन से पैसा निकालने वाले लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनके एटीएम कार्ड हासिल करने और उनके खातों से धन निकालने वाले एक गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राजेश एस ने बताया कि थाना सेक्टर 24 पुलिस ने सोमवार को एक सूचना के आधार पर ईएसआई अस्पताल के पास से रंजीत साहनी, प्रकाश चौहान, जितेंद्र साहनी तथा अरुण सिंह को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने 70 एटीएम कार्ड, फर्जी तरीके से एटीएम से निकाले गए पैसों से खरीदे गए दो मोबाइल फोन आदि बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि इस गिरोह के सदस्य ऑटो रिक्शा में सवार होकर शहर में निकलते हैं और ये उन एटीएम मशीनों को निशाना बनाते हैं, जहां सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं होते हैं।

उन्होंने बताया कि ये आरोपी ऐसे एटीएम मशीनों पर बुजुर्ग या सीधे-साधे लोगों की ताक में रहते हैं और उनकी सहायता करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड और पिन हासिल करके धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं।

# कुत्ते को पीटना युवक को पड़ा भारी, पीएफए ने दर्ज कराया केस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई युवक की करतूत



बीमार कुत्ते को बेरहमी से पीटता युवक।

नासिरपुर गांव में एक शख्स को गली के बीमार कुत्ते को पीटना भारी पड़ गया। पिटाई की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और उसके खिलाफ कार्रवाई का आधार बन गई। उस व्यक्ति ने सोचा भी नहीं होगा कि बीमार कुत्ते को डंडे से मारना उसके लिए कानूनी फांस बन जाएगा। इसकी भनक एनजीओ पीएफए को लग गई। एनजीओ ने इस मामले में सिहानी गेट थाने में शिकायत दी।

बाद में यह मेनका गांधी के संज्ञान में मामला आ गया। पुलिस ने घटना की जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। संस्था पीपल फॉर एनिमल्स की अध्यक्ष सुरभि रावत ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजू नाम का एक व्यक्ति यहां नासिरपुर गांव में रहता है। उसने एक घायल कुत्ते पर हमला कर दिया। उसकी हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई है। आसपास के लोगों ने जब उनको बताया तो उन्होंने इस मामले में सिहानी गेट थाना में शिकायत की।

पीएफए की चेयरपर्सन ने घटना के बारे में मेनका गांधी को भी अवगत कराया। सांसद और वरिष्ठ नेता ने इस बारे में पुलिस से बात की और कार्रवाई करने को कहा है। सिहानी गेट कोतवाल कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दूसरा फरार

- छात्र के अपहरण मामले में थे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना दनकौर क्षेत्र के औरंगपुर गांव में एक छात्र के अपहरण में शामिल बदमाशों के साथ पुलिस की रविवार देर रात मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया।

पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) राजेश कुमार सिंह ने बताया, गांव औरंगपुर में 12 वर्षीय छात्र यश नागर को दो अज्ञात बदमाशों ने 13 फरवरी को अगवा कर लिया था। सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई जिसके आधार पर बदमाशों और छात्र की तलाश में पुलिस ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा में दबिश दी। पुलिस की कार्रवाई को देखते हुए बदमाशों ने 14 फरवरी को छात्र को ईस्टर्न पेरीफेरल के पास छोड़ दिया। हालांकि पुलिस अपहरण में शामिल बदमाशों की तलाश में जुटी रही। अधिकारी ने बताया कि घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## डीएम ने भी लगवाया कोरोना का टीका

**गाजियाबाद ।** कोरोना से बचाव के लिए जिले में चल रहे टीकाकरण अभियान के दौरान सोमवार को जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे ने भी कोरोना का टीका लगवाया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एनके गुप्ता के साथ-साथ तमाम स्टाफ मौजूद था।

जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडेय सोमवार को सेक्टर 23 स्थित जिला संयुक्त अस्पताल पहुंचे और वहां पर कोरोना का टीका लगवाया। इस दौरान अस्पताल के मेडिकल स्टाफ ने डॉक्टर पांडेय को गुलदस्ता भी भेंट किया।

# स्ट्रीट वेंडर को मिलेगा 10 हजार का ऋण

## अनियमितताएं रोकने को डीएम बैंक ग्रुप पर लगाएंगे मजिस्ट्रेट की ड्यूटी

- सर्वे में छूटे लोगों के लिए बनाई समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के तहत जिले के लगभग 65 हजार ठेली खोमचे वालों को केंद्र सरकार 10 हजार का ऋण उपलब्ध कराने जा रही है। ये ऋण नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा चिन्हित किए गए वेडर्स को विभिन्न बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला प्रशासन के संज्ञान में यह आया है कि जिले के बैंक गरीबों को ऋण देने के मामले में लापरवाही बरत रहे हैं इसी पर नकेल कसने के लिए प्रशासन ने विभिन्न बैंक ग्रुप पर एक दर्जन से भी अधिक मजिस्ट्रेट तैनात करने का निर्णय किया है।

जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे ने सोमवार को बताया कि यह मजिस्ट्रेट यह भी ध्यान रखेंगे कि बैंक के अधिकारी या कर्मचारी ऋण देने के नाम पर कोई भ्रष्टाचार रूपी आचरण ना करें। शहरी विकास अभिकरण इस समय सड़कों पर ठेला लगाकर जीवन निर्वाह करने वाले लोगों को चिन्हित करने का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 27 हजार पात्र ठेले वालों को चिन्हित किया जा चुका है। खास बात यह है इस योजना में केवल उन लोगों को शामिल किया जाएगा जो 24 मार्च 2020 से पूर्व सड़कों के किनारे ठेला या खोमचा लगाने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा जो लोग सर्वे में छूट गए हैं उनके लिए एक समिति गठित की गई है। इसकी संस्तुति पर ही उनका नाम पात्र सूची में शामिल किया जाएगा।



ग्रेनो वेस्ट में कोरोना वॉरियर्स चौक के अनावरण के दौरान मौजूद प्राधिकरण सीईओ नरेंद्र भूषण, सीएमओ दीपक ओहरी व अन्य अधिकारी।

# डॉक्टरों की प्रतिमा का 'कोरोना वॉरियर्स चौक' पर अनावरण

## यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल ने नोएडा एक्सटेंशन में बनाया चौक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

महामारी के बुरे दौर में सेवा में समर्पित सभी स्वास्थ्यकर्मियों को यथार्थ सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने सम्मान दिया है। नोएडा एक्सटेंशन में सोमवार को हनुमान मंदिर चौक पर डॉक्टरों की प्रतिमा वाले पहले कोरोना वॉरियर्स चौक का अनावरण किया गया। सर्जिकल दस्ताने और फेस मास्क पहने दो डॉक्टरों की 15 फुट ऊंची प्रतिमा बनाने में एक महीने से ज्यादा का वक्त लगा। इसे बनाने में करीब पांच लाख रुपये का खर्च आया। अब इसे कोरोना वॉरियर्स चौक के नाम से जाना जाएगा।

कोविड महामारी के जानलेवा दौर में जान गंवाने वाले योद्धाओं को देश सदैव याद रखेगा। आसमान की तरफ देख रहीं प्रतिमाएं एक समर्पण का प्रतीक हैं। ये प्रतिमाएं चौक से गुजरने वाले हर मुसाफिर को उनकी नि:स्वार्थ सेवा की हमेशा याद दिलाएंगी। चौक का उद्घाटन ग्रेटर नोएडा के सीईओ नरेंद्र भूषण, गौतमबुद्धनगर के सीएमओ डॉ दीपक ओहरी की मौजूदगी में किया।

यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ कपिल त्यागी ने बताया, 'मेडिकल फ्रेटर्निटी ने अपने दिमाग से कोरोना महामारी के भय को दूर रखा। सबने अपने पेशेवर जिम्मेदारी को आगे रखा और बुरे वक्त में लोगों की सेवा करते रहे। हमारे फ्रंटलाइन डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों ने राष्ट्र के कल्याण के लिए कठिन परिश्रम किया है। पर टीकाकरण अभियान सफल होने से उनकी मेहनत का फल मिला है। हमें इसका गर्व है। हम इसकी सराहना करते हैं।

# पर्थला गोलचक्कर की सूरत बदलने को प्राधिकरण कर रहा काम

## केबल सस्पेंशन ब्रिज बनने के बाद फर्राटा भरेंगे वाहन, दिखाई देगा खुबसूरत नजारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

प्राधिकरण शहर के लोगों को एक और सौगात देने जा रहा है। अथॉरिटी ने महात्वाकांक्षी पर्थला गोलचक्कर चौराहे को लेकर बड़ा कदम उठाया है। अब इस गोलचक्कर चौराहे की सूरत बदल जाएगी। इसके रूपरेखा का खाका तैयार किया जा रहा है।

अब गोलचक्कर के ऊपर केबल सस्पेंशन ब्रिज बनाया जाएगा। इसके बाद नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच वाहनों को कोई बैरियर नहीं मिलेगा और गाड़िया पूरी रफ्तार से फर्राटा भरेंगी। प्राधिकरण सिर्फ इसी मार्ग की योजना पर काम नहीं कर रहा है। अथॉरिटी, गोलचक्कर के नीचे अंडरपास बनाकर फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, एफएनजी रूट पर ट्रैफिक का दबाव कम करने की प्लानिंग बना रहा है। इन दोनों प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद पर्थला गोलचक्कर से गुजरने वाले लाखों वाहन चालकों को बहुत राहत मिलेगी। बताते चलें कि पर्थला चौराहे को नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट का बॉर्डर कहा जाता है। विगत कुछ सालों में इस चौराहे पर वाहनों का बहुत दबाव बढ़ा है। इस रूट पर तकरीबन 1.25 लाख वाहनों की आवाजाही होती है।

ग्राफिक्स इमेज



इसे सरल बनाने के लिए सेक्टर-71 चौराहे से किसान चौक के बीच 700 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इस पर 80.83 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके ऊपर 150 मीटर का हिस्सा केबल सस्पेंशन तकनीक से विकसित किया जा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रिज के लिए गोलचक्कर के ऊपर बन रहे पिलर की नींव 10 मीटर गहरी रहेगी। इसके पीछे एक बड़ी वजह यह है कि गोलचक्कर के नीचे से ब्रिज को क्रॉस करता हुआ छह मीटर ऊंचाई का अंडरपास बनाया जा सके ताकि मुसाफिरों को ट्रैफिक फ्री यात्रा मिल सके। एफएनजी पर बनने वाला अंडरपास एनएच-9 से एक्सप्रेसवे की तरफ बनाया जाएगा। प्राधिकरण इसका डिजाइन तैयार करा रहा है। जल्दी ही इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए अधिकारियों के पास भेज दिया जाएगा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

दिन अनुकूल रहेगा। कार्यस्थल पर किसी से भी झगड़ा न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा, भाग्य का सितारा बुलंद है। तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार का वातावरण भी परेशानी दे सकता है, लेकिन आपकी इनकम बढ़ेगी। प्रेम जीवन के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहेगा।

**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

**भाग्यांक: 6**

**विशेष:** हनुमान जी को लड्डुओं का भोग लगाएं।

### वृष

घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। अध्ययन के प्रति विद्यार्थियों की रूचि बढ़ेगी, नियमित योग करने से आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। ऑफिस में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति मिलेगी।

**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

**भाग्यांक: 5**

**विशेष:** हनुमान चालीसा का पाठ करें।

### मिथुन

रोजमर्रा का कामकाज निपटाने के लिए एक्स्ट्रा कोशिश करें। समय और धैर्य का पूरा इस्तेमाल करें। आज इसकी जरूरत होगी। अपने ही दम पर और शांत मन से जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिल सकती है। पॉजिटिव रहने की कोशिश करें। ऑफिस में आपके काम की तारीफ भी होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज का दिन परिजनों के साथ अच्छा गुजरेगा।

**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

**भाग्यांक: 3**

**विशेष:** सुंदरकांड का पाठ करें।

### कर्क

दिन तनावपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद लाभ प्राप्ति के उद्देश्य से अच्छा रहेगा। कार्य में सफलता मिलेगी। भाग्य मजबूत बनेगा। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। दांपत्य जीवन में परेशानियों के चलते जीवनसाथी से लड़ाई झगड़ा हो सकता है, उनका स्वास्थ्य भी पीड़ित हो सकता है, जो लोग प्रेम जीवन जी रहे हैं उन्हें भी आज थोड़ा संभल कर चलना होगा।

**(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

**भाग्यांक: 7**

**विशेष:** हनुमान बाहुक का पाठ करें।

### सिंह

दिन ठीक-ठाक रहेगा। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। जीवनसाथी के साथ बिताए गए पल आपके रिश्ते को और मजबूत बनाएंगे। मित्रों के साथ थोड़ी बहस हो सकती है। अत्यधिक क्रोध से बना हुआ काम बिगड़ भी सकता है, गुस्से पर पूर्ण नियंत्रण रखना चाहिए। जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचना चाहिए।

**(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

**भाग्यांक: 5**

**विशेष:** हनुमान जी को पान का बीड़ा चढ़ाएं।

### कन्या

दिन अच्छा है। भावनाओं पर कंट्रोल करेंगे तो फायदा होगा। ऑफिस में विपरीत लिंग के लोगों के साथ बातचीत कुछ ज्यादा हो सकती है। ऐसे लोगों से मदद मिलने के भी योग हैं। प्रेम जताने के लिए दिन ठीक है। समय पर काम पूरे हो सकते हैं। किसी के मेंटल सपोर्ट से आपकी मानसिक स्थिति में संतुलन रहेगा। समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य बेहतर बनेगा।

**(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)**

**भाग्यांक: 4**

**विशेष:** हनुमान अष्टक का पाठ करें।

### तुला

दिन थोड़ा कमजोर रह सकता है। परिवार में तनावपूर्ण स्थितियां रहेंगी और परिवार के बुजुर्गों को स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। घर के छोटे सहयोग करेंगे। प्रेम जीवन के लिए दिन काफी बेहतर रहेगा। प्रिय से मन की बातें करेंगे। दांपत्य जीवन जी रहे लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा।

**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक: 6**

**विशेष:** हनुमान मंदिर में चमेली के तेल का दिया जलाएं।

### वृश्चिक

दिन अनुकूल रहेगा। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। घर-परिवार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न हो सकते हैं। घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। कॅरियर में आपको कोई बड़ी सफलता हासिल हो सकती है। सभी काम बनते नजर आएंगे। आज का दिन अच्छा बीतेगा।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक: 8**

**विशेष:** हनुमान जी को लड्डू का भोग लगाएं।

### धनु

दोस्त के साथ पार्टनरशिप में पैसा कमाने का मौका मिल सकता है। पार्टनरशिप या रिश्तों को लेकर आपके मन में किसी तरह की चिंता है, तो उसका समाधान मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ एक सकारात्मक और नई पहल करने का भी मौका मिल सकता है। चलते कामों में सफलता मिल सकती है और पुराने कामों के अच्छे नतीजे मिल सकते हैं।

**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

**भाग्यांक: 5**

**विशेष:** बजरंग बाण का पाठ करें।

### मकर

दिन अच्छा रहने वाला है इनकम में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है और व्यापार भी उन्नतिदायक साबित होगा। मित्र से अपने मन की बात कहेंगे, वह काफी खास मित्र होगा। दांपत्य जीवन जी रहे लोगों को आज निराशा का सामना करना पड़ सकता है और उनके दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर ध्यान रखना होगा।

**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

**भाग्यांक: 5**

**विशेष:** रामायण की चौपाइयों का पाठ करें।

### कुंभ

दिन उत्तम रहेगा। किसी से कोई उपहार मिलेगा, मन खुश रहेगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। कुछ लोग आपसे प्रभावित होंगे। साथ ही वो आपसे जुड़ने की कोशिश भी करेंगे। बिजनेसमैन को बेहतर मौके मिलेंगे।

**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)**

**भाग्यांक: 3**

**विशेष:** जरूरतमंद को वस्त्र दान करें।

### मीन

मेहनत का पूरा नतीजा मिल सकता है। धैर्य से काम करें और समय का भी ध्यान रखें। घर-परिवार में कुछ मामले पूरी तरह अचानक आपके सामने आ सकते हैं। दिमाग में एक समय में बहुत सी बातें या बहुत से प्लान रहेंगे। कोई हावी होने की कोशिश करे, तो शांत रहें। सितारे धन लाभ करवा सकते हैं। जमीन या मकान संबंधी कामकाज पूरे हो सकते हैं। स्थायी संपत्ति मिल सकती है। हर तरफ से मदद भी मिलेगी।

**(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

**भाग्यांक: 9**

**विशेष:** हनुमान जी को चोला चढ़ाएं।

## रियल एस्टेट कारोबारी ने पंखे से लटककर दी जान

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक रियल एस्टेट कारोबारी ने अपने दफ्तर में ही पंखे से लटकर खुदकुशी कर ली। प्रारंभिक जांच में पुलिस का कहना है कि कारोबारी मंदी के कारण दुखी था।

मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। खुदकुशी करने वाला कारोबारी इंदिरापुरम निवासी रवि सिंह उर्फ रवि सिसोदिया था, जो पाम रोड पर अपना दफ्तर चलाता था और रियल एस्टेट कारोबारी था। सोमवार को उसके कार्यालय में पंखे से लटकी हुई उसकी लाश बरामद हुई और पास में ही सुसाइड नोट भी पड़ा हुआ था।

# मोंटेनेग्रो युवा मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारतीय महिला मुक्केबाजों को 5 गोल्ड

एजेंसी। नई दिल्ली

**बेबीरोजिसाना** चानू (51 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (69 किग्रा) ने दो और स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम मोंटेनेग्रो के बुदवा में चल रहे 30वें एड्रियाटिक पर्ल टूर्नामेंट में कुल पांच स्वर्ण के साथ शीर्ष पर रही। लकी राणा (64 किग्रा) को रजत पदक मिला। भारतीय महिला टीम ने कुल 10 पदक (पांच स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य) के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

उज्बेकिस्तान दो स्वर्ण पदक जीतकर दूसरे जबकि एक स्वर्ण पदक



जीतने वाला चेक गणराज्य तीसरे स्थान पर रहा। खेलो इंडिया खेलों की तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति ने रविवार को यूक्रेन की मेरियाना स्टोइको को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। चानू ने करीबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान की एशियाई जूनियर चैंपियन सबीना बोबोकुलोवा को 3-2 से शिकस्त दी। लकी को हालांकि फिनलैंड की मुक्केबाज लिया पुकिला के खिलाफ 0-5 की शिकस्त के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला मुक्केबाजों में अल्फिया पठान (81 किग्रा), विनका (60 किग्रा) और टी सनामाचा चानू (75 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। विनका को टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला मुक्केबाज का पुरस्कार भी मिला। पुरुष वर्ग में दो पदक के साथ भारत की 19 सदस्यीय टीम ने अपने अभियान का अंत 12 पदक से ओवरआल दूसरे स्थान के साथ किया। ओवरआल तालिका में उज्बेकिस्तान शीर्ष जबकि यूक्रेन तीसरे स्थान पर रहा।

# जोकोविच का लक्ष्य फेडरर और नडाल के रिकार्ड तक पहुंचना



एजेंसी। मेलबर्न

**आस्ट्रेलियाई** ओपन में रिकार्ड नौवां खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 18 पर पहुंचाने वाले नोवाक जोकोविच का अगला लक्ष्य रोजर फेडरर और राफेल नडाल के रिकार्ड की बराबरी करना है। सर्बिया के 33 वर्षीय जोकोविच के मन में फेडरर और नडाल के प्रति बहुत सम्मान है, जिन्होंने पुरुष एकल में समान 20 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच उनकी बराबरी करने से दो खिताब दूर हैं लेकिन वह यह भी जानते हैं कि ये दोनों दिग्गज अभी चुके नहीं हैं।

जोकोविच ने कहा, वे पहले ही इतिहास रच चुके हैं। उन्होंने हमारे खेल में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा, क्या मैं अधिक ग्रैंडस्लैम जीतने और रिकार्ड तोड़ने के बारे में सोचता हूं? निश्चित तौर पर मैं ऐसा सोचता हूं। मैं जब तक संन्यास नहीं लेता हूं मेरा ध्यान और मेरी ऊर्जा अधिक से अधिक ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने पर ही केंद्रित रहेगी। जोकोविच ने रविवार को मेलबर्न पार्क पर फाइनल में डेनिल मेदेवेदेव को लगातार सेटों में 7-5, 6-2, 6-2 से हराया। विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी ने कहा, मुझे लगता है कि 99.9 प्रतिशत खिलाड़ी बचपन से ही रैकेट थामने पर सपना देखना शुरू कर देते हैं कि उन्हें क्या हासिल करना है और यह सपना ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का होता है। उन्होंने कहा, मैं खुद को अधिक उम्र या थका हुआ महसूस नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं जानता हूं कि जैविक और वास्तविक आधार पर मेरे लिए चीजें वैसी नहीं हैं जैसी 10 साल पहले थी।

### जोकोविच ने आठ मार्च तक एटीपी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान पक्का किया

### जब आप नंबर एक बनने के लिए खेलते हो तो आपको पूरे सत्र में खेलना होता है

आस्ट्रेलियाई ओपन में अपने नौवें खिताब से जोकोविच ने आठ मार्च तक एटीपी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान पक्का कर दिया। तब वह अपने कॅरियर में 311 सप्ताह नंबर एक रैंकिंग पर पूरे कर चुके होंगे जो कि फेडरर के कुल योग से एक अधिक होगा। जोकोविच ने कहा, जब आप नंबर एक बनने के लिए खेलते हो तो आपको पूरे सत्र में खेलना होता है, आपको अच्छा खेलना होता है। आपको सभी टूर्नामेंट में खेलना पड़ता है। मैं अब इसमें थोड़ा सा बदलाव करना चाहूंगा जिसका मतलब है कि मुझे अपने कैलेंडर को भी समायोजित करना होगा।

# टेस्ट बल्लेबाज होने का मतलब सभी परिस्थितियों में खेलना है : स्टोक्स

एजेंसी। अहमदाबाद

**भारत** में स्पिनरों की मददगार पिचों को लेकर चर्चा को दरकिनार करते हुए इंग्लैंड के आलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि टेस्ट खिलाड़ियों को हर तरह की परिस्थितियों में खेलने का आदी होना चाहिए। बुधवार से शुरू होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से पहले मोटेरा में नए सिरे से तैयार किए गए मैदान की पिच कैसा व्यवहार करेगी यह स्टोक्स को पता नहीं है, लेकिन उनका मानना है कि शीर्ष स्तर के क्रिकेटरों को हर तरह की परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

स्टोक्स ने डेली मिरर में अपने कॉलम में लिखा, एक टेस्ट बल्लेबाज होने का मतलब है कि आपको हर तरह की परिस्थिति का सामना करने में सक्षम होना चाहिए। भारत ऐसा स्थान है जहां विदेशी बल्लेबाजों के लिए सफलता हासिल करना बहुत मुश्किल होता, लेकिन इंग्लैंड में भी ऐसा होता है। उन्होंने कहा, और यह चुनौती खेल का हिस्सा है और इसलिए हम इसे पसंद करते हैं। भारत में टर्निंग विकेट वर्तमान श्रृंखला के दौरान चर्चा का विषय बन गए हैं और माइकल वान जैसे इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाए हैं कि क्या इस तरह के विकेट टेस्ट क्रिकेट के लिए आदर्श हैं। भारत ने चेन्नई में दूसरा टेस्ट मैच 317 रन से जीतकर चार मैचों की श्रृंखला बराबर कराई। स्टोक्स ने उस मैच में केवल दो ओवर किए जो चर्चा का हिस्सा है। स्टोक्स ने इस बारे में कहा, इस तथ्य पर बहुत अधिक गौर करने की जरूरत नहीं है कि मैंने दूसरे मैच में अधिक ओवर नहीं किए। अगर यह घसियाली पिच होती तो निश्चित तौर पर मैं अधिक ओवर करता।



### किसी को नहीं पता कि पिच का व्यवहार कैसा होगा

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दूधिया रोशनी में खेले जाने वाले अगले मैच में गेंदबाजी करने के लिए मेरे पास कई अन्य कारण हो सकते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच चार मैचों की श्रृंखला में काफी कुछ दांव पर लगा है। इन दोनों टीमों के पास विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। भारत को इसके लिए जहां एक जीत और एक ड्रा की जरूरत है वहीं इंग्लैंड को दोनों मैच जीतने होंगे। स्टोक्स ने कहा कि किसी को भी इस बारे में थोड़ा भी पता नहीं है कि मोटेरा की पिच का व्यवहार कैसा होगा। उन्होंने कहा, आम तौर पर विश्व भर में गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले मैचों में बीच में ऐसा दौर आता है जबकि दूधिया रोशनी में गेंद से मदद मिलती है और तब तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम होती है। स्टोक्स ने कहा, हमारे लिए यह बेहद महत्वपूर्ण समय होगा। यह नया मैदान है और काफी अच्छा दिख रहा है लेकिन कोई नहीं जानता कि इसकी पिच कैसा व्यवहार करेगी। हमारे पास अच्छा स्पिन विभाग है लेकिन उम्मीद है कि परिस्थितियां ऐसी होगी कि तेज गेंदबाजों से उन्हें मदद मिलेगी।

## 'मोटेरा पिच पर अभी काफी घास है, लेकिन पक्का है कि मैच के दिन वह नहीं होगी'

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडसरन का मानना है कि सरदार पटेल मोटेरा स्टेडियम की नई तैयार की गई पिच पर अभी भले ही हरी घास दिख रही है, लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि भारत के खिलाफ दिन रात्रि टेस्ट मैच के शुरू होने से पहले तक उसे काट दिया जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच बुधवार से दूधिया रोशनी में खेला जाएगा। एंडरसन का मानना है कि मोटेरा की पिच चेपॉक में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पिच से बहुत ज्यादा भिन्न नहीं होगी। इंग्लैंड ने दूसरा टेस्ट 317 रन से गंवाया था।

एंडरसन ने ब्रिटिश मीडिया के साथ वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिच पर अभी घास है लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि जब हम मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेंगे तो पिच पर यह घास नहीं होगी। उन्होंने



कहा, इसलिए हमें इंतजार करना होगा। एक तेज गेंदबाज होने के नाते हमें हर तरह की परिस्थितियों में अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहना होगा। अगर स्विंग मिलता है तो यह शानदार होगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें तब भी अपनी भूमिका निभानी होगी। एंडरसन ने कहा कि उन्होंने गुलाबी एसजी गेंद से नेट सत्र के दौरान गेंदबाजी की और उन्हें लगता है कि यह लाल एसजी गेंद की तुलना में अधिक स्विंग करती है। उन्होंने कहा, यह भारत में गुलाबी गेंद से दूसरा और फरवरी में पहला टेस्ट मैच होगा। इसलिए हम नहीं जानते कि यह कैसे व्यवहार करेगी। एंडरसन ने इसके साथ ही इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की रोटेशन नीति का बचाव करते हुए आलोचकों से टीम के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए इसकी व्यापक तस्वीर पर गौर करने का आग्रह किया। इंग्लैंड ने रोटेशन नीति के चलते जॉनी बेयरस्टॉ और मार्क वुड को भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से बाहर रखा और अब आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए उनकी वापसी हुई है। विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर पहले टेस्ट मैच के बाद जबकि आलराउंडर मोईन अली दूसरे मैच के बाद स्वदेश लौट गए। एंडरसन ने कहा, आपको व्यापक तस्वीर पर गौर करना चाहिए।

# अगले महीने रिंग में वापसी करेंगे विजेंदर

एजेंसी। नई दिल्ली

### प्रतिद्वंद्वी की घोषणा जल्द

**भारतीय** पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह कोविड-19 महामारी के कारण एक साल से भी अधिक समय तक बाहर रहने के बाद अगले महीने रिंग में वापसी करेंगे और उनके प्रतिद्वंद्वी की घोषणा जल्द की जाएगी। यह मुकाबला भारत में होगा, लेकिन इसके स्थान का खुलासा बाद में किया जाएगा।

विजेंदर के प्रमोटर्स आईओएस बॉक्सिंग प्रमोशन ने बयान में कहा, प्रमोटर्स उनके प्रतिद्वंद्वी, तिथि और स्थान को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं, लेकिन विजेंदर सिंह पेशेवर मुक्केबाजी में 12-0 (आठ नाकआउट जीत) के अपने अजेय अभियान को आगे बढ़ाने के लिए मार्च में निश्चित तौर पर रिंग में उतरेंगे। इसमें कहा गया है, इस मुकाबले के साथ युवा और प्रतिभाशाली मुक्केबाजों के भी आपस में मुकाबले होंगे। विजेंदर मौजूदा डब्ल्यूबीओ ओरिएंटल और



डब्ल्यूबीओ एशिया पैसेफिक सुपर मिडिलवेट चैंपियन हैं। उन्होंने नवंबर 2019 में अपना आखिरी मुकाबला लड़ा था। यह विजेंदर का भारत में पांचवां मुकाबला होगा। इससे पहले वह नई दिल्ली, मुंबई और जयपुर में मुकाबले लड़ चुके हैं। यह भारतीय पिछले एक महीने से कड़ा अभ्यास कर रहा है और मुकाबले के लिए तैयार है। विजेंदर ने कहा, मैं रिंग में लौटने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं और मुकाबले के लिए खुद को फिट रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। प्रतिद्वंद्वी वास्तव में मायने नहीं रखता है क्योंकि मैं अपने विजय अभियान को आगे बढ़ाने पर ध्यान दे रहा हूं।

## वायरस के डर को भगाकर एक साल में अपनी पहली प्रतियोगिता के लिए तैयार है मैरीकाम

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के डर ने भारतीय मुक्केबाज एम सी मैरीकोम में प्रतिस्पर्धा की तीव्र इच्छा जगा दी है और वह अब पिछले एक साल में अपने पहले टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार हैं।

इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2020 में अधिकतर समय घर में ही अभ्यास किया और डेंगू से उबरने के बाद पिछले महीने ही उन्होंने 15 दिन के लिए बेंगलुरू में शिविर में हिस्सा लिया था। वह पिछले साल जोर्डन में एशियाई क्वालीफायर्स के जरिए टोक्यो ओलंपिक में जगह बनाने के



बाद अब वह स्पेन में बोक्साम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के जरिए पहली बार रिंग में उतरेंगी। यह टूर्नामेंट अगले सप्ताह शुरू होगा। मैरीकोम ने कहा, मैं यात्रा करने से डर रही थी और मैं बेहद सतर्क और चिंतित थी लेकिन आप कब तक डरकर जी सकते हो। किसी न किसी मोड़ पर तो इसे रोकना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रामकुमार सिंगापुर ओपन से बाहर



**सिंगापुर।** भारत के रामकुमार रामनाथन सोमवार को यहां अमेरिका के टारो डेनियल के खिलाफ तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हारने से सिंगापुर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। विश्व में 200वीं रैंकिंग के रामकुमार ने पहले दौर का यह मुकाबला दो घंटे छह मिनट में 3-6, 7-6(3), 3-6 से गंवाया। रामकुमार के पास अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ ब्रेक प्वाइंट लेने के दो मौके थे लेकिन वह इनका फायदा नहीं उठा पाए। यह रामकुमार की डेनियल के खिलाफ दो मैचों में दूसरी हार है। इससे पहले वह 2012 में आईटीएफ फ्यूचर्स प्रतियोगिता में भी अमेरिकी खिलाड़ी से हार गए थे। रामकुमार ने युगल में पुरव राजा के साथ मिलकर जोड़ी बनाई है और उनका सामना कोरिया के एस केवोन और जापान के वाइ युचियामा से होगा। रोहन बोपन्ना, जीवन नेदुचेझियन और एन श्रीराम बालाजी भी इस तीन लाख डॉलर इनामी हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के युगल में भाग ले रहे हैं। सभी की निगाहें हालांकि युकी भांबरी पर टिकी रहेंगी जो कि दो साल से भी अधिक समय के बाद प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी कर रहे हैं। वह पहले दौर में आस्ट्रेलिया के मैथ्यू इबडेन से भिड़ेंगे जो आस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल में सामंता स्टोसुर के साथ उप विजेता रहे थे।

### जाल्टन की एसी मिलान पर भारी पड़ी लुकाकु की इंटर मिलान

**मिलान।** रोमेलु लुकाकु के शानदार प्रदर्शन से इंटर मिलान ने रविवार को यहां इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए के महत्वपूर्ण मैच में जाल्टन इब्राहिमोविच की एसी मिलान को 3-0 से हराया। इस मैच से एक महीने पहले लुकाकु और इब्राहिमोविच के बीच तीखी झड़प हुई थी। लुकाकु ने शुरू में लॉटेरो मार्टिनेज को गोल करने में मदद पहुंचाई और फिर 66वें मिनट में इंटर मिलान की तरफ से तीसरा गोल दागा। मार्टिनेज ने दूसरे हाफ के शुरू में अपना दूसरा गोल किया था। इस जीत से इंटर मिलान के 23 मैचों में 53 अंक हो गए हैं और उसने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। वह एसी मिलान से चार अंक आगे हो गया है। रोमा ने एक अन्य मैच में बेनेवेंटो से गोलरहित ड्रा खेला और वह 23 मैचों में 44 अंक के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। एक अन्य मैच में अटलांटा ने नैपोली को 4-2 से हराया जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। नैपोली सातवें स्थान पर खिसक गया है।

### मोनाको से हारकर तीसरे स्थान पर पहुंचा पीएसजी

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को चैंपियन्स लीग में बार्सिलोना को शिकस्त देने के कुछ दिन बाद ही मोनाको से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में तीसरे स्थान पर खिसक गया। चौथे स्थान पर काबिज मोनाको को रविवार को खेले गए मैच में जीत दर्ज करने में खास परेशानी नहीं हुई। यह पिछले 10 मैचों में उसे नौवीं जीत है और वह मौजूदा चैंपियन पीएसजी से केवल दो अंक पीछे रह गया है। पीएसजी शीर्ष पर काबिज लिली से चार अंक पीछे है। लिली ने एक अन्य मैच में लोरिएंट को 4-1 से हराकर पीएसजी पर दबाव बढ़ा दिया। अन्य मैचों में इंग्लैंड के स्ट्राइकर स्टेफी मावडिडी के दो गोल की मदद से मोंटपेलियर ने रेनेस को 2-1 से पराजित किया। लेन्स ने डिजोन पर 2-1 से जीत से पांचवां स्थान हासिल कर लिया है।


### अमेरिका ने ब्राजील को 2-0 से हराया

**ओरलैंडो।** क्रिस्टीन प्रेस और मेगान रैपिनो के गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबॉल टीम ने रविवार को यहां शीबिलीव्स कप में ब्राजील को 2-0 से शिकस्त दी। अमेरिका इस जीत से टूर्नामेंट की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। कनाडा ने एक अन्य मैच में अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। राउंड रोबिन टूर्नामेंट बुधवार को समाप्त होगा जबकि अमेरिका का मुकाबला अर्जेंटीना और कनाडा का ब्राजील से होगा। अमेरिका ने अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं जबकि अर्जेंटीना ने दोनों मैच गंवाए हैं। कनाडा और ब्राजील को एक जीत और एक हार मिली है। पिछले दो विश्वकप का विजेता अमेरिका पिछले 36 मैचों से अजेय है। उसनी अपनी सरजमीं पर पिछले 52 मैचों से कोई मैच नहीं गंवाया है।

### फ्रांस के पांच और रग्बी खिलाड़ी कोरोना वायरस संक्रमित

मार्कोसिस। फ्रांस के पांच और रग्बी खिलाड़ी कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं और स्कॉटलैंड के खिलाफ छह देशों के टूर्नामेंट के मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। टीम ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही टीम में शामिल कोविड-19 संक्रमित खिलाड़ियों की संख्या 10 हो गई है। इससे टीम की लगातार तीसरी दर्ज करने की उम्मीदों को झटका लगा है। रविवार को हुए परीक्षण में सिरिल बेल, पीटो मोवाका, रोमेन ताओफिफेनुआ, चार्ल्स ओलिवोन और ब्राइस डुलिन पॉजिटिव पाए गए।

### मेस्सी के रिकार्ड 506वें मैच में बार्सिलोना ने खेला ड्रा



**बार्सिलोना।** लियोनेल मेस्सी ने अपने रिकार्ड 506वें मैच में गोल दागा लेकिन इसके बावजूद कैडिज ने बार्सिलोना को 1-1 से ड्रा पर रोककर उसकी स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में खिताब की उम्मीदों को करारा झटका दिया। चैंपियन्स लीग में पेरिस सेंट जर्मेन से 4-1 से हार के बाद बार्सिलोना स्पेनिश लीग के मैच में जीत की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन कैडिज को 88वें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे स्थानापन्न अलेक्स फर्नाडिज ने गोल में बदल दिया। मेस्सी ने स्पेनिश लीग में रिकार्ड 506वें मैच में उतरकर 32वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके बार्सिलोना को आगे कर दिया था। इसके बाद भी बार्सिलोना को गोल करने के कई मौके मिले लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना लीग में अभी तीसरे स्थान पर है, लेकिन वह शीर्ष पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से आठ अंक और दूसरे नंबर की टीम रीयाल मैड्रिड से पांच अंक पीछे है। अन्य मैचों में रीयाल सोसिडाड ने अलेक्सांद्र इसाक की हैट्रिक की मदद से एल्वेस को 4-0 से हराया और इस तरह से यूरोपा लीग में मैनचेस्टर यूनाईटेड के हाथों से इसी अंतर से हार के बाद शानदार वापसी की। विल्लारीयाल ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला जबकि हुएस्का ने ग्रेनाडा को 3-2 से हराया।

# मैनचेस्टर सिटी की लगातार 18वीं जीत, टोटैनहैम फिर हारा

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 18वीं जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की जबकि टोटैनहैम को एक और हार का सामना करना पड़ा।

टोटैनहैम ने ठीक तीन महीने पहले सिटी को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन इसके बाद परिस्थितियां बदलती गई। सिटी ने रहीम स्टर्लिंग के गोल की मदद से आर्सनल को 1-0 से हराकर मैनचेस्टर यूनाईटेड और लीस्टर सिटी पर 10 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी को आखिरी हार 26 मैच पहले टोटैनहैम से मिली थी। यह जीत टोटैनहैम का सबसे अच्छा दौर था, लेकिन पिछले छह मैचों में से पांच में उसे हार मिली है जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। उसे पिछले मैच में वेस्ट हैम ने 2-1 से पराजित किया। मैनचेस्टर यूनाईटेड और लीस्टर सिटी ने भी अपने अपने मैच जीते। यूनाईटेड ने न्यूकॉस्टल को 3-1 से हराकर अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा। वह लीस्टर सिटी से गोल अंतर में आगे हैं जिसने एक अन्य मैच में एस्टन विल्ला को 2-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी के 25 मैचों में 59 जबकि यूनाईटेड और लीस्टर सिटी के इतने ही मैचों में 49 अंक हैं। टोटैनहैम पर जीत से वेस्ट हैम चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसके 25 मैचों में 45 अंक हैं जिससे उसने चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें भी जगा दी हैं।

## मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे रग्बी मैच

**सिडनी।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) इस साल न्यू साउथ वेल्स और क्वीन्सलैंड के बीच स्टेट ऑफ ऑरिजिन रग्बी लीग सीरीज के पहले दौर के मैचों की मेजबानी करेगा। एमसीजी पर बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच और अन्य क्रिकेट मैचों का आयोजन किया जाता रहा है, लेकिन आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय रग्बी लीग ने सोमवार को घोषणा की कि इस एतिहासिक मैदान पर नौ और 10 जून को रग्बी मैच खेले जाएंगे। एमसीजी ने पहले भी रग्बी मैचों की मेजबानी की है लेकिन ऐसा आखिरी बार 2018 में हुआ था। राष्ट्रीय रग्बी लीग के प्रमुख एंड्रयू एब्डो ने कहा कि वह कोविड से सुरक्षित वातावरण में टूर्नामेंट का आयोजन कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कहा, हम आस्ट्रेलिया के सबसे खेल ब्रांड को दसवीं बार मेलबर्न ले जाने को लेकर उत्साहित हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफी: गोवा को हराकर गुजरात ने अपनी दूसरी जीत दर्ज की

एजेंसी। सूरत

**मेजबान** गुजरात ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में गोवा को आठ विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। गुजरात ने अपने अभियान की शुरुआत छत्तीसगढ़ के खिलाफ तीन विकेट की जीत के साथ की थी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोवा की टीम 45.4 ओवर में 159 रन पर ढेर हो गई। गुजरात की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर हार्दिक पटेल ने 34 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इसके जवाब में गुजरात ने प्रियांक पांचाल (नाबाद 57) और भार्गव मेराई (55 गेंद में 57 रन) के अर्धशतकों की बदौलत 27.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

### काफी खराब रही पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोवा की शुरुआत

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोवा की शुरुआत खराब रही। अर्जन नगवासवाला (31 रन पर दो विकेट) ने सलामी बल्लेबाज आदित्य कौशिक (04) को पवेलियन भेजा, जबकि हार्दिक ने दूसरे सलामी बल्लेबाज इशान गाडेकर (18) को आउट करके गोवा का स्कोर 41 रन पर दो विकेट किया। गुजरात ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए और गोवा के बल्लेबाजों को टिककर नहीं खेलने दिया। स्नेहल कौथांकर (23) भी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। हार्दिक ने उन्हें पगबाधा आउट किया। कप्तान अमित वर्मा (15) और सुयश प्रभुदेसाई (03) भी जल्दी पवेलियन लौट गए जिससे गोवा का स्कोर पांच विकेट पर 78 रन हो गया। विकेटकीपर केडी एकनाथ ने 62 गेंद में 36 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 120 रन के पार पहुंचाया। अर्जन ने 39वें ओवर में 123 रन के स्कोर पर एकनाथ को आउट करके गोवा को छठा झटका दिया। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे दर्शन मिसल चार चौकों की मदद से 44 रन बनाकर शीर्ष स्कोर रहे और टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

# न्यूजीलैंड ने पहले टी-20 में आस्ट्रेलिया को 53 रन से हराया

एजेंसी। क्राइस्टचर्च

**डेवोन** कॉनवे की 59 गेंदों पर खेली गई 99 रन की धमाकेदार पारी से न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया को 53 रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका में जन्में कॉनवे ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने उस समय क्रीज पर कदम रखा जब न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 11 रन था। उनकी नाबाद पारी से टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की टीम पांच विकेट पर 184 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में आस्ट्रेलिया की टीम 17.3 ओवर में 131 रन पर आउट हो गई। इस तरह से न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त



बनाई। न्यूजीलैंड की तरफ से स्पिनर ईश सोढ़ी ने 28 रन देकर चार विकेट लिए।

कॉनवे न्यूजीलैंड की पारी के आखिरी ओवर से पहले 87 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने पहले एक रन लिया और फिर वह चौका व छक्का जड़कर 98 रन पर पहुंचे। उनके पास आखिरी गेंद पर शतक पूरा करने का मौका था, लेकिन वह एक रन ही ले पाए और इस तरह से अपने पहले सैकड़े से चूक गए। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए। न्यूजीलैंड को शुरू में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज डेनियल सैम्स, झाय रिचर्डसन और केन रिचर्डसन के सामने संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद कॉनवे ने टीम को संभाला। सैम्स ने सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल को पारी की तीसरी गेंद पर आउट कर दिया था और फिर कप्तान केन विलियमसन (12) को चलता किया जबकि झाय रिचर्डसन ने टिम सीफर्ट (एक) को पवेलियन भेजकर स्कोर तीन विकेट पर 19 रन कर दिया। कॉनवे ने ग्लेन फिलिप्स (30) के साथ चौथे विकेट के लिए 74 रन, जिम्मी नीशाम (26) के साथ पांचवें विकेट के लिए 47 रन और मिशेल सैंटनर (सात) के साथ 44 रन की उपयोगी साझेदारियां की।

### शुरू में ही बैकफुट पर चला गया था आस्ट्रेलिया

आस्ट्रेलिया भी शुरू में ही बैकफुट पर चला गया था। उसने कप्तान आरोन फिंच (एक) का विकेट पहले ओवर में और अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे जोश फिलिप (दो) का विकेट दूसरे ओवर में गंवा दिया था जिससे स्कोर दो विकेट पर आठ रन हो गया। कॉनवे ने इन दोनों के कैच लिए। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों टिम साउथी (10 रन देकर दो) और ट्रेंट बोल्ट (22 रन देकर दो) ने गेंद को स्विंग कराया और मैथ्यू वेड (12) को भी आउट किया। नीशाम ने ग्लेन मैक्सवेल (एक) को आते ही पवेलियन भेजकर स्कोर चार विकेट पर 19 रन कर दिया। मिशेल मार्श (45) ने टीम को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन लेग स्पिनर सोढ़ी ने आस्ट्रेलिया के मध्य और निचले क्रम को लड़खड़ा दिया। उन्होंने मार्श, स्टोइनिस (आठ), एस्टन एगर (23) और सैम्स के विकेट लिए।



# नया हो या पुराना हर स्मार्टफोन के लिए जरूरी है ये मोबाइल एसेसरीज

हमारा स्मार्टफोन एक हद तक आज कंप्यूटर वाले सारे काम कर सकता है, लेकिन जैसे कंप्यूटर के रख रखाव और उसकी क्षमता का पूरा इस्तेमाल करने के लिए कुछ साजो सामान की जरूरत पड़ती है वैसे ही स्मार्टफोन के लिए भी अगर आप कुछ जरूरी एसेसरीज लें तो न केवल आप उसका बेहतर इस्तेमाल कर पाएंगे, बल्कि आपके डिवाइस की लाइफ भी बढ़ जाएगी। आज हम बता रहे हैं उन जरूरी मोबाइल एसेसरीज के बारे में जो नए या पुराने किसी भी स्मार्टफोन के साथ आपको इस्तेमाल करनी ही चाहिए।

**एक समय था जब कंप्यूटर तक सीमित लोगों की पहुंच होती थी, लेकिन आज हर किसी की जेब में एक कंप्यूटर है, जिसे हम स्मार्टफोन कहते हैं।**

**स्क्रीन प्रोटेक्टर और मोबाइल केस :** नया फोन किसे अच्छा नहीं लगता, लेकिन और भी अच्छा लगता है जब नया फोन नए जैसा ही रहे। इसके लिए जरूरी है फोन की स्क्रीन और बॉडी को डैमेज होने से बचाना। जो कि आप अपने फोन पर स्क्रीन गार्ड और केस के इस्तेमाल से कर सकते हैं। अब सवाल उठता है कि कौन सा केस और कौन सा स्क्रीन गार्ड? बता दें कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह आपको इसके कई ऑप्शन मिल जाएंगे, लेकिन उनमें से किसी को भी चुनते वक्त कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखें। स्क्रीन को स्क्रैच से बचाने के लिए टेम्पर्ड ग्लास का इस्तेमाल बेहतर रहता है। ये फोन के गिरने पर आपकी स्क्रीन को एक हद तक सुरक्षा तो प्रदान करता ही है साथ ही कीमत में भी सस्ता होता है। बाजार में आपको नॉन ब्रेकेबल स्क्रीन गार्ड का ऑप्शन भी मिल जाएगा, लेकिन टेम्पर्ड ग्लास के मुकाबले महंगे होने के साथ-साथ ये प्लास्टिक का होने की वजह से जल्दी स्क्रैच पकड़ते हैं और गिरने पर फोन की स्क्रीन को भी कोई सुरक्षा प्रदान नहीं करते। फोन का केस भी ऐसा लें जो फोन को चारों ओर से कवर करें और अगर फोन में कैमरा बंप (कैमरे का फोन की बॉडी से उभरा हुआ होना) है तो उसे भी सुरक्षा प्रदान करे।

### पेन ड्राइव और ओटीजी केबल

अब आप सोचेंगे फोन के लिए पेन ड्राइव की क्या जरूरत? दरअसल अब कम ही स्मार्टफोन्स में माइक्रो एसडी कार्ड के लिए जगह देखने को मिलती है, लेकिन अधिक्तर स्मार्टफोन ओटीजी स्पोर्ट के साथ आते हैं। ऐसे में ओटीजी स्पोर्टेड पेन ड्राइव या सामान्य पेन ड्राइव और ओटीजी केबल के साथ आप अपने फोन की स्टोरेज को न केवल बढ़ा सकते हैं बल्कि समय-समय पर फोन का बैकअप लेकर फोन की लाइफ भी बढ़ा सकते हैं।

### पावर बैंक

एंड्रॉयड हो या आईफोन समय के साथ हर फोन की बैटरी कमजोर होती है। ऐसे में अच्छा पावरबैंक आपके काफी काम आ सकता है। इसके चलते आपको किसी भी इमरजेंसी सिच्युएशन में फोन के चार्जिंग की चिंता करने की जरूरत नहीं रहती। बता दें कि शाओमी के पावरबैंक सस्ते और टिकाउ माने जाते हैं।

### ब्लूटूथ इयरफोन/हेडफोन

जिस तरह से स्मार्टफोन्स कंपनियां हेडफोन जैक को बीते कल की बात बनाने पर तुली हैं उस लिहाज से आपके लिए एक ब्लूटूथ इयरफोन/हेडफोन लेना जरूरी हो जाता है। आप 1000 से 1500 रुपये के बीच एक अच्छा ब्लूटूथ हेडफोन या इयरफोन खरीद सकते हैं। जिससे आपके लिए फोन रिसीव करने के अलावा एंटरटेनमेंट कंज्यूम करना भी बेहद आसान हो जाएगा।

# परीक्षा के दौरान एग्जाम स्ट्रेस को कुछ इस तरह करें दूर

परीक्षा के दिन बच्चों के लिए सबसे अधिक तनावपूर्ण होते हैं। बच्चे कितना भी चाहें, लेकिन फिर भी वह परीक्षा के स्ट्रेस को खुद से दूर नहीं रख पाते। कुछ बच्चों का तनाव इस हद तक बढ़ जाता है कि वह अपनी पढ़ाई में भी ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते, जिससे उनकी परीक्षाएं प्रभावित होती हैं। कई बार तो यह स्ट्रेस उनके मानसिक ही नहीं, शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। हालांकि अगर आप बच्चों को परीक्षा के दिनों में स्ट्रेस फ्री रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपना सकते हैं।

**परीक्षा के दिनों पर बच्चों के मन में तनाव का एक मुख्य कारण हरदम पढ़ाई की बात करना होता है। दरअसल, एक ओर बच्चे पहले ही पढ़ाई को लेकर चिंतित रहते हैं, वहीं दूसरी ओर घर का माहौल भी कुछ ऐसा होता है, जिससे बच्चे का तनाव बढ़ता जाता है।**

### सिर्फ पढ़ाई नहीं

परीक्षा के दिनों पर बच्चों के मन में तनाव का एक मुख्य कारण हरदम पढ़ाई की बात करना होता है। दरअसल, एक ओर बच्चे पहले ही पढ़ाई को लेकर चिंतित रहते हैं, वहीं दूसरी ओर घर का माहौल भी कुछ ऐसा होता है, जिससे बच्चे का तनाव बढ़ता जाता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप बच्चे से हरदम पढ़ाई की ही बात न करें, बल्कि उसके साथ थोड़ी देर टहलें या फिर खेलें। अन्य एक्टिविटी करने से बच्चे का मूड फ्रेश होता है, जिससे वह बेहतर तरीके से परफॉर्म करते हैं।



### बनाएं स्टडी प्लॉन

अमूमन माता-पिता बच्चों से सिर्फ पढ़ाई की ही बात करते हैं, जिससे बच्चा परेशान हो जाता है। यकीनन इस समय बच्चों को अतिरिक्त पढ़ाई करने की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आप एक स्टडी प्लॉन बनाएं। मसलन, बच्चा पूरे दिन में कितनी देर पढ़ाई करेगा और उसके कितनी देर का ब्रेक लेना है। एक बार में वह कितने पार्ट को कवर करेगा, इन सब की प्लानिंग पहले ही कर लें। इस तरह जब आप पहले से ही सारी प्लानिंग कर लेंगी तो इससे बच्चों का भी तनाव कम होगा।

### खानपान

परीक्षा के दिनों में बच्चों का खानपान भी काफी अहम होता है। इस दौरान बच्चों को अतिरिक्त भूख लगती है। लेकिन आप बच्चों को हैवी या तला हुआ फूड खिलाने की जगह थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ न कुछ खाने को दें। साथ ही लिथ्विड की मात्रा अधिक रखें और उसे हेल्दी स्नैक्स जैसे रोस्टेड बादाम या मखाना आदि दें। यह बच्चे को लंबे समय तक फुल रखेंगे और उनका एनर्जी लेवल बनाए रखेंगे। इतना ही नहीं, उनका संतुलित खान-पान बच्चों के तनाव को दूर करता है।

### करें रिलेक्स

अगर बच्चा पढ़ाई को लेकर अतिरिक्त तनाव में है तो आप उनके साथ मिलकर कुछ रिलेक्सेशन एक्टिविटी कर सकते हैं। जैसे डीप ब्रीदिंग, मेडिटेशन, करें। इसके अलावा आप कुछ देर उन्हें जो पसंद हो, वह जरूर करने दें। भले ही वह म्यूजिक सुनना हो या फिर कोई गेम खेलना। दरअसल, इस तरह की एक्टिविटी बच्चे के लिए स्ट्रेस बस्टर की तरह काम करती है।

# ऑफिस में इन पांच चीजों को करें इग्नोर

**अक्सर कुछ ऐसी बातें या कुछ मैटर होते रहते हैं ऑफिस में जिस पर आपका ध्यान जाता रहता है, लेकिन आप इन चीजों को इग्नोर करें।**

अक्सर कुछ ऐसी बातें या कुछ मैटर होते रहते हैं। ऑफिस में जिस पर आपका ध्यान जाता रहता है, लेकिन आप इन चीजों को इग्नोर करें। क्योंकि ऐसी चीजें आपका ध्यान काम से भटकाती हैं और काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। ऑफिस में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो आपको पीछे करना चाहते हैं और अगर आप आगे बढ़ रहे हैं तो वो आपसे आगे निकलने की होड़ में आपको दूसरों की नजरों में गिरा भी सकते हैं। लेकिन कुछ ऐसी बातें हैं जिन्हें आपको वर्किंग प्लेस पर इग्नोर करना चाहिए यही आपके लिए बेहतर होगा।

### किसी के दबाव में काम न करें

कभी भी किसी के दबाव में आकर कोई काम न करें। अक्सर कुछ सीनियर आपको जबरदस्ती कहते हैं ये काम करो लेकिन अगर वो काम आपका है ही नहीं तो सीधा मना करें, लेकिन वो भी सलीके से ताकि सामने वाले को बुरा भी न लगे। अक्सर कुछ बॉस आप पर दबाव बनाना चाहते हैं, लेकिन फिर भी आप उनकी बातों को इग्नोर करें आपना काम करें ऐसा करें कि आपके काम को लेकर कोई आपर अंगुली न उठा सके।

### दूसरे की गॉसिप से दूर रहें

अक्सर कुछ लोग दूसरों की बातें करते हैं उन्हें दूसरों की गॉसिप्स में बड़ा मजा आता है, लेकिन ये चीजें आपको भारी पड़ सकती हैं और आपकी जॉब पर भी खतरा पड़ सकता है। क्योंकि कब कौन आपकी बातें कहां पहुंचा दें ये कोई जानता और कब आपकी कही हुई बात आप पर ही भारी पड़ जाए तो सावधान रहें।

### स्मार्ट वर्क

मेहनत तो बहुत लोग करते हैं, लेकिन आपको स्मार्ट वर्क करना चाहिए ताकि लोग आपके काम की तारीफ करें उसकी सराहना करें। मेहनत तो हर कोई करता है, जो पैसे कमाना चाहता हैं ऑफिस में भी कुछ लोग लगे रहते हैं इसी तरह लेकिन अगर आप स्मार्टनेस के साथ काम करेंगे, तो लोग आपके काम को देखेंगे ये नहीं कि आपने कितने घंटे दिए हैं ऑफिस में इसलिए स्मार्ट वर्क पर ज्यादा ध्यान दें फालतू की मेहनत को इग्नोर करें।



### दूसरों के काम में न पड़ें

हमेशा एक बात का ध्यान रखें कि कभी भी दूसरों के काम में ज्यादा अंगुली न करें। उसकी मदद करना अलग बात होती है, लेकिन उसके काम में पड़ना अलग बात होती है। क्योंकि कई बार ऐसा भी होता कोई गलती हो जाती है, तो सामने वाला आप पर ही इल्जाम लगा सकता है कि आपने मेरा काम बिगाड़ा। इसलिए कोशिश करें कि आपको जो काम दिया जाए जो काम असाइन किया जाए वहीं करें।

### दूसरों की बातों को इग्नोर करें

यहां पर दूसरों की बातों को इग्नोर करने का मतलब ये है कि लोग आपके बारें में क्या कह रहें हैं ये क्या सोच रहें हैं इससे आपको कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग आपके बारे में बहुत कुछ बोलते हैं अगर आप उन पर ध्यान देंगे तो आप अपने काम में मन नहीं लगा पाएंगे इसलिए सिर्फ अपना काम करें, लेकिन साथ ही ऐसा काम करें कि लोगों को आपके बारें में कुछ बोलने का मौका ही न मिले।

# एग्रीकल्चर में भी है कॅरियर



आमतौर पर युवा मानते हैं कि कृषि के क्षेत्र में कॅरियर का कोई स्कोप नहीं है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। कृषि सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और देश भर में रोजगार का एक अच्छा स्रोत है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की भी अहम भूमिका है और इसलिए इस क्षेत्र में कॅरियर की कई संभावनाएं देखी जा सकती हैं।

एग्रीकल्चर साइंस एक मल्टीडिसिप्लनरी फील्ड है, जिसमें विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक, तकनीकी और व्यावसायिक विषय शामिल हैं। यह कृषि-खाद्य उद्योग और गुणवत्तापूर्ण भोजन के कुशल उत्पादन को बढ़ावा देता है। कृषि क्षेत्र में बागवानी, खेत प्रबंधन, व्यवसाय और उद्योग शामिल हैं, जो कृषि उत्पादों की खरीद और प्रक्रिया करते हैं, कृषि मशीनरी, बैंकिंग गतिविधियों का निर्माण करते हैं, गुणवत्ता और कृषि उत्पादों की मात्रा में सुधार के लिए रिसर्च आदि करते हैं। अगर आप भी खेती से जुड़ी बारीकियों को जानना चाहते हैं और बेहतर उत्पादन के जरिए देश की सेवा करना चाहते हैं, तो एग्रीकल्चर में कॅरियर बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं विस्तार से इसके बारे में।

**एग्रीकल्चर साइंस एक मल्टीडिसिप्लनरी फील्ड है, जिसमें विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक, तकनीकी और व्यावसायिक विषय शामिल हैं। यह कृषि-खाद्य उद्योग और गुणवत्तापूर्ण भोजन के कुशल उत्पादन को बढ़ावा देता है।**

### कोर्स और योग्यता

एग्रीकल्चर फील्ड में प्रोफेशनली कदम रखने के लिए आपको इस क्षेत्र से संबंधित कोर्स करना होगा। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए छात्र विभिन्न तरह के कोर्स कर सकते हैं। इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर आप डिप्लोमा, बैचलर व मास्टर कोर्स कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आप एग्रीकल्चर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषिविज्ञान, बागवानी, फ्लोरीकल्चर, कृषि अर्थशास्त्र, फॉरेस्टी, एग्रीकल्चर जेनेटिक्स, हीड्रोपोनिक्स, वीड साइंस, कृषि एंटोमोलॉजी, कृषि माइक्रोबायोलॉजी, सॉइल साइंस और कृषि रसायन आदि में स्पेशलाइजेशन भी कर सकते हैं। इस क्षेत्र में बैचलर कोर्स में दाखिला लेने के लिए छात्रों को किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या बोर्ड से जीव विज्ञान, गणित और भौतिकी विषयों के साथ 12वीं में पास होना अनिवार्य है।

### एडमिशन

छात्र राष्ट्रीय, राज्य और विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार अपनी 12वीं की शिक्षा पूरी करने के बाद इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि कुछ कॉलेज योग्यता परीक्षा की मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश भी देते हैं।

### कॅरियर स्कोप

वर्तमान में, कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवर की मांग अधिक है।. कृषि क्षेत्र में कोर्स करने के बाद, आप सरकारी के साथ-साथ निजी संगठनों में भी नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि स्नातक उम्मीदवारों के लिए नौकरी के विभिन्न अवसर उपलब्ध हैं। एग्रीकल्चर की पढ़ाई करने के बाद आप बागवानी, डेयरी और पोल्ट्री फार्मिंग में नौकरी के अवसर प्रदान करते हैं। इस क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में स्नातक पूरा करने और कुछ अनुभव के बाद, आप अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं, जैसे कृषि फर्म, कृषि उत्पाद की दुकान, कृषि उद्योग, आदि। एग्रीकल्चर में स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी करने के बाद, आप पर्यवेक्षक, वितरक, शोधकर्ता और इंजीनियर के रूप में काम कर सकते हैं।

### वेतन और पे-स्केल

एग्रीकल्चर क्षेत्र स्मार्ट और मेहनती लोगों को एक अच्छा वेतन पैकेज देता है। भारत में कई सरकारी और निजी उद्योग कृषि इच्छुक लोगों को अच्छे वेतन पैकेज प्रदान करते हैं। बीएससी (कृषि) स्नातक के रूप में, आप आसानी से भारत में प्रति वर्ष लगभग 3 से 4 लाख कमा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
- पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लुधियाना
- अमृतसर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, अमृतसर
- देश भगत यूनिवर्सिटी, पंजाब
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, कृषि विद्यालय, नई दिल्ली